www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 22 अक्टूबर, 2023

वर्ष – 16 | अंक –197 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



साहित्य
अहसास पृष्ठ 06
कुछ पुरुष पर्याप्त शुक्राणु क्यों पैदा नहीं करते हैं पृष्ठ 10

मप्र विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार तय पृष्ठ 02

■ महिलाओं को समर्पित होगा संग्रहालय : सक्सेना
■ हरदयाल म्युनिसिपल पब्लिक लाइब्रेरी की प्रबंधन... 03

■ राहत सामग्री से भरे 20 ट्रक गाजा पहुंचे
■ चीन में महिलाओं की स्थिति लगातार बेहतर हुई 07


मध्य प्रदेश में भाजपा की पांचवीं सूची जारी

# कैलाश विजयवर्गीय के बेटे का टिकट कटा

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के लिए 92 उम्मीदवारों की अपनी पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय का टिकट काट कर इंदौर-3 विधान सभा सीट से राकेश गोलू शुक्ला को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी द्वारा कैलाश विजयवर्गीय को विधान सभा चुनाव में उतारने के साथ ही यह तय माना जा रहा था कि एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट देने के नियम का पालन करते हुए पार्टी इस बार उनके बेटे का टिकट काट सकती है।



शनिवार को जारी उम्मीदवारों की अपनी पांचवी लिस्ट में भाजपा ने शिवपुरी से देवेंद्र कुमार जैन, ग्वालियर पूर्व से माया सिंह, ग्वालियर दक्षिण से नारायण सिंह कुशवाह, कोलारस से महेंद्र यादव, टीकमगढ़ से राकेश गिरी, दमोह से जयंत मलैया,



- इंदौर-3 से राकेश शुक्ला को उम्मीदवार बनाया
- पांचवी सूची में 92 उम्मीदवारों के हैं नाम
- ग्वालियर पूर्व से माया सिंह को टिकट

सिंगरौली से रामनिवास शाह, होशंगाबाद से सीतासरन शर्मा, भोपाल दक्षिण पश्चिम से भगवान दास सबनानी, राजगढ़ से अमर सिंह यादव और इंदौर-5 से महेंद्र हार्डिया सहित 92 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। बीजेपी की ओर से जारी इस सूची में कुल 12 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया गया है।

### अब सिर्फ 2 उम्मीदवारों का ऐलान बाकी

भाजपा ने मध्य प्रदेश के लिए अपने पांचों लिस्ट को मिलाकर 228 उम्मीदवारों के नाम अब तक घोषित कर दिए हैं। पार्टी को मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधान सभा के लिए अब सिर्फ 2 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान करना बाकी है।

राजस्थान में कांग्रेस, भाजपा की सूची भी जारी

## अशोक गहलोत सरदारपुरा, वसुंधरा झालरापाटन से लड़ेंगी चुनाव

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार 21 अक्टूबर को राजस्थान के लिए 83 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी की। इसके कुछ देर बाद कांग्रेस ने 33 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। वसुंधरा राजे झालरापाटन से ही चुनाव लड़ेंगी, वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल गई है। उन्हें चूरू की बजाय तारानगर से टिकट दिया गया है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा ने उदयपुर के पूर्व राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया है।



- कांग्रेस की पहली सूची में 33, भाजपा की दूसरी सूची में 83 प्रत्याशी घोषित

वे कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने नाथद्वारा से मौजूदा विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी को उतारा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरदारपुरा और सचिन पायलट को टोंक से टिकट मिला है। पायलट फिलहाल टोंक से ही विधायक हैं।

**राजस्थान कांग्रेस के 33 नामों में 32 पुराने**

कांग्रेस पार्टी की सूची में शामिल 33 नामों में 32 उम्मीदवार पुराने नाम वाले हैं। ललित यादव को पार्टी ने मुंडावर सीट से मैदान में उतारा है। उन्होंने पिछला चुनाव बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की टिकट पर लड़ा था। कांग्रेस की पहली सूची में सचिन पायलट गुट के चार नेताओं को टिकट दिया गया है।

**शिवराज सरकार के 5 मंत्रियों को भी मिला टिकट**

पांचवीं सूची में शिवराज सरकार के पांच मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इन मंत्रियों में महेंद्र सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह परमार, उषा ठाकुर, ब्रजेंद्र सिंह यादव, सुरेश धाकड़ का नाम शामिल है। मध्य प्रदेश में महेंद्र सिंह सिसोदिया की गिनती केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों में होती है। महेंद्र सिंह भी कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए थे।

## गगनयान के क्रू एस्केप मॉड्यूल का परीक्षण सफल

**श्रीहरिकोटा,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने शनिवार को गगनयान मिशन के क्रू एस्केप सिस्टम का सफलापूर्वक परीक्षण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10 बजे इसे लॉन्च किया गया था। इसे टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) नाम दिया गया। ये मिशन 8.8 मिनट का था। इस मिशन में 17 किमी ऊपर जाने के बाद सतीश धवन स्पेस सेंटर से 10 किमी दूर बंगाल की खाड़ी में क्रू मॉड्यूल को उतारा गया। रॉकेट में गड़बड़ी होने पर अंदर मौजूद एस्ट्रोनॉट को पृथ्वी पर सुरक्षित लाने वाले सिस्टम की टेस्टिंग की गई।

**पहले दो बार टला था मिशन**

इससे पहले आज ही दो बार मिशन को टाला गया था। इसे 8 बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन मौसम ठीक नहीं होने कारण इसका टाइम बदलकर 8.45 किया गया। फिर लॉन्चिंग से 5 सेकेंड पहले इंजन फायर नहीं हो पाए और मिशन टल गया। इसरो ने कुछ देर बाद गड़बड़ी ठीक कर ली।



- रॉकेट से 17 किमी ऊपर भेजा गया
- 8 मिनट बाद बंगाल की खाड़ी में गिरा

**मोदी, खड़गे ने इसरो को बधाई दी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को गगनयान परीक्षण उड़ान मिशन की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की टीम को बधाई दी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह प्रक्षेपण हमें भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान को साकार करने के एक कदम और करीब ले जाता है। इसरो में हमारे वैज्ञानिकों को मेरी शुभकामनाएं।



फिर बढ़ने लगा स्मॉग का खतरा

## राजधानी में अगले 5 दिन खराब रहेगी हवा

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में ठंड बढ़ने के साथ अब वहां स्मॉग का खतरा बढ़ने वाला है। अगले दो दिन तक सुबह के समय हल्की धुंध नजर आ सकती है। 23 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर के इलाकों पर एक ताजा सिस्टम का प्रभाव दिखेगा।

हवा का रफ्तार कम होने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ेगा। मौसम विभाग ने कहा है हवा की दिशा बदलने और रफ्तार कम होने के चलते अगले 4-5 दिनों के बीच एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 के पार यानी हवा खराब श्रेणी में रह सकती है। इसी के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने अगले सप्ताह प्रदूषण स्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 के तहत प्रतिबंध लागू किए हैं। शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 दर्ज किया गया, जोकि खराब श्रेणी है। सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई।

- हवा की रफ्तार कम होने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ेगा

## 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में निशिकांत व महुआ में छिड़ी लड़ाई

■ दुबे बोले, महुआ की संसदीय आईडी दुबई से खोली गई थी ■ महुआ मोइत्रा ने कई पोस्ट जारी कर दुबे के दावों को दी चुनौती

**कोलकाता,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाल ही में हुए 'कैश फॉर क्वेरी' विवाद को लेकर भाजपा के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे और तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के बीच शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ताजा लड़ाई छिड़ गई, जिसने राजनीतिक हलकों को हिलाकर रख दिया है। दुबे ने शनिवार की सुबह महुआ मोइत्रा का नाम लिए बिना एक्स पर लिखकर दावा किया कि सांसद की संसदीय आईडी दुबई से खोली गई थी, जब संबंधित सांसद भारत में थीं। उन्होंने कहा, एक सांसद ने चंद पैसों के लिए देश की सुरक्षा गिरवी रख दी। संसद की आईडी दुबई से खोली गई, उस समय वह सांसद भारत में थीं। एनआईसी ने इसकी जानकारी जांच एजेंसी को दी।

**लीक के लिए फर्जी डिग्री वाले का उपयोग न करें**

इसके कुछ ही घंटों बाद महुआ मोइत्रा ने कई पोस्ट जारी कर दुबे के दावों को चुनौती दी और एनआईसी से मामले में संबंधित विवरण जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, एनआईसी से अनुरोध है कि कृपया सांसदों के



सभी विवरण सार्वजनिक रूप से जारी करें, ताकि यह दिखाया जा सके कि वे उस स्थान पर शारीरिक रूप से मौजूद थे जहां से उनके पीए और शोधकर्ताओं/प्रशिक्षुओं/कर्मचारियों द्वारा आईडी तक पहुंच बनाई गई थी। लीक के लिए फर्जी डिग्री वाले का उपयोग न करें, इसे अभी सार्वजनिक करें। पश्चिम बंगाल के नादिया में कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल सांसद ने यह भी दावा किया कि वह इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जाने वाली छापेमारी से अवगत हैं। उन्होंने अपने पत्र में कहा, सीबीआई की आसन्न छापेमारी के बारे में भी संदेश मिला। मैं दुर्गा पूजा में व्यस्त हूं। मैं सीबीआई को घर आने और मेरे जूतों की जोड़ी गिनने के लिए आमंत्रित करती हूं। लेकिन पहले कृपया अडानी द्वारा भारतीयों से चुराए गए 13,000 करोड़ एफआईआर दर्ज करें।

दानिश ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

### संसदीय प्रक्रियाओं के उल्लंघन का मामला उठाया

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी नेता दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रमेश बिधूड़ी की उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर लगे आरोप के मामलों में अलग-अलग मापदंड अपनाए गए हैं जो संसदीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन है। अमरोहा के सांसद श्री अली ने आज श्री बिरला को एक पत्र लिखकर संसदीय परंपराओं के उल्लंघन का मामला उठाते हुए अपने विशेषाधिकारों की सुरक्षा के लिए आग्रह किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि आचार समिति के प्रमुख विनोद कुमार सोनकर ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के मामले में सार्वजनिक रूप से बयान देकर नियम 275 का उल्लंघन किया है।

## लंबित मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में 50 साल से अधिक समय से लंबित मुकदमेबाजी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक देरी के कारण जनता का न्याय वितरण प्रणाली से मोहभंग हो रहा है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) से डेटा निकाला और पाया कि देश का सबसे पुराना सिविल मामला 1952 से पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में लंबित है। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र में विभिन्न मजिस्ट्रेट अदालतों में लंबित शीर्ष तीन आपराधिक मामले 1961 और उससे भी पहले के हैं। इसमें कहा गया है कि कानून में कई खामियां, अनावश्यक और बड़ी कागजी कार्रवाई, गवाहों की अनुपस्थिति, बिना किसी उचित कारण के स्थगन मांगा और दिया गया, समन की सेवा में देरी, नागरिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के प्रावधानों के कार्यान्वयन की कमी और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) देरी का प्रमुख कारण है।



- देश का सबसे पुराना सिविल मामला 1952 से अदालत में है लंबित

**सक्रिय कदम उठाने की जरूरत**

सुप्रीम कोर्ट ने लंबित मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करने की बात कही। कोर्ट ने कहा, न केवल सभी स्तरों पर लंबित मामलों के विशाल ढेर को निपटाने के लिए सक्रिय कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है, बल्कि वादी जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी हितधारकों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। भारत में लगभग 6 प्रतिशत आबादी मुकदमेबाजी से प्रभावित है और अदालतें कानून के शासन द्वारा शासित राष्ट्र के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वादी जनता या बार के सदस्यों या न्याय देने की प्रक्रिया से जुड़े किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह से उक्त प्रक्रिया में देरी करके न्यायिक प्रक्रियाओं को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## कांग्रेस ने सीएजी अधिकारियों के तबादले की आलोचना की

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर संस्थानों का गला घोंटने की आदत डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) के अधिकारियों का तबादला किया गया। पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, सीएजी इस शासन के तहत रिपोर्ट नहीं लाती है। हमने 2023 में केवल 14 रिपोर्टें देखी हैं।



- मोदी सरकार पर संस्थानों का गला घोंटने की आदत डालने का आरोप लगाया

भारतमाला परियोजना, आयुष्मान भारत परियोजना और अन्य परियोजनाओं पर कुछ बहुत ही चौंकाने वाले भ्रष्टाचार के मामले सामने आए। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 साल पहले हमने देखा था कि कैसे तत्कालीन सीएजी प्रमुख विनोद राय ड्राफ्ट रिपोर्ट मीडिया में लीक कर देते थे और रामलीला मैदान में गतिविधियां देखने को मिलती थीं। उन रिपोर्टों के आधार पर उन्होंने नाटक करके पूरे देश को फंसा दिया और मीडिया ने इसे एक जन आंदोलन कहा। भ्रष्टाचार के ये सभी आरोप सीएजी रिपोर्ट पर आधारित थे। ये सभी रिपोर्ट और मामले पिछले 10 सालों में बेबुनियाद साबित हुए।

## गाजा में युद्ध अपराध हो रहा : जॉर्डन किंग

**काहिरा,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल-हमास जंग रुकवाने के लिए मिस्र में बैठक हुई। इसमें कतर, यूएई, इटली, स्पेन, ग्रीस, कनाडा और यूरोपियन काउंसिल समेत 10 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। ये बैठक मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी के नेतृत्व में हुई। इसमें पश्चिम पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया गया। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने काहिरा शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने ने फिलिस्तीनियों की मौत पर पश्चिमी देशों की चुप्पी की निंदा की। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनियों को बेघर करना पूरी अरब दुनिया के लिए चिंता की बात है। गाजा पर लगातार बमबारी क्रूर है। यह युद्ध अपराध है।

- मिस्र का आरोप, पश्चिम दोहरे मापदंड अपना रहा

राजनीति | एडीआर व तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

## तेलंगाना में 118 में से 72 विधायकों पर आपराधिक आरोप

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना के 118 विधायकों में से 72 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि 46 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं। शनिवार को जारी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के 101 विधायकों में से 59 यानी 58 प्रतिशत पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और तेलंगाना इलेक्शन वॉच ने प्रकाशित की।**

जिसमें 119 मौजूदा विधायकों में से 118 के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों का विश्लेषण किया गया था। वर्तमान विधानसभा में एक निर्वाचन क्षेत्र सिकंदराबाद कैंट रिक्त है। यह विश्लेषण 2018 के विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए उप-चुनावों से पहले उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए गए हलफनामों पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्लेषण किए गए 118 मौजूदा विधायकों में से 72 (61 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 46 (39 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। सात विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए हैं और चार विधायकों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले घोषित किए हैं।





- सात विधायकों ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए

**बीआरएस के 59 विधायकों पर आपराधिक मामले**

रिपोर्ट में कहा गया है, चार मौजूदा विधायकों में से एक विधायक ने आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार से संबंधित मामला घोषित किया था। इसके अलावा सत्तारूढ़ बीआरएस के 101 विधायकों में से 59 (58 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। जबकि, एआईएमआईएम के 7 में से 6 (86 फीसदी), कांग्रेस के 6 में से 4, बीजेपी के 2 विधायक और 2 निर्दलीय विधायकों में से 1 ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सत्तारूढ़ बीआरएस के 101 विधायकों में से 38 ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

## सार संक्षेप

### राजनाथ ने सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को यहां भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य नाटक, कहानी, प्रदर्शनी, बातचीत, कला और नृत्य के माध्यम से सदियों से विकसित भारत की समृद्ध सैन्य संस्कृति और विरासत का जश्न मनाना है। यह महोत्सव प्रख्यात विद्वानों और सेवारत तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा पैनल चर्चा के माध्यम से अलग अलग समझ और दृष्टिकोण को लोगों के समक्ष लाने का माध्यम है।

### करीब 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देने की मांग



**नई दिल्ली।** पुलिस के स्मृति दिवस पर दिल्ली पुलिस सेवानिवृत्त अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि देश भर में सीमाओं पर और मानवता की सेवा के लिए अपनी जान गवाने वाले पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के करीब 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देते हुए उनके परिजनों को वे सभी सुविधाएं मिले जो भारतीय फ़ौज के शहीद के परिजनों का दिया जाता है।

### 'धूम्रपान चेतावनी संबंधी नियमों के उल्लंघन होगी कार्रवाई'



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि ओटीटी स्ट्रीमिंग सेवाओं पर धूम्रपान चेतावनी संबंधी नियमों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है और नियम का अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता वाला मुद्दा मानते हुए केंद्र सरकार ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद फिल्म नियमों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी बढ़ा दिया है।

### एक टन से ज्यादा अवैध पटाखे जब्त दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ, दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बैन पटाखों का कारोबार करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया और 1104 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद करने का दावा किया। आरोपियों की पहचान रोशनआरा रोड निवासी सौरभ (25) और गोपालपुर निवासी रामप्रकाश (35) के रूप में हुई।

### फर्जी वोटर आईडी घोटाले में 3 लोग हिरासत में

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने फर्जी मतदाता पहचान पत्र घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

# देश

उवाच

"भाजपा झूठे वादों के साथ 2014 में सत्ता में आई थी और भाजपा लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। केंद्र व राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार है लेकिन वह आरक्षण के मुद्दे पर केवल खोखले वादे कर रही है।

–नाना पटोले, एमपीसीसी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 21.0 |
| मुंबई | 35.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# मप्र विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार तय

## चुनाव प्रचार में जोर आजमाइश कर रहे तमाम राजनीतिक दल



■ विधानसभा चुनाव के एलान के बाद राज्य में चुनावी सरगर्मी जोरों पर

**भोपाल,**21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के एलान के बाद राज्य में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। तमाम सियासी दल चुनाव प्रचार में जोर आजमाइश कर रहे हैं। उधर विधानसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया 21 अक्तूबर से शुरू हो गई। अब तक भाजपा ने राज्य की 228 और कांग्रेस ने 229 सीटों के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं। इन सीटों पर राज्य के दो बड़े दलों भाजपा और कांग्रेस ने किसे कहां से उतारा है, इस पर सभी की नजर है। राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी सीट से मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस के दिग्गज और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 92 उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अभी भी दो सीट गुना और विदिशा सीट पर किसी प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया है। भाजपा अब तक 228 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। पार्टी ने 6 मंत्रियों के टिकट दिया है। जबकि 3 मंत्री ओपीएस भदौरिया, यशोधरा राजे सिंधिया और गौरीशंकर बिसेन के नाम इस सूची में नहीं हैं। बिसेन की जगह उनकी बेटी मौसम बिसेन को टिकट दिया गया है। पांचवी लिस्ट में मौजूदा 67 विधायकों में से 37 को फिर से मौका मिला है, जबकि 3 मंत्रियों समेत 29 विधायकों के टिकट काटे गए हैं। इस लिस्ट में 12 महिलाओं को टिकट दिया है। पार्टी 228 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। सिर्फ गुना और विदिशा होल्ड पर है। गुना से भाजपा के गोपीलाल जाटव विधायक हैं, वहीं विदिशा से कांग्रेस के शशांक भार्गव विधायक हैं। डॉ.अंबेडकर नगर महू सीट से मंत्री उषा ठाकुर फिर मैदान में हैं।

पार्टी ने बुरहानपुर सीट से पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस को मैदान में उतारा है। जबकि पूर्व मंत्री माया सिंह को ग्वालियर को फिर टिकट दिया है। जोबट में विधायक सुलोचना रावत की जगह उनके बेटे विशाल रावत को टिकट दिया। बड़वाह से कांग्रेस के वर्तमान विधायक सचिन बिरला को टिकट दिया। वे हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे। धार से वर्तमान विधायक नीना विक्रम वर्मा और दमोह से पूर्व विधायक जयंत मलैया को टिकट दिया है। जबकि उज्जैन से पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय को आलोट सीट से टिकट मिला है। होशंगाबाद से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा को टिकट। कांग्रेस ने इस सीट से उनके भाई गिरिजाशंकर शर्मा को उतारा है। पार्टी ने नागौद से पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वे पहली बार 1977 में इसी सीट से विधायक बने थे। दमोह सीट से फिर पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया फिर मैदान में हैं। 2018 का चुनाव मलैया कांग्रेस के राहुल लोधी से हार गए थे। गुढ़ सीट पर पार्टी ने वर्तमान 75 वर्षीय विधायक नागेंद्र सिंह फिर भरोसा जताया है। भाजपा ने सेमरिया से वर्तमान विधायक केपी त्रिपाठी पर ही भरोसा दिखाया है। इधर, भाजपा ने अनारक्षित सीट मनगवां पर नया प्रयोग किया है। पार्टी ने नरेंद्र प्रजापति पर दांव चला है।

यहां से पार्टी ने पंचूलाल प्रजापति का टिकट काट दिया है। भाजपा ने त्योंथर सीट से सिद्धार्थ तिवारी को मैदान में उतारा है। तिवारी हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। सिद्धार्थ तिवारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी के पोते हैं। भाजपा ने भिंड की मेहगांव सीट से मौजूदा विधायक और नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया का टिकट काट दिया है।

### 230 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए शनिवार से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 30 अक्टूबर नामांकन फार्म भरने की अंतिम तारीख रहेगी। नामांकन की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख दो नवंबर है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना तीन दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति को पांच हजार रुपये जमानत राशि जमा करना होगा। नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ चार व्यक्ति ही रिटर्निंग आफिसर (आरओ) के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। केवल तीन वाहनों को ही 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगी। दोपहर तीन बजे के बाद कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## भाजपा से दोस्ती की कोई बात नहीं की : नीतीश

**पटना,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोतिहारी के महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाजपा से दोस्ती से संबंधित दिए गए बयान से पलटते हुए कहा कि हम ऐसा क्यों कहेंगे। उन्होंने मीडिया को कोसते हुए कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से प्रकाशित किया गया। पटना में शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भाजपा से दोस्ती की कोई बात ही नहीं की थी। उनके बयान का गलत मतलब निकाल लिया गया। नीतीश कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि वे काम याद रखने की बात कर रहे थे, कितना काम हुआ है ये याद रखना, यही हम बोले थे।

नीतीश ने मीडिया पर भड़ास निकालते हुए यहां तक कह दिया कि आज तो वे मीडिया से बात कर ले रहे हैं। लेकिन, आगे से मीडिया से बात ही नहीं करेंगे। सब गलत चला रहा है। हम तो मोतिहारी में कह रहे थे कि यहां जो सेंट्रल यूनिवर्सिटी खुला है, उसमें राज्य सरकार का कितना योगदान है। लोगों को इसे भूलना नहीं चाहिए। मुख्यंमत्री नीतीश कुमार से जब भाजपा के नेता सुशील मोदी के एक बयान को लेकर पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि सुशील मोदी को डिप्टी सीएम नहीं बनाए जाने से उन्हें तकलीफ हुई थी। भाजपा के साथ जाने के सवाल पर उन्होंने पास खड़े तेजस्वी यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये बच्चा हैं, हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## कश्मीर में इस वर्ष दस युवा बने आतंकी : दिलबाग

### पुलिस स्मृति दिवस परेड को किया संबोधित



**श्रीनगर,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने शनिवार को कहा कि कश्मीर के युवा पाकिस्तान की चाल को समझ गए हैं और इस साल अब तक केवल 10 युवाओं ने आतंकवादियों से हाथ मिलाया। सिंह ने कहा कि उक्त 10 नए रंगरूटों में से छह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। उन्होंने कहा कि युवा दुश्मन की चालों को समझ गए हैं। पिछले साल जहां 110 युवा आतंकवाद में शामिल हुए थे, वहीं इस साल केवल दस युवा शामिल हुए हैं, जिनमें से छह मारे जा चुके हैं। हम बाकी चारों युवाओं से हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने की अपील करते हैं। सिंह ने पुलिस स्मृति दिवस के दौरान यहां जेवान में संवाददाताओं से कहा कि हम आपकी जान नहीं लेना चाहते। उन्होंने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ युद्ध पर 'जीत' हासिल कर ली है और अब उन्हें इसके अवशेषों को खत्म करना होगा। डीजीपी ने कहा कि हमारे बलिदानों का फल मिला है। हमने आतंक के खिलाफ इस युद्ध में जीत हासिल की है और आतंक के अवशेषों को खत्म करने की हमारी प्रतिज्ञा है। हम लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने में सफल रहे हैं। यह अब अतीत की बात है जब पाकिस्तान और उसकी एजेंसियों के इशारे पर निर्दोषों का खून बहाया जाता था। आज लोग शांति और सुकून के माहौल में रह रहे हैं। मैं इसके लिए पुलिस व सुरक्षा बलों के काम की सराहना करता हूं। घुसपैठ पर उन्होंने कहा कि इस साल केवल नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 90 प्रतिशत से अधिक ऐसे प्रयासों को विफल कर दिया गया है।

### घुसपैठ नियंत्रित करने में काफी हद तक रहे सफल

डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि हम घुसपैठ को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। इस साल कुछ कोशिशें हुईं, लेकिन 90 फीसदी से ज्यादा कोशिशें एलओसी पर ही नाकाम कर दी गईं और घुसपैठिए मारे गए। बलों को बड़ी सफलताएं मिली हैं और जो लोग अंदरूनी इलाकों में चले गए, वे भी मारे गए।

## सार संक्षेप

### फिलस्तीन के समर्थन में सड़क पर उतरीं महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को यहां में फिलिस्तीन समर्थक और इजरायल विरोधी प्रदर्शन का नेतृत्व किया। पूर्व मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता शहर के केंद्र में पार्टी मुख्यालय में एकत्र हुए और लाल चौक की ओर मार्च निकालने की कोशिश की। उन्हें हालांकि, आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। बाद में पीडीपी ने अपने कार्यालय के बाहर इजरायल विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने फिलिस्तीन के पक्ष में व इजराइल के खिलाफ जमकर नारे लगाए और प्रदर्शन किया।

### कर्नाटक फर्जी वोटर आईडी घोटाले में तीन गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने फर्जी मतदाता पहचान पत्र घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों में से एक, जिसकी पहचान मौनेश कुमार के रूप में हुई है, राज्य के शहरी विकास और नगर नियोजन मंत्री बिरथी सुरेश को जानता है, जिन्हें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का प्रमुख सहयोगी माना जाता है। हिरासत में लिए गए अन्य दो व्यक्तियों की पहचान भगत और राघवेंद्र के रूप में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा पैसे के बदले वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड हासिल करने की सूचना मिलने के बाद बेंगलुरु के कनकनगर में एमएसएल टेक्नो सॉल्यूशंस पर छापेमारी की गई। छापेमारी के बाद तीनों को हिरासत में ले लिया गया।

### तेजस्वी के नेतृत्व में ही लड़ेंगे अगला चुनाव : कांग्रेस

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजद के नेता तेजस्वी यादव के लिए सब कुछ करने वाले बयान का बिहार कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए इशारों ही इशारों में राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को उत्तराधिकारी बता दिया। नीतीश ने तेजस्वी के कंधे पर हाथ रखकर कहा कि यह हमारा बच्चा है और सबकुछ है। हम साथ मिलकर काम करते हैं।

### राष्ट्रव्यापी खादी महोत्सव 31 अक्टूबर तक

**मुंबई।** मुंबई में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अन्य मंत्रालयों के समन्वय से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) मंत्रालय के तहत इस महीने 'खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन' टैगलाइन के साथ 'खादी महोत्सव' शुरू किया है। यह महोत्सव देश भर में दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

## त्रिपुरा में कपड़े की थैलियां खरीदने में हुआ भ्रष्टाचार : माकपा

### पीडीएस वितरण मामले में की स्वतंत्र जांच की मांग

**अगरतला,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्रिपुरा में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने शनिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण के लिए कपड़े के 9.70 लाख थैलियों की खरीद के लिए सरकार पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए उसकी जांच की मांग की है। माकपा की राज्य इकाई के सचिव एवं विधायक जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरकार ने 68 रुपए प्रति थैली की लागत से सरकार ने 9.70 लाख कैनवास बैग की खरीद के लिए 6.5 करोड़ रुपए खर्च किए है । जबकि ये थैले इतने घटिया हैं कि इनकी कीमत 20 रुपए से अधिक नहीं हो सकती है। उन्होंने आारोप लगाया, यह बड़ा घोटाला है। इस समय सरकार उपहार की थैली के नाम पर जनता का पैसा लूट रही है और इसकी स्वतंत्र जांच कराने की जरूरत है। उन्होंने राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुशांत चौधरी के हाल के एक कथित बयान का उल्लेख किया, जिसमें मंत्री ने संवाददाताओं से कहा था कि सरकार सभी राशन कार्ड धारकों को कपड़े के थैलों में एक लीटर सरसों का तेल, एक किलो दाल, दो किलो आटा, एक किलो चीनी, आधा किलो चने का बेसन मुफ्त वितरित करेगी। माकपा नेता ने कहा कि अब उन्हीं मंत्री ने अपना बयान बदल दिया है। सभी राशन दुकानों से पीडीएस वस्तुएं मुफ्त कैनवास थैलों में रियायती कीमतों पर बेची जा रही हैं। त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनने के बाद से मंत्रियों और नेताओं ने अपने झूठे वादे जारी रखे हैं और अपने झूठे बयानों से राज्य की जनता को भ्रमित किया है।

निराश्रित परिवारों की कर्नाटक सरकार से अपील

## भाजपा सरकार के अन्याय को सुधारें सिद्दारमैया



भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत समस्या को किया जाएगा हल : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां। कर्नाटक में सीबर्ड नेवल बेस के एयरबेस के विस्तार और कारवार में एक सिविल एन्क्लेव के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए दिए गए मुआवजे के निर्धारण में भेदभाव के मुद्दे पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को वादा किया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत इस समस्या को हल किया जाएगा।

उन्होंने एयरबेस के निर्माण के लिए चल रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में भेदभाव के संबंध में उत्तर कन्नड़ जिला प्रभारी मंत्री मंकला वैद्य और विधायक सतीश सेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह आश्वासन दिया। बैठक में तीन गांवों के निराश्रित परिवारों की अपील पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो अन्याय किया है, उसे सुधारा जाए। साथ ही अधिकारियों को वैज्ञानिक एवं मानक तरीके से मुआवजा देने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उद्योग एवं बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एम.बी. पाटिल, मुख्य सचिव और संबंधित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर भूमि अधिग्रहण के मुआवजे, रोजगार प्रदान करने और जमीन खोने वाले लोगों को साइट आबंटन पर चर्चा करेंगे। सीबर्ड प्रथम चरण परियोजना के तहत अपनी जमीन गंवाने वाले परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया जाएगा। पाटिल, मत्स्य पालन एवं बंदरगाह मंत्री वैद्य, करवार विधायक सेल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव नसीर अहमद, अतिरिक्त मुख्य सचिव, बुनियादी ढांचा विकास, गौरव गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव जियाउल्लाह, वित्त सचिव पी.सी. जाफर, इंफ्रास्ट्रक्चर विभाग की संयुक्त सचिव हेफसिबा रानी कोरलापति व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सिद्धारमैया के आपत्तिजनक पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति पर केस दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कथित आपत्तिजनक पोस्टर बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। कांग्रेस प्रवक्ता सूर्य मुकुंदराज ने इस संबंध में शहर के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस सिलसिले में तुमकुरु निवासी श्रीनिवासमूर्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने हिंदुस्तानी सेना नाम से फेसबुक अकाउंट पर सीएम सिद्धारमैया और मैसूरु दशहरा समारोह के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक पोस्टर बनाए थे। सीएम सिद्धारमैया का चेहरा हिंदू मिथकों के अनुसार एक राक्षस राजा महिषासुर के तौर पर दिखाया। आरोपी ने फोटो एडिट में आपत्तिजनक टैगलाइन का इस्तेमाल किया था। सूर्य मुकुंदराज, जो कानूनी प्रकोष्ठ के महासचिव भी हैं, ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## जम्मू में ग्रीष्मकालीन विस महारानी वेबसीरिज की शूटिंग से गुलजार

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**जम्मू,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी जम्मू में वैसे तो इस समय विधानसभा बंद है, लेकिन इसके बावजूद यहां विधान सभा का एक विशेष सत्र शुरू हो गया है। दिलचस्प बात ये है की इस सत्र की कार्यवाही को देखने के लिए भारी भीड़ भी जुट रही है। दरअसल जम्मू सचिवालय में स्थित विधानसभा में शुक्रवार से शुरू हुआ ये विशेष सत्र एकदम फिल्मी है। यहां वेब सीरिज 'महारानी' के तीसरे संस्करण की शूटिंग चल रही है। बालीवुड की दिलकश अदाकारा हुमा कुरेशी इसमें मुख्य भूमिका निभा रही है। लाइट साउंड कैमरा और एक्शन की आवाजों के बीच अभिनेत्री और शूटिंग को देखने के लिए शनिवार को दर्शको की भारी भीड़ जुटी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार तक चलने वाली वेबसीरिज की शूटिंग के लिए सरकार से खास अनुमति ली गई है। वेब सीरिज की शूटिंग में कुछ दृश्य जम्मू के जीजीएम साइंस कालेज और सर्किट हाउस में भी शूट किए जाएंगे।

बता दें कि महारानी वेब सीरिज के पिछले सीजन की शूटिंग भी अप्रैल 2021 में जम्मू स्थित विधानसभा में हो चुकी है जिसमें हुमा कुरैशी और फिल्म के अन्य कलाकारों के साथ जम्मू के 250 से भी अधिक स्थानीय रंगकर्मियों को काम करने का मौका मिला था। इन कलाकारों को इस सीजन में भी शूटिंग में शामिल होंने के लिए बुलाया गया है। सोनी लिव के लिए सुभाष कपूर द्वारा बनाई जा रही वेब सीरीज़ के पहले व दूसरे सीजन में भी हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में थीं। राजनीति पर आधारित इस वेब सीरिज के पिछले सीजन को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। 24 अक्टूबर तक चलने वाली इस वेबसीरिज की शूटिंग को देखने के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखा।

### 370 हटाए जाने के बाद हालात में हुए हैं सुधार

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हालात में सुधार हुए हैं जिसके बाद कई फिल्मकार जम्मू कश्मीर में शूटिंग के लिए फिर से रुख करने लगे हैं। सरकार भी फिल्मों की शूटिंग करने में फिल्मकारों का पूरा सहयोग कर रही है। उन्हें शूटिंग की अनुमति भी मात्र कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जम्मू कश्मीर सरकार दे रही है।

## स्पीड गवर्नर व जीपीएस के निर्माण व बिक्री के नाम पर हो रहा घोटाला : राजकुमार




**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूनाइटेड फ्रंट फॉर ट्रक ट्रांसपोर्ट एंड सारथी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट राजकुमार यादव ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में वहनों में जीपीएस लगाने के नाम पर अरबों का घोटाल हो रहा है। इस मामले में राजकुमार ने पीएम, गृह मंत्री, एलजी, सीएम और ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को पत्र लिख कर इस घोटाले की ओर ध्यान दिलाया है । इसकी जानकारी आज यहाँ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में राजकुमार ने दी। इस मौक़े पर यूएफ़टीटीएसए से अधिकारी मौजूद थे। राजकुमार ने कहा कि दिल्ली में व्यावसायिक वाहनों में जीपीएस लगाने के नाम पर हो रहे अरबों के घोटाले की ओर ध्यानाकर्षण करना चाहूंगा। व्यावसायिक भारी वाहनों में जीपीएस लगाने के नाम पर भारी लूटमची है व नियमावली के नाम पर जो नियम बनी ही नहीं है उनसे कई गुना दाम वसूले जा रहे हैं।

## अखिलेश को मनाएंगे राहुल, जल्द हो सकती है दोनों नेताओं की मुलाकात

### सपा प्रमुख को संदेश भेजवाकर बातचीत का किया प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में सीटों के बटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन के सदस्य दलों कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ी तल्खी को खत्म करने की कोशिश शुरू हों गई है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व मामले को संभालने में लग गया है। खुद राहुल गांधी ने सपा प्रमुख को संदेश भेजवाकर बातचीत का प्रस्ताव किया है।

वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को इस मामले में दिल्ली तलब किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की बातचीत का जिम्मा अब खुद राहुल गांधी संभालेंगे। यही वजह है कि उन्होंने अपने किसी खास नेता से सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संदेश भेजवाया है। बताया जा रहा है कि अखिलेश यादव के तेवर को देखते हुए कांग्रेस पार्टी बात अब और नहीं बिगाडना चाहती है। ताकि लोकसभा चुनाव के समय इस मनमुटाव का असर इंडिया गठबंधन पर न हो। इसीलिए हाईकमान मामले को सुलझाने के लिए खुद आगे आया है। वहीं यूपी कांग्रेस प्रमुख अजय राय की मुश्किलें बढ सकती हैं। पार्टी आलाकमान ने उन्हें तत्काल दिल्ली तलब किया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन को लेकर पार्टी नेताओं को सचेत करने के साथ ही इस पर राज्यों के नेताओं की ओर चल रहे बयानों पर रोक लगा सकती है। माना जा रहा है कि इस संबंध में जल्द ही पाटी नेताओं को दिशा निर्देश दे दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि उत्तरप्रदेश में भाजपा से मुकाबला करने और अपना वजूद बचाने के लिए कांग्रेस को सपा के साथ ही रालोद व अन्य दलों की जरूरत रहेगी। हालांकि सपा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस क बडे नेताओं राहुल गांधी व सोनिया गांधी के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारती है। बावजूद 2019 के चुनाव में राहुल अमेठी में भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए थे।

निर्देश | *जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर चौबीस घंटे तक नहीं चलेंगे वाहन*

# लोगों से यातायात सलाह का पालन करने का किया अनुरोध

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कश्मीर को शेष विश्व से जोड़ने वाला एकमात्र 300 किमी लंबा जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे एक बार फिर चर्चा में है। यह चर्चा एक दिवसीय 'ड्राई डे' के कारण है। जनाब आप गलत समझ रहे हैं। आप शायद यह समझ रहे हैं कि एक दिन के 'ड्राई डे' के दौरान इस हाईवे पर शराबबंदी होगी। ऐसा नहीं है।**

इस पर 'ड्राई डे' के दिनों में सिर्फ वाहनबंदी होगी। अर्थात वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर शनिवार रात से 24 घंटे के ट्रैफिक ड्राई डे घोषित किया गया है। नवयुग टनल-नाशरी के बीच एनएच-44 पर किसी भी एलएमवी/एचएमवी (चिकित्सा आपातकालीन वाहनों को छोड़कर) अन्य वाहनों को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नवयुग टनल और नाशरी के बीच यातायात 21 अक्टूबर की रात 12 बजे से 22 को रात 12 बजे तक बंद रहेगा। एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे, लोक निर्माण (आरएंडबी) विभाग के संचार और जिला मजिस्ट्रेट रामबन की ओर से यह आदेश जारी किया गया है।



■ एनएचएआई करेगा मरम्मत का काम

लोगों से यातायात सलाह का पालन करने का अनुरोध किया गया है। वैसे इस नेशनल हाईवे पर यह कोई पहला 'ड्राई डे' नहीं है। इस साल 23 फरवरी को पहली बार इसे शुरू किया गया था। तब तीन दिनों के लिए इस पर 'ड्राई डे' रहा था। उसके बाद तो इस पर कई महीनों तक प्रत्येक शुक्रवार को 'ड्राई डे' घोषित कर वाहनबंदी कर दी गई। दरअसल इतने सालों की तमाम कोशिशों के बावजूद यह हाईवे परेशानी का सबब बना हुआ है जो न सिर्फ जानें ले रहा है बल्कि मुसीबतें भी ला रहा है।

प्रशासन की कोशिश ऐसे 'ड्राई डे' घोषित कर इसकी मुरम्मत का प्रयास किया जाता है पर बरसात और बर्फबारी सभी कोशिशों पर पानी फेर देती हैं। इतना जरूर था कि इस साल 23 फरवरी को तीन दिनों के 'ड्राई डे' के कारण चर्चा में आया जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे का चर्चाओं से पुराना नाता है। अतीत में भी कई बार यह चर्चा में रहा है। सर्दियों में बर्फबारी और बरसात में बारिश के कारण यह चर्चा में तो रहता ही है। आतंकवाद की शुरुआत के साथ ही इस नेशनल हाईवे पर जब आतंकियों ने बारूदी सुरंगें लगा और लांचरों से हमले कर सैनिकों और नागरिकों को मारना आरंभ किया तो यह प्रतिदिन सुर्खियों में रहने लगा था। इन हमलो में सैंकड़ों लोग जान गंवा चुके हैं। यह हमले फिलहाल रूके नहीं है पर इतना जरूर था कि उन्हें नाकाम बना दिया जाता रहा है।

अफसोस इस बात का था कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा के लेथपोरा में इसी हाईवे पर हुए आज तक के सबसे भीषण आतंकी हमले को रोका नहीं जा सका था जिसमें 50 के करीब केरिपुब के जवानों की मौत हो गई थी।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी : तुम्हारे इस नरक में तुम्हारी गुलामी करते-करते मैं तंग आ गई। लगता है पिछले जन्म में मैंने बहुत बुरे कर्म किए होंगे।
पति : तो अब तो अच्छे कर लो।
मायके जाओ और मेरे घर को स्वर्ग बनाओ...!!!

# महिलाओं को समर्पित होगा संग्रहालय : सक्सेना

## उपराज्यपाल ने गोल मार्केट बिल्डिंग के संरक्षण व जीर्णोद्धार की परियोजना का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोल मार्केट बिल्डिंग को महिलाओं की उपलब्धि पर आधारित एक संग्रहालय में परिवर्तित किया जाएगा। शनिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना केंद्रीय संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री, मीनाक्षी लेखी ने संग्रहालय के रूप में मुख्य गोल मार्केट बिल्डिंग के संरक्षण और जीर्णोद्धार एवं सर्विस ब्लॉक के साथ सबवे के निर्माण सहित आसपास के क्षेत्रों के पुनर्विकास की परियोजना का शुभारंभ किया। इस प्रतिष्ठित गोल मार्केट के जीर्णोद्धार और कायाकल्प के उद्देश्य से परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद सक्सेना ने बताया कि इस इमारत का जीर्णोद्धार कार्य करते समय ऐतिहासिक संरचना की मौलिकता के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

**गोल मार्केट बिल्डिंग को महिलाओं की उपलब्धि पर आधारित एक संग्रहालय में परिवर्तित किया जाएगा : वी.के.सक्सेना**

उन्होंने आगे कहा कि यह देश में अपनी तरह का पहला संग्रहालय होगा जो विभिन्न क्षेत्रों में देश की उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को समर्पित होगा। यह संग्रहालय कला, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक क्षेत्र, चिकित्सा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की महिलाओं द्वारा किए गए योगदान और विशेष रूप से स्वतंत्रता के संघर्ष में उनकी भूमिका को आधुनिक तकनीकों से प्रदर्शित करेगा। गोल मार्केट की मुख्य इमारत एक विरासती इमारत है, जो समय के साथ धीरे-धीरे जीर्ण-शीर्ण हो गई और पिछले एक दशक से अधिक समय से बंद पड़ी है। अपना कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, सक्सेना ने साइट का दौरा किया था और इसके जीर्णोद्धार और कायाकल्प का काम करने का वादा भी किया था।

### जेपीएन लाइब्रेरी के निर्माण स्थल का दौरा किया

केंद्रीय संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी के साथ उपराज्यपाल सक्सेना ने उद्यान मार्ग पर जेपीएन लाइब्रेरी के निर्माण स्थल का भी दौरा किया। जेपीएन लाइब्रेरी कॉम्प्लेक्स के पुनर्विकास के बारे में श्री सक्सेना ने बताया कि इस सुविधा को एक अति-आधुनिक, विश्व स्तरीय लाइब्रेरी में रूपांतरित किया जाएगा। एनडीएमसी द्वारा विकसित की जाने वाली, नई दिल्ली के केंद्र में, जेपीएन लाइब्रेरी में 200 लोगों के बैठने की क्षमता के साथ 30000 से अधिक किताबें होंगी। जबकि लाइब्रेरी की पहली मंजिल में लाइब्रेरी रूम, बच्चों की गतिविधियों का क्षेत्र, पढ़ने का क्षेत्र, खेलकूद का क्षेत्र भी होगा। मल्टीमीडिया ऑडियो,विजुअल कमरे, दूसरी मंजिल में शोधकर्ता कक्ष, ई-लाइब्रेरी और समाचार पत्र,पत्रिका खंड शामिल होंगे। इस अवसर पर, एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष एनडीएमसी सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य विशाखा शैलानी, गिरीश सचदेवा और एनडीएमसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# पुलिस स्मृति दिवस पर 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देने की मांग



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस स्मृति दिवस पर दिल्ली पुलिस सेवानिवृत अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि देश भर में सीमाओं पर और मानवता की सेवा के लिए अपनी जान गवाने वाले पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के करीब 35 हजार जवानों को शहीद का दर्जा देते हुए उनके परिजनों को वे सभी सुविधाएं मिले जो भारतीय फौज के शहीद के परिजनों को दी जाती हैं। शनिवार को संगठन के पदाधिकारी ने दिल्ली पुलिस द्वारा नई पुलिस लाइंस, किंग्सवे कैंप में आयोजित स्मृति दिवस में भाग लिया और भारत माता की जयकारे के साथ पूरे माहौल को गमगीन बना दिया। संगठन के अध्यक्ष छिद्दा सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह यादव यशपाल शर्मा, ताराचन्द राघव, भगीरथ डाबला, करनचन्द, कनीराम सहित दिल्ली पुलिस से कई रिटायर कर्मठ पदाधिकारी ने भाग लिया और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज के स्थापना दिवस पर इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

**सुभाष चंद्र बोस के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प**

# हरदयाल म्युनिसिपल पब्लिक लाइब्रेरी की प्रबंधन कमेटी में नेता प्रतिपक्ष को नहीं दी गई जगह : इकबाल सिंह

## प्रक्रियाओं को तोड़कर मनमर्जी से निगम चलाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी पर निगम की चली आ रही परंपराओं एवं प्रक्रियाओं को तोड़कर अपनी मनमर्जी से निगम चलाने का आरोप लगाया। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली की मेयर ने हरदयाल म्युनिसिपल पब्लिक लाइब्रेरी की प्रबंधन कमेटी बनाने में पहले से चली आ रही परंपराओं को तोड़ते हुए उसमें नेता प्रतिपक्ष एवं नेता सदन को शामिल न करके आप पार्टी के ही सभी पार्षदों को प्रबंधन कमेटी में सदस्य बना दिया है।



राजा इकबाल सिंह ने कहा कि ऐसी क्या बात है कि मेयर साहिबा हरदयाल म्युनिसिपल पब्लिक लाइब्रेरी की प्रबंधन कमेटी में विपक्ष से एक भी पार्षद को इसमें सदस्य नहीं बनाना चाहती? क्या बंद दरवाजे के पीछे गुपचुप तरीके से भ्रष्टाचार करने का इरादा है या कहीं उन्हें यह डर तो नहीं सता रहा कि उनके द्वारा लाइब्रेरी के संचालन में किया जा रहा भ्रष्टाचार बाहर उजागर कर देंगे। राजा इकबाल सिंह ने मेयर पर आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष को तो उन्होंने प्रबंधन कमेटी से हटा ही दिया किंतु उन्होंने अपने खुद के पार्षद एवं वरिष्ठ सदस्य मुकेश गोयल पर भी विश्वास नहीं है कि नेता सदन जैसे पद पर रहते हुए उन्हें भी इस कमेटी का सदस्य बनाने के लायक नहीं समझा। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों को इस प्रकार पक्षता पूर्ण एवं द्वेषपूर्ण रवैया को झेलना पड़ा हो।

आम आदमी पार्टी जिन बड़े-बड़े वादों और संवैधानिक परंपराओं एवं संविधान की कसम खाकर सत्ता में आई थी आज उसी संविधान को तोड़ने में लगी हुई है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी को ऐसा क्या डर सता रहा है कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष एवं अपनी खुद की ही पार्टी के नेता सदन को इस कमेटी में शामिल न करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं कोई ना कोई तो ऐसी बात है कोई ऐसा भ्रष्टाचार जो आम आदमी पार्टी चाहती है कि जनता के समक्ष ना आए।

**सार संक्षेप**

## लंका दहन देख भक्तों ने जय श्री राम के लगाए नारे



**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक लीला दक्षिणी दिल्ली द्वारा चिराग दिल्ली में सातवें दिन लीला के मंचन में राम सुग्रीव मैत्री, सीता की खोज एवं लंका दहन लीला का मंचन किया गया। लंका दहन का जबरदस्त मंचन देख दर्शक हर्ष से विभोर हो उठे। इस अवसर पर श्री धार्मिक लीला दक्षिणी दिल्ली चेयरमैन राकेश गुलिया ने कहा कि हनुमान जी का चरित्र चित्रण हमें श्री राम की भक्ति करने की प्रेरणा देता है। इसके साथ ही प्रभु श्री राम का चरित्र हमें हर समाज के लोगों को साथ लेकर चलने व रामलीला लोगों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कार का अनुसरण करने की सीख देती है। श्री धार्मिक लीला दक्षिणी दिल्ली का विशिष्ट मंचन लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है एवं भारी भीड़ के साथ जुड़ाव सभी के मन को मोहने वाला बन रहा है। राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भव्य स्टेज पर लीला का मंचन हो रहा है। जिसका दर्शक भरपूर आनंद ले रहे हैं। आज की लीला में स्वर्गीय सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज एवम निगम पार्षद शिखा रॉय के साथ योगानंद शास्त्री विशेष रुप से पधारे इसके साथ ही आलोक, राकेश गुलिया चैयरमेन, आनंद प्रकश जैन, सुशील प्रकश गुप्ता, कपिल शर्मा, सूदन गुप्ता, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

## निसान ने दिल्ली-एनसीआर में मजबूत किया अपना नेटवर्क

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अपने नेटवर्क का विस्तार करने का एलान किया। कंपनी ने इस क्षेत्र में तीन नए टचपॉइंट खोले हैं, जिनमें 2 शोरूम और 1 सर्विस वर्कशॉप है। चैनल पार्टनर ब्राइट निसान के साथ मिलकर नोएडा और पटपड़गंज में ये टचपॉइंट खोले गए हैं। नए सेल्स एवं सर्विस कस्टमर टचपॉइंट भारतीय बाजार एवं यहां के अपने बहुमूल्य ग्राहकों के प्रति निसान की गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। निसान मोटर इंडिया के एमडी राकेश श्रीवास्तव ने आज नए ब्राइट निसान शोरूम का उद्घाटन किया। नए टचपॉइंट्स की लॉन्चिंग के मौके पर निसान मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एनएमआईपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने कहा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर निसान के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। यहां नए कस्टमर टचपॉइंट खोलने की हमें खुशी है। इससे इस बढ़ते बाजार में निसान के लिए प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज को लेकर ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करना संभव होगा।

## हर कदम बेटी के संग अभियान का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रूम टू रीड के बालिका शिक्षा कार्यक्रम जीईपी ने डिजिटल क्षेत्र में जरूरी जानकारी की कमी को दूर करने तथा टेक्नोलॉजी के जरिए बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू किए गए अपने प्रभावशाली अभियान हैशटैग हर कदम बेटी के संग- डिजिटल राह बने सुगम का सफलतापूर्वक समापन किया। यह अभियान सही मायने में एकजुट होकर किया गया एक उल्लेखनीय प्रयास था, जिसमें 58 स्कूलों, 3000 से अधिक माता-पिता, अभिभावकों, समुदाय के सदस्यों, 15 हजार से ज्यादा बच्चों, 540 से अधिक शिक्षकों तथा 50 टीम सदस्यों ने सक्रियतापूर्वक भाग लिया। डिजिटल संवाद कार्यक्रम के दौरान पैनल चर्चाओं में स्कूलों के प्रधानाचार्य, एसएमसी के सदस्य, एनजीओ के प्रतिनिधि, रूम टू रीड और साइबर सेल के विशेषज्ञ एकजुट हुए व उन्होंने सम्मिलित रूप से डिजिटल स्थानों को सुरक्षित बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

# ईडी के पास वे सारे सबूत जो स्पष्ट करते हैं कि संजय सिंह दोषी हैं : साहिब सिंह

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि शराब घोटाले में किसी भी सबूत के ना मिलने का दावा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल करते रहे हैं। आप नेता यह कहते हुए लोगों के बीच भ्रम फैलाते रहे हैं कि हम संसद में सवाल खड़ा करते हैं इसलिए हमें जेल में डाला गया है लेकिन कल कोर्ट द्वारा उनकी जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिए आदेश के पृष्ठ नंबर 26 के एनेलिसिस एवं फाइंडिंग और प्वाइंट नंबर 52 से साफ हो गया है कि ईडी के पास वे सारे सबूत है जो स्पष्ट करते हैं कि संजय सिंह दोषी हैं। प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं प्रदेश मीडिया रिलेशन विभाग के प्रमुख विक्रम मित्तल उपस्थित थे। प्रवेश साहिब सिंह ने




कहा कि दिल्ली के टैक्स पेयर्स के पैसों से महंगे वकीलों की एक बड़ी फौज खड़ी करने के बावजूद कोर्ट द्वारा संजय सिंह की याचिका को खारिज कर दिया गया क्योंकि कोर्ट में सिर्फ सबूत काम करते हैं डायलॉगबाजी नहीं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल द्वारा राजनीति से प्रेरित तर्क देकर आम जनता को गुमराह किया जा सकता है लेकिन कोर्ट को नहीं। प्रवेश साहिब सिंह ने कहा की आज तक आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता ने या स्वयं केजरीवाल ने एक बार भी दिनेश अरोड़ा, अमन ढल से अपने संबंधों की बात से इंकार नहीं की।

### शराब घोटाले में भारी भ्रष्टाचार हुआ

प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि कोर्ट के अंदर ईडी संजय सिंह और शराब घोटाले से संबंधित सबूत पेश कर रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी के पास कोई सबूत नहीं है जिससे वह अपने दावों को सच साबित कर सके। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले दिन से ही कहती रही है कि शराब घोटाले में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और आज एक-एक करके वह सच साबित हो रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब केजरीवाल भी जेल के अंदर होंगे। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की कल के अपने आदेश से न्यायमूर्ति ने स्पष्ट कर, दिया की संजय सिंह सहित पूरी टीम केजरीवाल केवल दुष्प्रचार करती है।



■ नई दिल्ली में धुंध व वायु प्रदूषण की गिरफ्त में इंडिया गेट का दृश्य। सर्दी की शुरुआत के साथ राजधानी के आसपास पराली जलाने के कारण दिल्ली की हवा खराब हो जाती है। फोटो इम्तियाज खान

# प्रीति गुप्ता ने लगाया पीएमएफएमई जागरूकता कैंप



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में अनेकों कार्यक्रम देश की जनता के लिए चलाये जा रहे हैं, इसी कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा पीएमएफएमई योजना के तहत महिला-पुरुष को जागरूक करने के लिए घोंडा विधानसभा घोंडा वार्ड 231 में भाजपा से निगम पार्षद प्रीति गुप्ता के सौजन्य से उनके पार्षद कार्यालय म्यूजिक हवेली पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य अतिथि एसडीएम हेड क्वार्टर उत्तर पूर्वी जिला विक्रम सिंह के साथ जिला संसाधन अधिकारी उत्तर-पूर्व जिला पीएमएफएमई योजना दिल्ली गरिमा ने इस स्कीम के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतीश राघव, अर्जुन गुप्ता रामेश्वर सिंह, और संतोष टंडन, दीपिका ग्रोवर, विजय भाटिया, सोनम शर्मा, सागर सांवरिया के साथ घोंडा मंडल के गणमान्य उपस्थित हुए।

## लंका दहन देखने विशेष रूप से पहुंचे श्याम जाजू

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। मॉडल टाउन के डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी द्वारा आज सातवें दिन की लीला में राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध,



हनुमान रावण संवाद एवं लंका दहन का मंचन किया गया। हनुमान रावण संवाद एवं लंका दहन का मंचन देख दर्शक जोश से भर गए और दर्शक दीर्घ से जय श्री राम का उद्घोष किया गया। लीला को देखने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम जाजू विशेष रूप से पहुंचे और उन्होने रामलीला मंचन के साथ ही प्रबंधन की भी भरपूर प्रशंसा की इस अवसर पर नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चैयरमेन अखिल सिंघल ने मंचन को लेकर बताया कि राम भक्त हनुमान का चरित्र हमें प्रभु श्री राम की भक्ति के लिए प्रेरित करता है। विभिजणन दृश्यों के मंचन को जीवंत बनाने के लिए लेटेस्ट तकनीक का सहारा लिया गया है। इसलिए मॉडल टाउन के डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला का विशिष्ट मंचन लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। रामलीला के प्रधान विकेश सेठी ने कहा कि राम भक्त हनुमान हमारे अराध्य हैं और व्यक्तित्व स्वयं राम की भक्ति से परिपूर्ण है।

# पांच चुनावी राज्यों में मोदी करेंगे तीन दर्जन रैलियां

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव कार्यक्रमों का ऐलान कर चुका है। इसके बाद से भाजपा ने सभी चुनावी राज्यों में अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

पार्टी के सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। पार्टी उन्हीं के चेहरे को लेकर चुनाव मैदान में है। नतीजतन प्रधानमंत्री लगातार चुनावी राज्यों का दौरा कर रहें है। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री अभी इन राज्यों में 35-36 चुनावी रैलियां कर सकते हैं। इनमें सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 11 रैलियां, राजस्थान में 10 रैलियां, छत्तीसगढ़ में 7, तेलंगाना में 6 और मिजोरम एक रैली हो सकती है। यद्यपि उनके कार्यक्रमों का अभी ऐलान होना बाकी है। लेकिन माना जा रह है कि जल्द पार्टी औपचारिक रूप से इसकी जानकारी जारी कर देगी। मध्यप्रदेश में भाजपा के तकरीबन 19 साल के शासन के बाद अब वहां शिवराज सरकार के सामने सत्ता बरकरार रखने की बडी चुनौती है। यही कारण है कि भाजपा वहां सबसे ज्यादा सावधान है और प्रधानमंत्री की सर्वाधिक रैलियां वहीं आयोजित की जा रही है। वहीं राजस्थान में पाटी वापसी की उम्मीद कर रही है। किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री की लगातार रैलियों से सूबे की गुटबंदी को विराम लग सकता है। छत्तीसगढ़ में भाजपा इस बार कांग्रेस से सत्ता छिनने की कोशिश कर रही है। लेकिन भूपेश बघेल की लोकप्रियता से पार पाना स्थानीय नेतृत्व के लिए आसान नहीं है। जबकि तेलंगाना में पार्टी तीसरी ताकत बनने की कोशिश कर रही है।

## नवरात्रि के अवसर पर भंडारा आयोजित



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि के अवसर पर वार्ड नंबर 189 जाकिर नगर में निगम अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेता कांग्रेस दल और वार्ड नंबर 189 से निगम पाषर्द नाज़िया दानिश भी उपस्थित थीं। उन्होंने इस अवसर पर लीगों में प्रसाद का वितरण भी किया। नाजिया दानिश ने इस अवसर पर सभी को नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

**चिंता** *राजधानी में प्रदूषण ग्रेप-2 लागू*

# हवा की दिशा बदलने से जहरीली हुई हवा

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने के साथ वायु गुणवत्ता खराब स्तर पर पहुंच गई है। इसी के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने अगले सप्ताह प्रदूषण स्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 के तहत प्रतिबंध लागू किए हैं। शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 दर्ज किया गया, जोकि खराब श्रेणी है।**

वहीं, शुक्रवार के मुकाबले 53 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, तीन इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। साथ ही, 24 इलाकों में हवा खराब श्रेणी और चार इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सर्वाधिक सूचकांक दर्ज किया गया। वहीं, समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति रविवार को भी बनी रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा बदलने के साथ ही पराली का धुआं धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। इससे हल्का स्मॉग देखने को मिल रहा है।



**दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 248 दर्ज किया गया**

### शादीपुर व न्यू मोती बाग सबसे अधिक प्रदूषित

सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इनमें शादीपुर और न्यू मोती बाग में सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसमें शादीपुर में सूचकांक 317, न्यू मोती बाग में 316 और बवाना में 305 दर्ज किया गया। वहीं, आनंद विहार में 273, बुराड़ी क्रॉसिंग में 294, दिलशाद गार्डन में 236, आईटीओ में 259, जहांगीरपुरी में 294, द्वारका सेक्टर-8 में 224, मुंडका में 282, एनएसआईटी द्वारका में 233, नेहरु नगर में 281, पंजाबी बाग में 276 समेत 24 इलाकों में हवा खराब रही। इसके साथ ही मथुरा रोड में 127, लोधी रोड में 175, डीटीयू में 159 व श्री अरविंदो मार्ग में 196 एक्यूआई मध्यम श्रेणी रहा। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक शनिवार को हवा उत्तर-पश्चिम व उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर से चली।


**ON LINE AUCTION**
**Shankar Ramchandra**
AUCTIONEERS (GOVERNMENT AUCTIONERS)
128, M.G. Road, Camp, Pune-1. PH.: 26340418

**पुणे महानगरपालिका**
**अतिक्रमण विभाग**

दि. 27/10/2023 रोजी स. 11:00 वा. आमच्या संकेतस्थळावर www.srauctioneers.co.in वर खालील स्क्रॅप मटेरियल विकले जाईल. लोखंड / लाकडी / स्टॉल / हातगाडी / कपडे / कटलरी / प्लास्टिक / टायर्स / ट्यूब आणि इतर मटेरियल जास्त प्रमाणमध्ये. टिप :- 1) मालाची पाहणी दि. 23/10/2023 ते 26/10/2023 रोजी स. 10 ते 4 वा. खराडी, येरवडा जुने संगमवाडी, घोलेरोड, दसरा चौक, पर्मान्ट गोडाउन, मगरपट्टा गोडाउन येथे करावी. 2) हातगाडी व स्टॉल तोडून डिलेव्हरी देण्यात येईल. कागदपत्रे आणि पार्टीसिपेशन फी ऑक्शनीयर्स ऑफिस मध्ये दि. 26/10/2023 सं. 5:00 वाजेपर्यंत जमा करावे. कागदपत्रे आणि कॅश ऑक्शनच्या दिवशी घेतले जाणार नाहीत. अधिक माहितीसाठी वरील संकेतस्थळावर भेट द्यावी. संपर्क क्र - 8956132120

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 13.11.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | ए. ट्रैफिक अकाउंटस (टीए बिल्डिंग), एस.ई. रोड, नई दिल्ली की दूसरी मंजिल पर रेलवे बोर्ड के लिए मीडिया सेल का निर्माण कार्य हेतु। बी. सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/तीस हजारी के कार्य क्षेत्र में स्टोर रूम, डिस्पेंसरी रूम, सीएचआई कार्यालय का निर्माण एवं मंडलीय अस्पताल, दिल्ली में सर्कुलेटिंग एरिया का विकास और अन्य संबंधित कार्यों हेतु। | | |
| अनुमानित लागत | A. ₹56,15,414.63 | B. ₹1,50,31,351.58 | समापन अवधि: A. 03 महीने B. 08 महीने |
| धरोहर राशि | A. ₹1,12,300.00 | B. ₹2,25,200.00 | |

1. निविदा दिनांक 13.11.2023 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्या- 128-डब्ल्यू/269/निविदा सूचना/22-23/डब्ल्यू-ई/
टेंडर नं. 32 (ए.बी) दिनांक 20.10.2023 3295/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सैक्टर-घोड़ी बछेड़ा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जी.एच.डी.01355, भूखण्ड संख्या- 406, क्षेत्रफल -140 वर्ग मीटर श्री दिनेश पुत्र श्री महावीर, निवासी-ग्राम-चमरावली बोडाकी, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री दिनेश पुत्र श्री महावीर की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री आदेश पुत्र स्व० श्री महावीर, श्रीमती रेखा पुत्री स्व० श्री महावीर, श्रीमती मंजू पुत्री स्व० श्री महावीर भाई/बहन स्व० श्री दिनेश, निवासी-ग्राम-खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री आदेश पुत्र स्व0 श्री महावीर, श्रीमती रेखा पुत्री स्व० श्री महावीर, श्रीमती मंजू पुत्री स्व० श्री महावीर भाई/बहन स्व० श्री दिनेश, निवासी-ग्राम-खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "पिछले माह से कर्मचारियों के वेतन समय से न मिलने की खबर संज्ञान में आई है जबकि त्योहार आने वाले है और समस्त कर्मचारियों का वेतन समय से मिलना अति आवश्यक है जिससे नगर निगम कर्मचारी त्योहार अपने परिवार के साथ खुशी के सब मना सकें।

सुनीता दयाल, महापौर

## दिल्ली के कपड़ा व्यापारी को गाजियाबाद में बंधक बनाकर वसूले पौने तीन करोड़

**गाजियाबाद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना नंदग्राम पुलिस ने शनिवार को दिल्ली के कपड़ा व्यापारी को बंधक बनाकर पौने तीन करोड़ रुपए की अवैध वसूली करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने सवा दो करोड़ रुपए की नगदी तथा 50 लाख के दो पीडीसी चेक व एक स्कोर्पियो

- **महिला समेत सात लोग गिरफ्तार**
- **पौने तीन करोड़ नगद, स्कोर्पियो बरामद**

कार बरामद की है। पुलिस उपायुक्त नगर निपुण अग्रवाल ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शंशाक शर्मा शर्मा पुत्र कुलदीप निवासी सी -1 जनकपुरी दिल्ली रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्हें राजनगर एक्सटेंशन थाना नन्दग्राम क्षेत्र में बंधक बना कार बरामद हुआकर जबरन 2.75 करोड रुपए की वसूली की थी।

घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर एवं स्वाट टीम नगर जोन पर टीमो का गठन कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो व इलैक्ट्रानिक सर्विलांस व लोकल इनपुट की मदद से आज चेकिंग के दौरान मुखिबर की सूचना पर 7 अभियुक्तगण को भट्टा नं 5 रोड से मय 25 लाख रुपए नगद मय घटना में इस्तेमाल गाड़ी स्कोर्पियो गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर निमिश के घर मोदीनगर से 2 करोड़ रुपए बरामद




किया। गिरफ्तार आरोपियों में शिल्पा त्यागी निवासी प्रद्युमननगर सहारनपुर हाल पता सलीमपुर माजरा बुराड़ी दिल्ली, हर्षित कुमारन धीरपुर थाना मुखर्जी नगर दिल्ली कार्तिक उर्फ मोन्टी निवासी ब्लाक संतनगर बुराडी दिल्ली, प्रदीप सिंह नेगी निवासी बी ब्लाक संतनगर बुराड़ी दिल्ली, पिताम्बर दास मोर्या निवासी पोकेट बी-194 ईस्ट ऑफ कैलाश दिल्ली। निमिश निवासी हसमुखपुरी थाना मोदीनगर तथा निशान्त त्यागी निवासी सलेमपुर माजरा बुराड़ी दिल्ली हैं। पुलिस पूछताछ में शिल्पा त्यागी ने बताया कि मेरे पति ईशान्त त्यागी उर्फ वासु त्यागी की शंशाक शर्मा के साथ जान पहचान थी। शंशाक शर्मा की सहारनपुर में कपड़े की फैक्ट्री है। जिसके कारण शंशाक शर्मा द्वारा बड़ी धन राशि में पैसे का लेन देन किया जाता था। इसी का फायदा उठाकर दिनांक 14 अक्टूबर को हम सब के द्वारा मिलकर षडयंत्र कर मेरे पति वासु त्यागी ने शंशाक शर्मा को फोन पर कारोबार के बहाने अपने दोस्त प्रवीन त्यागी के ज्योति सुपर विलेज राजनगर एक्सटेंशन स्थित फ्लैट नंबर F 61 SF पर बुलाया। यह फ्लैट हमने मोटे किराये का लालच देकर पीताम्बर मोर्या से किराये पर लिया था। शंशाक शर्मा को प्रवीन त्यागी, नवीन त्यागी व अन्य के साथ मिलकर शंशाक शर्मा को बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देकर 06 करोड रुपए की फिरौती की मांग की गई। भय के कारण शंशाक शर्मा ने अपने साथियो से फोन पर वार्ता कर 2.75 करोड़ रुपए का इन्तजाम किया गया, इन रुपयो को मेरे तथा मेरे भाई निशान्त के कहे अनुसार मेरे साथ कंपनी में काम करने वाले हर्षित व कार्तिक द्वारा करोल बाग व आनन्द पर्वत दिल्ली से लेकर बुराड़ी दिल्ली आये। यह रुपए मैंने अपने साथ कंपनी में काम करने वाले प्रदीप सिंह नेगी के घर में छुपाये थे। 15 अक्टूबर को इन रुपयो में से 02 करोड़ रुपए मैंने अपने भाई निशान्त व पति ईशान्त त्यागी उर्फ वासु त्यागी व नवीन व प्रवीन के साथ मिलकर मोदीनगर में अपने साथी निमिश के घर पर रखे थे।

25 लाख रुपए मैंने व मेरे भाई निशान्त ने अपने पास रख लिए थे। 50 लाख रुपए वासु त्यागी देहरादून लेकर चला गया था। पुलिस से बचने के लिए मेरा पति वासु त्यागी दिनांक 18 अक्टूबर को देहरादून उत्तराखंड में पूर्व से पंजीकृत एक आपराधिक मामले में गैर जमानती वारंट के आधार पर में न्यायालय में हाजिर होकर जेल चला गया है।

## पीएम स्वनिधि के लंबित आवेदनों का निस्तारण तेजी से हो : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पी डी डुडा/ नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण की आपूर्ति समय से कराने के लिए अधिकारियों को कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। किसी प्रकार की परेशानी आवेदकों को न हो इसका ध्यान रखने के लिए कहा गया है।

पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के क्रम में कार्रवाई जारी है स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किए जा रहे हैं। जिसकी रफ्तार बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा पी ओ डूडा संजय पथरिया तथा लीड बैंक मैनेजर केनरा बैंक को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम ऋण योजना (10000) जिसके लिए 56469 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है, द्वितीय ऋण योजना (20000) जिसके लिए 13731 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है, तृतीय ऋण योजना (50000) जिसके अंतर्गत 1092 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया है, शेष आवेदकों को शीघ्र ही ऋण आपूर्ति कराई जाए इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए संबंधित बैंक तथा अधिकारियों को कहा गया है, नगर आयुक्त लगातार कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। पीएम स्वनिधि

- **स्ट्रीट वेंडर्स के ऋण आपूर्ति हेतु विभाग की बढ़ी रफ्तार**
- **नगर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश**

योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी प्लान बनाते हुए कार्य करने के लिए कहा गया है।

लंबित आवेदनों को अविलंब निस्तारित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं, किसी भी लाभार्थी को आवेदन पत्र वापस न दिए जाए इसका विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है।

## सार संक्षेप

### खेलते-खेलते चौथी मंजिल से गिरा बच्चे की मौत

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-49 क्षेत्र में खेलते समय चौथी मंजिल से गिरकर 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि मूलरूप से बिहार मुजफ्फरपुर के अनिल चौधरी गांव बरौला में पवन चौहान के मकान में किराए पर रहते हैं। शुक्रवार शाम करीब 6.30 बजे उनका 13 वर्षीय पुत्र अमन घर की चौथी मंजिल पर खेल रहा था। खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर आकर गिरा। सिर जमीन पर लगने से अत्यधिक खून बह गया। घायल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### चोरी के माल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** कोतवाली फेज-दो पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का माल बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि गांव याकूबपुर के बाबू ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि 18 अक्टूबर की रात चोर उसके घर से दो बक्से चोरी करके ले गए। जिसमें प्लाट के दस्तावेज व अन्य सामान था। कार्रवाई करते हुए बरेली के आरोपित गुलफाम को सेक्टर-90 टी पॉइंट के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से चोरी किये गए दो बक्से, एक रिक्शा, 2,400 रुपए और अन्य सामान बरामद किया है।

### दहेज हत्या में फरार पति और सास गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेज-2 क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे पति और सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरार तीन आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। 18 अक्टूबर को थाना फेज-2 पर पीड़ित ने शिकायत दी थी। उसकी बहन की शादी 11 नवम्बर 2019 को नदीम पुत्र मुस्तफा के साथ हुई थी। कुछ दिन ठीक रहने के बाद सास फिरदोसी, ददिया सास फरमुदन, ननद सोनी, पति नदीम और चचिया ससुर खलील ने बहन को परेशान करना शुरू कर दिया। साथ ही दहेज की मांग करने लगे। 15 अक्टूबर को बहन को ससुराल वालों कीटनाशक पिला दिया। जानकारी मिलने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान 17 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। थाना फेस-2 पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से नदीम पुत्र (पति), फिरदोसी (सास) को डी ब्लाक सेक्टर-113 बॉर्डर एफएनजी रोड से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### आतिशबाजी की चपेट में आने से तीन मासूम बच्चे झुलसे

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-22 में शनिवार सुबह आतिशबाजी की चपेट में आने से तीन मासूम बच्चे झुलस गए। गंभीर हालत में तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। सेक्टर-22 में मदर डेयरी के पास एक किशोर आतिशबाजी जला रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सरूद्दीन के तीन बच्चे सनीबा (02), मेहरबा (01) और एहतेशाम (05) घर के पास खेल रहे थे। शनिवार सुबह करीब 10 बजे अचानक किशोर ने एक पटाखा इन बच्चों के पास जलाकर छोड़ दिया और खुद भाग गया। जैसे ही पटाखा फूटा तो तीनों बच्चे झुलस गए।

## सीएलसी के सभी कर्मचारियों को समय से मिले वेतन : महापौर

**महापौर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश**

**गाजियाबाद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम में शहरी आजीविका केन्द्र सीएलसी के माध्यम से लगभग सभी विभागों दे कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है जिसमें 2 से 3 माह बाद भी कर्मचारी वेतन के लिए परेशान होते रहते है ऐसे ही महापौर सुनीता दयाल के पास शिकायत एवं अखबार के माध्यम से सूचना मिलती है कि सीएलसी द्वारा कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं दिया जाता है और कर्मचारियों के द्वारा सीएलसी कार्यालय में संपर्क करने के बाद भी कोई



कार्रवाई नहीं की जाती है इसके लिए महापौर सिनित दयाल ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है जिसमें महापौर द्वारा बताया गया है कि पिछले माह से कर्मचारियों के वेतन समय से न मिलने की खबर संज्ञान में आई है जबकि त्योहार आने वाले है और समस्त कर्मचारियों का वेतन समय से मिलना अति आवश्यक है जिससे नगर निगम कर्मचारी त्योहार अपने परिवार के साथ खुशी के सब मना सकें।

## दो नवम्बर को होगा नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन का चुनाव

**नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। हाई कोर्ट के स्टे के बाद एक बार फिर संगठन के चुनाव की तिथि घोषित की गई है। 27 अक्टूबर को नामांकन होगा। 28 को नाम वापसी और दो नवंबर को वोट डाले जाएंगे। नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पिछले लंबे समय से खींचतान चल रही है। नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी कुशल पाल सिंह के सेवानिवृत्ति होने के बाद अब नए सिरे से चुनाव होंगे।

इन चुनाव के लिए चौधरी राजकुमार सिंह पैनल पुरजोर तरीके से लगा हुआ है। पिछले कई दिनों से चुनाव को लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों में मंथन हुआ। लंबे मंथन के बाद सात पदों के

- **27 अक्टूबर को होगा नामांकन, 28 को नाम वापसी**
- **एसीईओ वंदना त्रिपाठी को बनाया गया चुनाव पर्यवेक्षक**

लिए चुनाव कराने का निर्णय हुआ है। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और अपर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी की एक समिति ने चुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया है। 27 अक्टूबर को संगठन के साथ पदों के लिए नामांकन होगा 28 नवम्बर को नाम वापसी का दिन तय किया गया है। 2 नवम्बर को मतदान होगा। पहले यह तारीख 1 नवंबर तय हुई थी लेकिन इस दिन करवा चौथ है। नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी चुनाव की पर्यवेक्षक होगी। इसके अलावा चुनाव अधिकारी के तौर पर डीजीएम राजेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में विजय रावल अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे। उत्तर प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण ऑटोनॉमस बॉडी कहीं जाने वाले नोएडा प्राधिकरण की एम्पलाइज एसोसिएशन के चुनाव को बेहद अहम माना जाता है। इस बार तकरीबन 850 स्थायी कर्मचारी मतदाता इस चुनाव में हिस्सा लेंगे। यह संगठन नोएडा प्राधिकरण में काम करने वाले कर्मचारी का संगठन है। कई बार नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष पद को संभाल चुके चौधरी राजकुमार सिंह एक बार फिर पुरजोर तरीके से चुनाव मैदान में होंगे।

## रण में कूद पड़ी मां काली



**बुलंदशहर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार शाम को छठ भवानी के दिन नेवराजनगर में खूब खेलीं महामैया कालीमाई शुक्रवार शाम को मां काली के दोनों स्वरूप ठा. नितिन भाटी व अनिल ने मंदिर में विधि विधान से पूजा कर बड़े ही धूमधाम से बैंड बाजों के साथ मां काली के जयकर और गानों के साथ मां काली जी की शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा न्यूराज नगर के शिव मंदिर में पूजा अर्चना के साथ शुरु की गई जो धर्म एनक्लेव, रामा एनक्लेव, हरी एनक्लेव आदि से खेलते हुए बापिस न्यूराजनगर शिव मंदिर स्थित स्टेज पर सभी कॉलोनी वासियों ने मां काली माई का तिलक कर और आरती उतार कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद काली माई यात्रा का समापन किया गया और विश्राम हुआ। मां काली की शोभायात्रा में प्रशासन का भी रहा पूरा सहयोग। इस मौके पर अनिल शर्मा, शिवम चौधरी, हर्ष शर्मा, मुदित ठाकुर, युवराज, उपेंद्र चौधरी, दीपेश चौधरी, प्रिंस चौधरी, तेजस, विजय देवी, गुड़िया शर्मा, गुड्डी भाटी, नेहा, करिश्मा, मानवी, गोलन, जगबीर व कॉलोनी वासी सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

## भाजपा के दबाव में काम कर रही है ईडी

**आप जिलाध्यक्ष बोले संजय सिंह को गिरफ्तार करने से पहले सम्मन तक नहीं भेजा गया**





**नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की ईडी द्वारा गिरफ्तारी से आम जनमानस में भारी रोष है। यह कार्रवाई, मोदी-अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ इंडिया की मजबूत आवाज संजय सिंह को दबाने की साजिश है। ये बात आप पार्टी के नोएडा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने कही। इसके बाद कार्याकर्ताओं के साथ उन्होंने सूरजपुर जिला मुख्यालय प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि 2024 में मोदी इंडिया गठबंधन से चुनाव हार रहे हैं। इसी बौखलाहट में इंडिया की मजबूत आवाज संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि फर्जी शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को बयान दिए लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नहीं लिया। सांसद संजय सिंह कोई अंजान व्यक्ति नहीं है क्या अभियुक्त को इतनी बार बयान देते हुए सांसद संजय सिंह का नाम याद नहीं आया अचानक से ईडी द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। महीने भर के अंदर अभियुक्त को जमानत मिल गई और ईडी ने उसकी जमानत का कोई विरोध नहीं किया। जमानत के कुछ दिन बाद ही उसको सरकारी गवाह बना दिया गया। 12 घंटे ईडी की रेड चली जिसमें सांसद संजय सिंह के घर का कोना कोना छान मारा फिर भी कुछ नहीं मिला इसके बावजूद गिरफ्तार किया।

## जिले में डेंगू के चार नए मरीजों की पुष्टि हुई

**नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने कहा कि ठंड बढ़ने के साथ ही डेंगू मरीजों की संख्या कम होने की संभावना है। अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या कम हुई है। नवम्बर में इक्का-दुक्का रोगी ही मिलते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस साल डेंगू के मरीजों की संख्या काफी अधिक रही है। ऐसे में लोगों को बीमारी से बचाव के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। जिस जगह पर भी मच्छर जनित स्थान या मच्छर का लार्वा मिल रहा है, वहां पर दवा के छिड़काव से साथ ही नोटिस जारी किए जा रहे हैं। दूसरी बार मच्छर जनित स्थान या लार्वा मिलने पर जुर्माना किया जा रहा है। अब तक 65500 रुपए जुर्माना किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में डेंगू पीड़ित एक महिला मरीज की मौत हुई थी। मरीज का कुछ दिन तक घर में ही दवाओं के जरिए परिजन इलाज कर रहे थे। हालत बिगड़ने पर पहले उन्हें जिला अस्पताल और फिर वहां से सेक्टर 27 स्थित एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया था, जहां पर महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

**डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 792**

## सिलेंडर फटने से झुलसे सात में दो लोगों की इलाज के दौरान मौत

**नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के गांव सलारपुर में 14 अक्टूबर की सुबह सिलेंडर फटने से झुलसे सात लोगों में से दो की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि पांच घायलों का अभी भी उपचार चल रहा है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं।

गांव सलारपुर में भूप सिंह के मकान में रणधीर नामक व्यक्ति किराए पर रहते हैं। पिछले शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे वह गैस चूल्हे पर समोसा बना रहे थे। तभी एलपीजी के छोटे सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कुछ ही मिनटों में सिलेंडर फट गया। सिलेंडर की चपेट में आने से जिला बदायूं की मालती देवी (50), जालौन के विजय (32), विजय की पत्नी माया (25), विजय का पुत्र कान्हा (11), बिहार की गुड़िया (32), रणधीर और सरोज (22) झुलस गए थे। हादसा होते ही मदद के लिए हाथ आगे बढ़े और घायल लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। कुछ देर बाद सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया था। एसीपी रजनीश वर्मा का कहना है कि हादसे में झुलसे रणधीर और मालती देवी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## दशहरा बाद वेदवन पार्क में शुरू होगा लेजर शो

**तैयार किए गए स्ट्रक्चर खराब न हो इसके लिए किया गया बंद**

**नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-78 स्थित वेदवन पार्क का शुभारंभ जून 2023 में हुआ था। पार्क में रोजाना हजारों की संख्या में लोग आ रहे हैं। दशहरे के मौके पर अधिक भीड़ आने से यहां तैयार किए गए स्ट्रक्चर को नुकसान और आसपास की सड़कों पर स्थिति खराब ना हो, इसको लेकर चार दिन के लिए लेजर लाइट शो बंद कर दिया गया है। दशहरे के बाद से लेजर लाइट पहले की तरह दोबारा शुरू हो जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त सौरभ श्रीवास्तव ने प्राधिकरण अधिकारियों से भीड़ को देखते हुए यह की सुविधा फिलहाल रोक देने की अपील की थी।

वेद वन पार्क में चारों वेदों के बारे में विस्तार से बताया गया है। पार्क में हर एक वेद के बारे में बताने के लिए अलग-अलग जोन बनाए गए हैं। जिस जोन में जिस वेद के बारे में बताया गया है, उस जोन में वेद में उल्लेखित पेड़ और औषधियां भी लगाई गई। करीब 12 एकड़ क्षेत्र में बने वेद वन पार्क को तैयार करने में लगभग 28 करोड़ की लागत आई है। वेद वन पार्क सुबह 9.00 बजे से लेकर रात के 9.00 बजे तक खुला रहता है। रात को 8.00 बजे आधे घंटे के लिए वाटर लेजर शो आयोजित किया जाता है। जिसमें चारों वेदों और पुराणों के बारे में जानकारी दी जाती है। इस पार्क में घूमने के लिए केवल नोएडा एनसीआर ही नहीं बल्कि काफी दूर से भी लोग आते हैं। वेद वन पार्क में नि:शुल्क एंट्री होती है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में यहां पर शुल्क लगाया जा सकता है, लेकिन इसको लेकर प्राधिकरण ने कोई जानकारी नहीं दी है। आप मेट्रो और ऑटो के माध्यम से भी यहां पर पहुंच सकते हो।

चार महीने पहले ही वेद वन पार्क दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, बल्कि दूरदराज रहने वाले लोगों के लिए खास बन गया है। आए दिन यहां दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। किसी काम या घूमने फिरने नोएडा आने वाले लोग वेद वन पार्क ज़रूर जा रहे हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि यूपी, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में भी ऐसा पार्क नहीं है। इसी वजह से यहां आए दिन काफी भीड़ आ रही है। बीते रविवार को करीब ढाई हजार गाड़ियों से 10 हजार के आसपास लोग पहुंचे।

## सेक्टर 100 लोट्स बुलेवर्ड में दुर्गा पूजा का आयोजन

**2500 परिवार लेंगे हिस्सा, बंगाल की तर्ज पर आयोजित होगी पूजा**

**नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर 100 में लोटस बुलेवर्ड सांस्कृतिक समिति (एलबीएसएस) ने सोसाइटी में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। दीप प्रज्जवल और मां की आरती के बाद कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। आयोजकों ने बताया कि पूजा का महत्व बढ़ गया है लेकिन मूल मूल्य वास्तव में नहीं बदला है। यह अभी भी बंगाल की कला और संस्कृति का उत्सव है। एक समावेशी त्योहार है जिसमें हर उस व्यक्ति के लिए जगह है जो इसका हिस्सा बनना चाहता है। चार दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में 2500 से ज्यादा परिवार हिस्सा लेंगे। उनके लिए रोजाना कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। पिछली बार आयोजकों ने पूजा का उद्घाटन करने और उत्सव का हिस्सा बनने के लिए वंचित बच्चों और विशेष रूप से विकलांग बच्चों को आमंत्रित किया था। इस वर्ष, उन्होंने एक गैर-लाभकारी संगठन, मैनोप फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के बुजुर्ग लोगों के एक समूह को बुलाया है। एलबीएसएस सचिव कौस्तव घोष ने कहा, हम दुनिया को बदल नहीं सकते, लेकिन हम निश्चित रूप से अपने परिवेश को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप खुशियां बांटते हैं तो वह कई गुना बढ़ जाती है। जब हम बुजुर्गों को आमंत्रित करने के लिए उनसे मिले तो वे हमें आशीर्वाद देने के लिए उत्सुक थे।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “

प्रधानमंत्री ने यह बहुत अच्छा कदम उठाया है कि महिलाएं अब पहले से ज्यादा सशक्त हुई है। जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने कहा कि संसद में जो महिला विधेयक पारित हुआ है, इसमें बहनों को आने वाले समय में बहुत अच्छा योगदान रहेगा।

**डॉ. अतुल तेवतिया**

## यमुना एक्सप्रेस वे पर वैन कार पलटी एक ही परिवार के 5 की मौत, तीन घायल



■ शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर में पलटी वैन

■ घायल तीन बच्चों की हालत चिंताजनक

**रबूपुरा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते अपनी रिश्तेदारी में शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे परिवार की ईको कार में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कार पलट गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 3 बच्चे घायल हो गए। वहीं अन्य दूसरे हादसे में एक वैगनआर व फॉर्च्यूनर की टक्कर में 4 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस व सुरक्षाकर्मियों ने घायलों को जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है तथा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अनुसार मूलरूप से झारखंड के गांव जपला, जिला पलामू निवासी उपेंद्र पुत्र रामप्रीत दिल्ली मदनपुर खादर स्थित जेजे कॉलोनी में रहते हैं। बताया जाता है उनकी रिश्तेदारी में कोई मौत हो गई थी जिसके चलते वह परिवार सहित शोक संवेदना व्यक्त करने यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते दिल्ली से झारखंड जा रहे थे। इसी दौरान जीरो प्वाइंट से 25 किमी0 की दूरी पर किसी अज्ञात वाहन ने शुक्रवार रात करीब 2 बजे उनकी ईको कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बेकाबू होकर कार पलट गई और हादसे में उपेंद्र, भाई बिजेन्द्र, भाभी कांति, भतीजी ज्योति व सुरेश पुत्र श्रीकांत की मौत हो गई जबकि उपेंद्र का 16 वर्षीय पुत्र सूरज एवं भतीजे आयुष व आर्यन गम्भीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों को जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। वहीं दूसरे हादसे में एक फॉर्च्यूनर व वैगनआर कार की भिड़ंत होने से चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर घायलों को उपचार के भेज दिया है।

## जेवर एयरपोर्ट से बल्लभगढ़ तक बन रही एक्सप्रेस वे का निर्माण समय से पूरा हो : डीएम



■ जिलाधिकरण ने एनएचआई द्वारा निर्माणधीन जेवर एयरपोर्ट-बल्लभगढ़ एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट से बल्लभगढ़ तक बनाई जा रही सड़क के निर्माण कार्यों का डीएम मनीष कुमार वर्मा ने किया स्थलीय निरीक्षण। एनएचएआई द्वारा कराए गए अब तक के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

शनिवार डीएम मनीष कुमार वर्मा जेवर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करने के उपरांत जेवर एयरपोर्ट पहुंचें, जहां नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट से बल्लभगढ़ तक बनाई जा रही सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए।

सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दयानतपुर एयरपोर्ट बाउंड्री से लेकर यमुना एक्सप्रेस वे के इंटरचेन तक के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि कार्य को ससमय में पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, एसीपी पुलिस रुद्र कुमार सिंह, एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर, परियोजना निदेशक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान नेता राकेश टिकैत ने धरना दे रहे किसानों में भरा जोश



■ जीरो प्वाइंट पर तेरह दिन से चल रहा है किसानों का धरना

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस वे के नीचे जीरो पॉइंट के तेरहवें दिन के धरने की महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत शामिल हुए, पंचायत की अध्यक्षता जीतराम नागर कनरासी एवं संचालन अनित कसाना ने किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि वार्ता के बिना समाधान नहीं निकलता। लखीमपुर खीरी कांड से बड़ा कांड नहीं हो सकता है, सरकार आपको पावर दे देगी तो हम समाधान निकाल लेंगे। जो लोग आन्दोलन कर रहे थे उनके खिलाफमुकदमा लिखा जा रहा है, जो विभाग मुकदमा लिखेगा उसके घर पर धरना होगा। पवन खटाना ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर के किसी भी गांव के नए अधिग्रहण से पूर्व सर्किल रेट में बढ़ोतरी हो, जेवर एयरपोर्ट के विस्थापित नीति में बदलाव हो, किसानों का 64.7 प्रतिशत का प्रतिकार दनकौर जगनपुर अट्टा फतेहपुर से प्रतिकार का वितरण तुरंत शुरू किया जाए। नोएडा विकास प्राधिकरण ग्रेटर विकास नोएडा व यमुना विकास प्राधिकरण किसानों की आबादी को जहां है जैसी उसे आबादी को छोड़ा जाए। गौतम बुद्ध नगर के सभी किसानों को 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड दिया जाए। इस मौके पर नगला हुकम सिंह, रनैहरा, कुरेम, नीमका, खाजपुर, दनकौर, नवादा, इमलिया, जुनेदपुर, महमूदपुर गुर्जर, डेरीन, चपरगढ़, तुगलपुर, याकूबपुर, इलाहाबास, शहदरा, गाढी, नलगढा, बिसरख आकूदपुर मोहियापुर दल्लूपुरा मंगरौली छपरौली आदि शामिल हुए।

**सार** संक्षेप

### फार्मेसी के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन आयोजित



**ग्रेटर नोएडा।** मेट्रो कॉलेज ऑफहेल्थ साइंसेस एंड रिसर्च, ग्रेटर नोएड़ा में मैट्रो समूह निदेशिका एवं एमडी, मैट्रो कॉलेज ऑफहैल्थ साइंसेस एण्ड रिसर्च डॉ. सोनिया लाल गुप्ता ने सभी को प्रोत्साहित से कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संस्था के निदेशिका, डॉ. कनक लता ने सभी नावांतुक छात्र/छात्राओं का स्वागत तथा उन्हें बधाई देने के साथ अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने छात्र/छात्राओं से उनके अध्ययन क्षेत्र में उनके पाठ्यक्रम और करियर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम, संस्थान एवं संस्थान की दैनिक कार्यप्रणालि के बारे में अवगत कराया गया एवं इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान छात्र/छात्राओं के द्वारा किए गए भिन्न भिन्न प्रतियोगितायों में भाग लेकर, विजयी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। पूर्व वर्ष में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी सम्मानित हुए। इस अवसर पर डॉ. कनक लता, निदेशिका-शिक्षा, डा. प्रवीन कुमार गौड़, प्रिंसिपल (फार्मेसी), सह कुलसचिव सुनील कुमार, शिक्षक गण व अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### आप कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संसद संजय सिंह की ईडी की तरफसे गिरफ्तारी को लेकर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अशोक कमांडो ने कहा कि आम आमदी पार्टी के लोगों को गलत तरीके से फंसाया जा रहा है, जब तक संजय सिंह की रिहाई नहीं हो जाती पार्टी के कार्यकर्ता अपनी आवाज उठाते रहेंगे। इस अवसर पर महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी, जिला प्रभारी सीएम चौहान, जिलाध्यक्ष भूपिंदर, जिला महासचिव राकेश अवाना, संजय चेची, डॉक्टर बब्लू सरोज, प्रदीप भाटी आदि साथी मौजूद रहे।

## जाहन्वी मित्तल ने उत्तरी क्षेत्र एक सीबीएसई तैराकी में जीता स्वर्ण पदक



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेयान इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा की कक्षा 7 बी की छात्रा जान्हवी मित्तल ने एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में 18 से 20 अक्टूबर तक आयोजित नॉर्थ जोन-1 सीबीएसई तैराकी चैंपियनशिप में भाग लिया। कार्यक्रम में 130 स्कूलों और 650 छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने जोनल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और सम्मानजनक स्थान हासिल किया। जाहन्वी को स्वर्ण पदक और रजत पदक और सर्टिफिकेट मिले हैं। 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में प्रथम स्थान, 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में दूसरा स्थान। उन्होंने सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप 2023 के लिए क्वालीफाई किया, जो 4-7 नवम्बर तक ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत हरियाणा में आयोजित की जाएगी। स्कूल प्रमुख सुधा सिंह ने उनके इस प्रयास की सराहना की और उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मुआवजे को लेकर राकियू लोकशक्ति की कलेक्ट्रेट पर पंचायत का ऐलान

**जेवर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्बे के झाझर रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें भूमि अधिगृहण से प्रभावित किसानों की मांगों व समस्याओं को लेकर 25 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सूरजपुर में पंचायत की घोषणा की गई तथा मांग पूरी न किये जाने पर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी गई।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जेवर तहसील मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के नेतृत्व में शनिवार को आयोजित बैठक में एयरपोर्ट व ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के भूमि अधिगृहण से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर सूरजपुर स्थित कलैक्ट्रेट परिसर में 25 अक्टूबर को पंचायत की घोषणा की गई तथा मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर मनोज भाटी, महेश भाटी, लक्ष्मन सिंह व चन्द्रपाल शर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री महिला कल्याण व बाल विकास विभाग ने महिलाओं से किया संवाद



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। मिशन शक्ति अभियान 4.0 के अन्तर्गत गलगोटिया इंजीनियरिंग कॉलेज ग्रेटर नोएडा में राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन प्रतिभा शुक्ला की उपस्थिति में जागरूकता एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ शक्ति सवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर महिला सशक्तीकरण और स्वावलम्बन की दिशा में आगे बढ़ने का आहवान किया गया, जिससे उत्तर प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति अभियान सफल हो सके, और अपनी पूर्णता को प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर्स, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, शिक्षक, स्टूडेंट, एनआरएलएम की महिलाएं, आशा बहुएं, एनम और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में वर्णिका सिंह सहायक पुलिस आयुक्त (महिला सुरक्षा), जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी व निदेशक असीम कादरी गलगोटिया इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विभाग की योजनाओं और विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया गया साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर और महिलाओं को उपलब्ध विधिक सहायता आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## केनरा बैंक आरसेटी ने स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित कर दिया प्रमाण-पत्र



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। केनरा बैंक आरसेटी ने स्वरोजगार के लिए वित्तीय वर्ष में कुल 17 प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें कुल 527 बेरोजगारों को नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रबंधन, सिलाई, जूट वस्तु उद्यमी, टेडी बिअर मेकिंग, फास्ट फूड स्टाल, आर्टिफीसियल ज्वेलरी बनाने, कृषि उद्यमी, सामान्य उद्यमिता विकास, डेरी फार्मिंग आदि व्यापार में प्रशिक्षण दिया गया। केनरा बैंक की तरफसे संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने स्वरोजगार के लिए नि:शुल्क 'डेरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट मेकिंग' का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से 21 अक्टूबर तक आरसेटी संस्थान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षण समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि ईमान अख्तर शाखा प्रमुख, केनरा बैंक, लुहारली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरकारी बैंको से जुड़कर बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्राप्त करें और कहा कि केनरा बैंक उनके विकास और उन्नति में साथ खड़ा है। अंत में संस्थान के निदेशक अनिल कुमार के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समारोह समाप्त हुआ।

## भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन में महिला आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री का व्यक्त किया आभार



**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र दादरी में परशुराम धर्मशाला में भाजपा महिलामोर्चा महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रजनी तोमर की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष भाजपा गजेंद्र मावी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अतुल तेवतिया जिला पंचायत अध्यक्ष बुलंदशहर रही। कार्यक्रम में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी और गौतम बुद्ध नगर जिला की विधानसभाओं की समन्वयक प्रभारी सुचित्रा पाठक कक्कड़ रही। कार्यक्रम विधानसभा दादरी की संयोजिका अपर्णा सिंह, कार्यक्रम संयोजक पवन नागर रहे। सहयोगी दादरी नगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल प्रमुख डॉ. संगीता रावल रही। डॉ. अतुल तेवतिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह बहुत अच्छा कदम उठाया है कि महिलाएं अब पहले से ज्यादा सशक्त हुई है। जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने कहा कि संसद में जो महिला विधेयक पारित हुआ है, इसमें बहनों को आने वाले समय में बहुत अच्छा योगदान रहेगा। रजनी तोमर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ने कहा कि हमें देने के लिए हमारा अधिकार प्रधानमंत्री हार्दिक आभार है। इस दौरान उषा बत्स, रजनी कटियार, पूनम सिंह, साधना सिसोदिया, कुमुद श्रीवास्तव, मंगेश त्यागी, आशा शर्मा, राजबाला चौधरी, मुकेश भाटी, अरुणा शर्मा, सृष्टि त्यागी, अंजना त्यागी, संगीता तिवारी आदि मौजूद रही।

## नवदुर्गे मंदिर पर कबड्डी टूर्नामेंट में वैना की टीम ने किशन सांवलिया को दी शिकस्त

**जेवर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री नवदुर्गे मंदिर परिसर में चल रहे 59वें नवरात्रि मेला में शुक्रवार देर शाम को पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें खिल्लू वैना की टीम ने किशन सांवलिया की टीम को शिकस्त देकर प्रथम स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट देखने के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्र से कबड्डी प्रेमियों की भारी भीड़ पहुंची। नवरात्रि मेला समिति के संचालक कुलदीप पंडित ने बताया कि मंदिर परिसर में बुधवार को पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया था। जिसमें 60 टीमों ने भाग लिया। शुक्रवार को देर शाम कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें खिल्लू वैना की टीम ने कड़े मुकाबले में किशन सांवलिया की टीम को शिकस्त दी। आयोजकों की तरफ से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने विजेता टीम को 41 हजार रूपए, उपविजेता टीम को 31 हजार रूपए तथा टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिल्लू वैना को उपहार साइकिल भेंट की। शनिवार को रबूपुरा नगर पंचायत के अध्यक्ष शशांक ठाकुर द्वारा कुश्ती दंगल का शुभारंभ किया गया जिसमें देर शाम को 51 हजार की अंतिम कुश्ती होगी। रविवार महा कुश्ती दंगल में एक लाख रूपए की अंतिम कुश्ती होगी। इस मौके पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, नरेन्द्र गोयल, सुभाष चंद गर्ग, देवेश जैन, यतीश गोयल, जय प्रकाश गोयल, विनोद मिश्रा, सचिन अग्रवाल, नितीश छौंकर, सौरभ ठाकुर व पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न में ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज, पांच लाख व गाड़ी की थी मांग

**दनकौर,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रीलखा गांव निवासी पूनम ने अपने पति और अन्य ससुराल वालों पर दहेज में 5 लाख रुपए और गाड़ी नहीं मिलने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अदालत में गुहार लगाई थी। पुलिस ने शनिवार को अदालत ने पति, सास व ननद नंदोई आदि पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने शिकायत में कहा है कि उसकी शादी साल 2011 में इंद्रगढ़ी हापुड़ निवासी पवन के साथ हुई थी। पिता ने शादी में करीब 10 लाख रुपए दहेज आदि में खर्च किये थे। लेकिन शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। पीड़िता के पिता से अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रुपए व गाड़ी की मांग करने लगे।

जब पीड़िता अपने दहेज मंगवाने में असमर्थता जताती तो उसके साथ पति मारपीट करने लगा। यहां तक उसे खाना देना भी बंद कर दिया। उसके पिता बेटी को प्रताड़ित होते देख मायके लेकर आ गए। लेकिन कुछ दिन बाद ही पति व अन्य लोग समझौता कर फिर ससुराल ले गए। उसके बाद साल 2021 में पीड़िता को फिर से दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। तभी से वह मायके में रह रही है। आरोप है कि जनवरी 2023 में पति व अन्य ससुराल वाले उसके घर आये और दहेज की मांग की। पिता ने मना किया तो आरोपियों ने मारपीट की और फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि अदालत के आदेश पर पीड़िता के पति पवन, सास केला देवी, ननद पुष्पा व नंदोई प्रेम आदि पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच कर आरोपियों जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जिला कारागार में मनोसामाजिक केंद्र की हुई स्थापना



■ विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफसे निरूद्ध बंदियों के लिए पुनर्वास पुन: एकीकरण के लिए शिविर आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में एवं जिला न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के नेतृत्व में तथा अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला कारागार लुक्सर में निरुद्ध बंदियों के पुनर्वास पुन: एकीकरण के उद्देश्य से आरंभिक कार्य योजना के तहत जिला कारागार में मनोसामाजिक केंद्र स्थापित करते हुए शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में बंदियों के मानसिक रूप से आ रही समस्याओं का मूल्यांकन तथा उनकी क्षमताओं को परखना, जिससे कि मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलिंग के माध्यम से उनका उपचार किया जा सके, ताकि कारागार से बाहर जाने के पश्चात बंदियों का परिवार एवं समाज के साथ पुन: एकीकरण संभव हो सके।

इस अवसर पर समन्वयक विधिक सहायता केंद्र स्कूल ऑफ़ लॉ गलगोटिया विवि प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह एवं मनोविज्ञान विभाग गलगोटिया विवि प्रोफेसर डॉ. शिखा श्रीवास्तव द्वारा ऐसे बंदियों को मानसिक रूप आ रही समस्याओं, मानसिक बीमारी सहित किसी भी असामान्यता की पहचान करने के लिए मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया गया। ऐसे बंदी जो अपनी समस्याओं को व्यक्त नहीं कर पाते, उन्हें कागज और कलम प्रदान करते हुए कागज पर अपने मन में आ रहे विचारों, समस्याओं को लिखकर अथवा चित्र के माध्यम से व्यक्त करने के लिए कहा गया। उन्होंने बंदियों के लेखन व चित्र के माध्यम से व्यक्त किए गए विचारों के आधार पर उनकी मनोदशा का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार के अधिकारी गण/कर्मचारी गण एवं समन्वयक विधिक सहायता केंद्र स्कूल ऑफ़ लॉ गलगोटिया यूनिवर्सिटी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-लखनावली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-एल.ए.के. 0151, भूखण्ड संख्या-34, क्षेत्रफल-140 वर्ग मीटर श्री भरतू पुत्र श्री बुद्धा, निवासी ग्राम लखनावली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री भरतू पुत्र श्री बुद्धा मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री सर्वजीत, सुखवीर पुत्रगण स्व० श्री भरतू व श्री नीरज पुत्र स्व0 श्री जयवीर पौत्र स्व० भरतू श्री सौरभ पुत्र स्व0 श्री जयवरी, श्रीमती राजवती उर्फ राजो पत्नी स्व० श्री जयवीर पौत्र/पुत्रवधु स्व० भरतू, श्रीमती प्रकाशो उर्फ परका (विवाहित) पुत्री स्व० श्री भरतू, निवासी-ग्राम-सुनपुरा, सोहनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री सर्वजीत, सुखवीर पुत्रगण स्व० श्री भरतू व श्री नीरज पुत्र स्व0 श्री जयवीर पौत्र स्व० भरतू निवासी ग्राम सुनपुरा, सोहनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री सर्वजीत, सुखवीर पुत्रगण स्व० श्री भरतू व श्री नीरज पुत्र स्व0 श्री जयवीर पौत्र स्व0 भरतू निवासी ग्राम सुनपुरा, सोहनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा
जिला-गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1047, 10th Floor, Tower-G, GC-11/11th Avenue, Area-174.67 Sqm., Greater Noida जो कि Mrs. Amita Sinha निवासी Flat No. 402, Block-A, Patilputra Rail Parisar, Dighaghat Patna के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-17.08.2016 को पंजीकृत है। Mrs. Amita Sinha की मृत्यु के उपरान्त उनके पति Mr. Murli Manohar Prasad S/o Late Shree Narayan Ji ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Murli Manohar Prasad S/o Late Shree Narayan Ji का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ० वि० प्राधिकरण

# अहसास

■ हरिप्रकाश राठी

बहुत पुरानी कहानी है। मेरी नानी मुझे सुनाया करती थी।

तब किसी देश में एक राजा राज्य करता था। राजा नितांत न्यायप्रिय एवं प्रजावत्सल था। उस राजा के इंसाफ के किस्से दूर-दूर तक सुनाये जाते। न्याय हर एक को मिले एवं हर हाल में मिले, यही उस राजा का उसूल था। राजा न्यायप्रिय होने के साथ-साथ प्रजारंजक भी था। वह प्रजा के दु:ख को अपना दु:ख समझता एवं हर समय इसी धुन में रहता कि प्रजा अधिक सुखी किस तरह हो सकती है। कहते हैं राजा एक बार घोड़े पर बैठकर शिकार खेलने गया तो राह में एक किसान का बच्चा घोड़े के नीचे आ गया। राजा बच्चे को लेकर उल्टे पाँव नगर लौट आया, राजवैद्य से इलाज करवाया एवं उसके ठीक होने तक पूरे पाँच दिन अन्न का दाना तक नहीं लिया।

ऐसे न्यायप्रिय राजा को उसकी प्रजा भी हृदय से आदर देती थी। ऐसे धर्मनिष्ठ राजा एवं प्रजा के चलते उस देश में वर्षा समय पर होती थी, अनाज रसयुक्त होते थे एवं वहाँ अकाल मृत्यु सुनने में नहीं आती थी।

इसी देश में दो मित्र निवास करते थे जिनकी बचपन से गाढ़ी मित्रता थी। दोनों एक दूसरे पर जान देते। दोनों एक-दूसरे के बिना रह ही नहीं पाते। दोनों हमउम्र युवा थे एवं इनमें से एक दूसरे से एक वर्ष बड़ा था। बड़े का नाम 'अरिष्टकेतु' एवं छोटे का 'सुमंत' था। दोनों एक मोहल्ले में पैदा हुए, दोनों के माता-पिता की आर्थिक स्थिति भी तकरीबन एक-सी थी, दोनों के घर विपन्न थे, दोनों गुरुकुल में भी साथ रहे एवं विवाह होने तक बहुधा साथ देखे जाते।

विवाह के कुछ वर्ष पश्चात् दोनों की नियति उन्हें भिन्न मार्गों पर ले गई। संयोग कुछ ऐसा हुआ कि सुमंत दिन-दिन आगे बढ़ता गया, चंद समय में ही उसका व्यवसाय चहुँ ओर फैल गया यहाँ तक कि व्यावसायिक जगत में उसके नाम की तूती बोलने लगी। उसके नाम की प्रतिष्ठा उतनी अधिक थी कि व्यवसायी उसकी लिखी हुण्डियों को स्वर्णमुद्राओं के समकक्ष मानने लगे। इससे ठीक विपरीत अरिष्टकेतु के सितारे तमाम प्रयासों के बावजूद गर्दिश में चले गए। वह जिस व्यवसाय में हाथ डालता उसी में नुकसान होता एवं इसी के चलते वह दिन-दिन वैसे ही सूखने लगा जैसे अकाल में नदी-तालाब सूख जाते हैं। उसकी दशा भी ऐसे ही तालाबों की उन मछलियों की तरह हो गई जो भावी की आशंका से दिन-रात तड़पती रहती है। सुमंत ने उसे अनेक बार सहयोग का प्रस्ताव भी किया, पर अरिष्टकेतु अभिमानी था, सुमंत से सहयोग लेना उसे गवारा न हुआ।

इसी दरम्यान अच्छे कारोबार के चलते सुमंत सपरिवार किसी बड़े जनपद में जाकर बस गया। यह जनपद उसके नगर से सौ कोस पर था। यहाँ आकर सुमंत के पौ-बारह हो गए। बड़े जनपद में माल की बिक्री कई गुना होने से उसकी व्यावसायिक बुलंदिया आसमान छूने लगी। उसका सिक्का चलने लगा तथा विपन्नता बीते दिनों की बात बन गई। नये जनपद पर आने के तीन वर्ष पश्चात् सुमंत के माता-पिता का निधन हो गया एवं उसे हरकारों से पता चला कि अरिष्टकेतु के माता-पिता भी कुछ समय पूर्व स्वर्गलोक सिधार गए हैं। बादलों में चमकने वाली बिजली की तरह अरिष्टकेतु की स्मृति यदा-कदा उसके मन:पटल पर कौंधती लेकिन व्यावसायिक व्यस्तता के चलते धीरे-धीरे इस स्मृति का भी लोप हो गया।

काल का महानद कब रुका है। इस बात को भी दस वर्ष होने को आए। इन्हीं दिनों सुमंत एक बार अपनी ऊँची गद्दीदार पेढ़ी पर बैठा था कि एक फटेहाल भिखारी उसके समीप आया एवं वहीं आकर खड़ा हो गया। कृशकाय शरीर, सूखे होठ तथा दीन आँखों से वह साक्षात् विपन्नता का कंकाल लगता था। असहज सुमंत ने तिजोरी से कुछ निकाला एवं उसे दे ही रहा था कि यकायक चौंका। उसकी आँखें फटी रह गई। एक मित्र ने दूसरे मित्र को पहचानने में कोई भूल नहीं की। सुमंत उठा एवं अरिष्टकेतु को गले लगा लिया। हर्ष पुलकित उसकी आँखें भर आई। हृदय प्रेम, आनंद एवं श्रद्धा से भर गया। संयत हुआ तो बोला, ''मित्र! तुम्हारी यह दशा कैसे हो गई ? ऐसी विकट परिस्थिति में तुम मेरे पास चले क्यों नहीं आए ?'' कहते-कहते सुमंत की आँखों से गंगा-जमुना बह गई।

''सब भाग्य का खेल है मित्र! तुम्हारे नगर छोड़ने तक मुझे लगा मैं स्वयं को पुनर्स्थापित कर लूंगा। मैनें कुछ अन्य कारोबार भी किए, लेकिन उनमें भी सफलता नहीं मिली। अब हिम्मत जवाब दे गई है। मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो चला है एवं लोग मुझ पर विश्वास नहीं करते। तुम्हारी भाभी एवं बच्चे अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं।'' कहते-कहते अरिष्टकेतु का गला भर आया।

''तुम चिंता न करो मित्र! उन सबको मैं चुकता कर दूंगा। मैंने यहाँ इतना धन कमाया है कि सात पीढ़ियों के लिए पर्याप्त है। अब मेरा इस जनपद से भी मन भर गया है। पुराने नगर की याद दिन-रात सालती है। तुमने आकर उन स्मृतियों को पुनर्जीवित कर दिया है। गत कुछ समय से इधर का व्यवसाय बंद कर अपने नगर लौटने की भी सोच रहा हूँ। तुम्हारी भाभी एवं बच्चों की भी यही मंशा है। अब तुम आ गए हो तो इस योजना को त्वरित अंजाम दूँगा। अपना नगर अपना नगर होता है।'' कहते-कहते सुमंत की श्वासों में मिट्टी की गंध महक उठी।

कुछ ही माह में कारोबार समेटकर दोनों मित्र पुराने नगर में आ गए एवं मिलकर वहीं कारोबार करने लगे। सुमंत के सहयोग से अरिष्टकेतु की न सिर्फ पुरानी प्रतिष्ठा लौट आई, उसका व्यवसाय भी दिन दूना बढ़ने लगा।

भाग्य, भावी एवं भवितव्यता प्रबल है।

इस संसार में कौन है जिसे चिंता रूपी सर्पिनी ने नहीं खाया ? मोह ने किसे मतिभ्रम नहीं किया ? डाह ने किसे नहीं डसा ?

> ''सब भाग्य का खेल है मित्र! तुम्हारे नगर छोड़ने तक मुझे लगा मैं स्वयं को पुनर्स्थापित कर लूंगा। मैनें कुछ अन्य कारोबार भी किए, लेकिन उनमें भी सफलता नहीं मिली। अब हिम्मत जवाब दे गई है। मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो चला है एवं लोग मुझ पर विश्वास नहीं करते। तुम्हारी भाभी एवं बच्चे अत्यंत विषम परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं।'' कहते-कहते अरिष्टकेतु का गला भर आया।

अरिष्टकेतु वैसे तो सुमंत का उपकार मानता था, परन्तु उसकी समृद्धि एवं संपर्कों को देख अनेक बार ईर्ष्या से दग्ध हो उठता। सुमंत की बढ़ती उसकी आँखों में खटकने लगती। यह ईर्ष्या अनेक बार इतनी गहन होती कि अरिष्टकेतु कल्पनाओं में मित्र का अरिष्ट तक सोचने लगता। व्यक्ति जब नकारात्मक विचारों से घिर जाता है तो स्वयं का विकास उसका लक्ष्य नहीं होता वह तो 'भाई भले ही मरे, भाभी विधवा होनी चाहिए' की तर्ज पर दूसरे का सम्पूर्ण विनाश सोच लेता है। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी, राजसेवक बहुधा सुमंत के घर आते। वह अनेक समारोह में मुख्य अतिथि बन कर जाता यहाँ तक कि नगर के अनेक उत्सवों तक में नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की पंक्ति में होता। सुमंत उदार था। वह अर्जन के साथ विसर्जन की महत्ता भलीभांति समझता था। फल देने वाला वृक्ष किसे प्रिय नहीं होता। अरिष्टकेतु को यह कतई नहीं सुहाता कि उसकी दशा उसी के साथ पले-बढ़े मित्र के सामने ऐसी हो। इन्हीं विचारों के चलते अरिष्टकेतु के मस्तिष्क में एक भयानक योजना ने मूर्तरूप ले लिया।

एक बार अरिष्टकेतु सुमंत को नगर परकोटे से कुछ दूर घूमने के बहाने ले गया। दोनों बचपन में अक्सर यहाँ आते थे। बातें करते-करते सुमंत बचपन की स्मृतियों में खो गया एवं उसी समय अरिष्टकेतु ने कटार घोंपकर सुमंत का वध कर दिया। मरते-मरते सुमंत ने क्षणभर के लिए अरिष्टकेतु को देखा एवं फिर यह सोचकर आँखें मूंद ली कि अब दुनिया में देखने लायक क्या रह गया है ? अरिष्टकेतु ने बड़ी चतुराई से उसका शव वहीं गाड़ दिया एवं नगर आकर विलाप करते हुए सबको बताया कि सुमंत को एक चीता उठाकर ले गया। वह बहुत दूर उसके पीछे भागा, लेकिन चीता घनी पहाड़ियों में विलीन हो गया। पारिवारिक विश्वास के चलते थोड़े समय में उसने सुमंत के व्यवसाय पर भी आधिपत्य कर लिया एवं अब वह भी शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायियों में एक था।

इस घटना की सूचना राजा तक पहुँची एवं तफ्तीश करने पर भी कोई चिह्न न मिला तो राजा को दाल में काला लगा।

जिस नगर परकोटे की अगोचर शक्तियाँ रक्षा करती हो वहाँ यह पाप कैसे छिपता ?

एक दिन एक गडरिये ने आकर सेनापति को समाचार दिया कि वह अपनी मरी भेड़ गाड़ने के लिए एक स्थान खोद रहा था कि वहाँ उसे एक कंकाल एवं कुछ वस्त्र दिखे तथा उस कंकाल के समीप से यह दो अंगूठियाँ एवं कटार भी प्राप्त हुए हैं। सेनापति ने अंगूठियों एवं अन्य वस्तुओं की तफ्तीश करवाई तो यह स्पष्ट हो गया कि यह जघन्य अपराध अरिष्टकेतु ने किया है।

सेनापति उसे पकड़कर राजा के पास लाया एवं राजा को बताया कि किस तरह इस कृतघ्न ने इस पर उपकार करने वाले सज्जन मित्र की जघन्य हत्या की है। सेनापति ने दोनों की मित्रता का इतिहास राजा को बताया तो राजा के माथे पर बल पड़ गए। उसकी आँखें क्रोध से चमकने लगी, लेकिन वह संयत रहा। राजा उसे इस तरह एवं ऐसा दण्ड देना चाहता था जिसकी गूंज दूर तक जाए। राजा ने गौर से अरिष्टकेतु की ओर देखा। राजा ने अनेक अपराधी देखे थे। अरिष्टकेतु को देखकर वह ताड़ गया कि अरिष्टकेतु मूलत: सज्जन है, लेकिन लोभ एवं ईर्ष्या के वशीभूत उसने ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम दिया है। संभवत: इसने भी ऐसा घिनौना कृत्य करने की कल्पना नहीं की होगी। आँखों में परदा पड़ जाय तो इंसान क्या नहीं कर बैठता। अपराध फिर भी अपराध है एवं अपराधी को सजा मिलनी ही चाहिए। राजा सेनापति के निकट आया एव तेज आवाज में पूछा, ''सेनापति! तुम्हीं बताओ ऐसे कृतघ्न मित्रघाती को क्या दण्ड दिया जाय ?''

''राजन्! इसे बांधकर नगर के बाहर ऐसी जगह डलवा दिया जाय जहाँ माँसभक्षी पशु-पक्षी इसे नौंच-नौंच कर खा सकें। पक्षियों की तीखी चोंचें जब इसके बदन को आहत करेंगी तब इसे मित्र के उपकार एक-एक कर याद आएंगे।'' कहते-कहते रोष एवं आवेश के मारे सेनापति की आँखें लाल हो गई।

''लेकिन यह कैसे संभव है सेनापति ? क्या तुम नहीं जानतेज्'' कहते-कहते राजा ने सेनापति की ओर इस तरह देखा मानो वो उसे कोई विशिष्ट संदेश देना चाहता हो।

चतुर सेनापति ने राजा के मन की थाह जान ली। वह राजा की आँखों के इशारे का गूढ़ार्थ भांप गया। कुछ रुककर बोला, ''राजन्! मैं क्या नहीं जानता ? मैंने कुछ गलत तो नहीं कह दिया ? क्या यह दण्ड ऐसे जघन्य अपराध के अनुकूल नहीं है ?''

''मैं तुम्हारे द्वारा बताये दण्ड को गलत नहीं कह रहा, पर संभवत: तुम नहीं जानतेज्ज'' कहते-कहते राजा कुछ क्षण के लिए रुक गया।

''राजन्! आप अपनी बात स्पष्ट करें।'' सेनापति बोला।

''सेनापति! क्या तुम नहीं जानते कि मेरे नगर के माँसभक्षी पशु-पक्षी कृतघ्न व्यक्ति का माँस नहीं खाते। इसने अपने परम उपकारी मित्र का वध किया है। ऐसे दुर्दान्त, मित्रघाती एवं निकृष्ट व्यक्ति का माँस खाकर वे अपनी गति क्यों बिगाड़ेंगे ? पशु-पक्षी भी किसी धर्म से बंधे होते हैं। इससे तो अच्छा यही होगा कि वे किसी सड़े-गले मरे जानवर का मांस खा लें, ऐसा करके वे एक महान पाप से बच जाएंगे।'' कहते-कहते राजा ने तीखी आँखों से अरिष्टकेतु की ओर देखा।

अरिष्टकेतु पर बिजली गिरी। राजा का एक-एक वाक्य अपमान का तीखा बाण बनकर उसकी आत्मा में धंस गया। वह नख-शिख पसीने से नहा गया। सुमंत का चेहरा उसकी आँखों के आगे होकर घूमने लगा। उसकी पराजित, ग्लानित, अपमानित आत्मा उसके आगे असंख्य प्रश्न लेकर खड़ी हो गई। रे नराधम! रे कृतघ्न! तुमने ऐसा क्यों किया ? सुमंत ने तुम्हें भिखारी से श्रेष्ठि बनाया पर तुमने क्या सिला दिया ? तुम्हारे विश्वास पर तो वह सब कुछ छोड़कर जनपद से नगर चला आया था ? हा मित्र! मैंने यह क्या कर डाला ? हा! हा! मैंने यह क्या कर डाला ? मैं इतना निकृष्ट क्यों कर हो गया ? राजन् ठीक ही कहते हैं कि मुझ पातकी का माँस माँसभक्षी पशु-पक्षी तक नहीं खाएंगे ? यही सोचते-सोचते उसका सर घूमने लगा, आँखों से गंगा-जमुना बह निकली, वह निश्चेष्ट हो गया तथा देखते ही देखते राजा एवं सेनापति के सामने जड़ से कटे वृक्ष की भांति नीचे गिरकर ढेर हो गया।

अरिष्टकेतु की मृत्यु के पश्चात् विस्मयविमुग्ध सेनापति ने राजा से पूछा, ''राजन्, आज आपने यह कैसा दण्ड दिया ? आपकी वह बात मैं पूरी तरह समझ नहीं पाया कि आपके नगर के माँसभक्षी पशु-पक्षी कृतघ्न मित्र का माँस नहीं खाते ? यह कैसे संभव है ? भला ऐसे पशु-पक्षी भी किसी को बख्शते हैं? उनका तो यही धर्म है। वे यह कहाँ सोच पाते हैं कि यह कृतज्ञ का माँस है अथवा कृतघ्न का ?''

इस बार राजा मुस्कुराया एवं सेनापति के कंधे पर हाथ रखते हुए बोला, ''तुम ठीक कहते हो पशु-पक्षी ऐसा नहीं सोच सकते, लेकिन मनुष्य तो ऐसा सोच सकता है कि उसने कितना जघन्य अपराध किया है ? भटके हुए सज्जन एवं क्रूर अपराधी के दण्ड में अंतर तो होना ही चाहिए। दण्ड अपराध के अनुरूप ही नहीं, अपराधी के अनुरूप भी हो। पशु भी एक लाठी से नहीं हाँके जाते। मनुष्य तो फिर प्रज्ञाचेतन जीव है। मैं चाहता था कि दण्ड के पूर्व अरिष्टकेतु आत्मचिंतन करे। उसका आत्मचिंतन ही उसका मृत्युदण्ड था।''

''मैं समझा नहीं राजन्!'' ऐसे अनूठे दण्ड को सुनकर सेनापति की आँखें फैल गई।

''सेनापति! कठोर मृत्युदण्ड की सजा तो जगत के दुर्जनों के लिए है, सज्जन तो अहसास मात्र से मर जाते हैं। अरिष्टकेतु के समक्ष मैं जो कुछ कह रहा था, वह तो मात्र उसका अहसास जगाने भर के लिए था।''

''राजन्! सचमुच आप न्यायविद् हैं।'' कहते-कहते सेनापति का गला भर आया।

# स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य- हमारे जीवन मूल्य

■ सेवाराम त्रिपाठी

- पुस्तक. स्वाधीनता आन्दोलन और साहित्य
- सं. श्यामबाबू शर्मा
- प्रकाशक. अनुज्ञा बुक्स दिल्ली,
- मूल्य.799 रू
- रजनीगंधा 06. शिल्पी उपवन, अनंतपुर

स्वाधीनता से बढ़कर इस दुनिया में कोई चीज़ नहीं। स्वतंत्रता है तो सब कुछ है अन्यथा कुछ भी नहीं। पुस्तक का शीर्षक है. स्वाधीनता आंदोलन और साहित्य। इसे अनुज्ञा बुक्स दिल्ली ने प्रकाशित किया है। इसकी विधिवत योजना 16 मार्च 2022 को श्यामबाबू शर्मा ने बड़े उत्साह के साथ मुझसे साझा की थी। अपने तई मैंने उनका हमेशा उत्साहवर्धन ही किया। वे बेहद उत्साही व्यक्ति हैं और उनकी सक्रियता ने हमें एक ठोस आधार और एक बड़ा नेटवर्क भी दिया है। वे संवाद पर अमल भी किया करते हैं। सक्रियता का आदान.प्रदान भी करते हैं। उन्होंने मुझे जो मान.सम्मान दिया है, वह सामान्य नहीं महत्वपूर्ण है। उन्होंने मेरी अनुशंसाओं को भलीभांति क्रियान्वित भी किया है। उसके बारे में क्या कहूं, सोचता हूं ऐसे आदमी भी इस मायावी महाबाज़ार में ढल रही दुनिया में मौजूद हैं। हम रिश्तों के विखंडन की त्रासदी भी झेल रहे हैं। खैर, यह एक अलग प्रश्न है।

सच मानिए, मैंने अपने किसी मित्र को इस विषयक कभी कोई फ़ोन नहीं किया कि आपको लिखना है। सम्पादक को खुला छोड़ दिया था। यह भी आश्चर्य से कम नहीं है। मेरे मित्रों ने मेरे संदर्भ को इतनी अहमियत दी। इसका सचमुच गर्व है मुझे। लेकिन यह गर्व वाकई में हिंदू होने जैसा गर्व नहीं है। मैं अपने तई एक चुप्पा किस्म का, एक अदना सा आदमी रहा हूं। अपनी आत्मा में ही बहता हूं। साहित्य में कभी कोई धूम.धड़ाका करने की कोशिश भी नहीं करता। 28 मार्च को मैंने उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित किया कि भारत की विविध भाषाओं में स्वाधीनता आंदोलन के अवदान को इसमें शामिल किया जाए तो बेहतर होगा। 4 अप्रैल को मैंने सुझाया कि मेरे मित्र और संस्कृत साहित्य के प्रकांड विद्वान प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी जी को इससे जोड़ा जाए और संस्कृत में स्वाधीनता आंदोलन के जो तमाम रूप रहे हैं उनसे निवेदन किया जाए कि उसे आलेख के रूप में प्रस्तुत करें। मैंने उन्हें त्रिपाठी जी का फोन नंबर उपलब्ध कराया और उनसे संपर्क करने को कहा। उसी तरह कन्नड़ भाषी मेरे मित्र हिंदी के विद्वान प्रो. धरणेंद्र कुरकुरी से अनुरोध करने के लिए कहा कि कन्नड भाषा में स्वाधीनता आंदोलन को आलेखित करें। 20 अप्रैल को मैंने अपने लिए भी विषय का चयन किया और कई दिक्कतों के बावजूद एक प्रतिज्ञा की तरह उस काम को पूरा किया। अग्रज रामकुमार कृषक जो छंद के भी ज्ञाता है और अत्यंत समझदार भी। सुधीर विद्यार्थी का नाम सुझाते हुए मैंने उन्हें बताया कि वे स्वाधीनता आंदोलन के क्रांतिकारी साहित्य के बारे में बेहतर तरीके से लिख सकते हैं। संपर्क सूत्र दे रहा हूं। बातें करें। एक बार ही उनसे लघुपत्रिका समन्वय समिति के आज़मगढ़ अधिवेशन में मिलना हुआ था। पांडेय शशिभूषण शीतांशु का भी नाम सुझाया। हालांकि एक बार ही उनसे मिला हूं बनारस में 1994में। उनसे भी मैंने आलेख लिखने के लिए कहने का अनुरोध किया। पूर्व में श्यामबाबू इस पुस्तक में कुछ लिखना नहीं चाहते थे। मैंने उन्हें समझाया कि आप ज़रूर लिखें। मैं मित्रों के नाम सुझाता गया, वे संपर्क करते रहे। कभी सफल हुए कभी असफल। कुछ और मित्रों. जानकारों के नाम सुझाए। जैसे अग्निशेखर और क्षमा कौल जी का। यह ठीक है कि अपनी विशेष व्यस्तताओं के कारण वे आलेख नहीं लिख सके। मैं सूत्र बताता गया और वे अपने उत्साह में अपनी कार्यविधि में उसे परिणत करते रहे।

इस किताब की विशेषता यही है कि हिंदुस्तानी भाषाओं में स्वाधीनता आंदोलन के सिलसिले में जो संघर्ष हुए हैं और साहित्य में उसे जिस तरह रेखांकित किया गया है। जिस प्रकार की उसकी विविध छवियां हैए उसे सामने लाया जाए। हिंदी, संस्कृत, मराठी, बांग्ला, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगू, असमिया, मणिपुरी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी, कश्मीरी, उड़िया, संथाली जैसी भाषाओं को इसमें केंद्रित किया जा सका है। इस क़िताब में लोक साहित्य. संस्कृति, सिनेमा, नाटक, उपन्यास, कविता के साथ पत्रकारिता और उसमें स्वाधीनता आंदोलन के व्यापक परिप्रेक्ष्य को पहचानने का एक विनम्र प्रयास किया गया है। यह मार्च से लेकर जुलाई 22 तक की महत्त्वपूर्ण रचनायात्रा है। इन पाँच महीनों में जिस उत्साह, उमंग, लगन और श्रद्धा से सम्पादक और लेखक मित्रों ने काम को अंजाम दिया है। वह मेरी निगाह में बेमिसाल है। श्याम बाबू ने जो काम किया है उसी का प्रतिफल है यह क़िताब। इसमें स्वतंत्रता आंदोलन का संघर्ष और समर्पण तो है ही उसकी खुशबू और महत्त्व भी है।

स्वाधीनता आंदोलन में इस देश का प्रत्येक वर्ग शामिल रहा है। जीवन के इस व्यापक रूप में देश के सभी लोगों ने कंधा से कंधा मिलाकर गुलामी से मुक्ति के लिए यह दिलचस्प मारक और अमूल्य लड़ाई लड़ी है। अपने प्राणों की आहुतियां दी. युवा पीढ़ी को जानना होगा कि यह आज़ादी दीवानगी और संघर्ष से ही कमाई गई है। यह फालतू पड़ी हुई कोई वस्तु नहीं है। वे इसकी कीमत समझें और इसकी सुरक्षा के लिए कुछ उठा न रखें। जुनून नहीं तो आज़ादी नहीं। जुनून नहीं तो जीना नहीं। जुनून और समर्पण नहीं तो लेखन भी नहीं। वे गीत हमें आज भी प्रेरणा देते हैं।

आज़ादी के अमृत महोत्सव में उस जज्बे को जीवित और जीवंत रखें। आज़ादी कहीं पड़ी हुई नहीं मिलती। वह लोक कल्याण की असली धुरी है। वह बलिदान मांगती है। वह हमारी अस्मिता है। स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों से इसे हमें सीखना चाहिए। आज़ादी कायम है तो हम हैं। आज़ादी कायम नहीं तो हम भी नहीं हैं। वास्तव में यह सेंत-मेंत की दुनिया नहीं है । उसे लाना पड़ता है, निगरानी करनी पड़ती है और सतत कुर्बानी भी देनी पड़ती है। आज़ादी कोई सस्ती चीज़ नहीं है। यह अमूल्य होती है। इसका मूल्य वे जानते हैं जिन्होंने आज़ादी प्राप्ति के लिए गुलामी के खिलाफ़ लड़ाई लड़े थे और जो यह कठिन लड़ाई आज़ादी की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हमें इसकी कदर करनी चाहिए। इसकी अवहेलना नहीं । भारतीय जीवन में इस दौर में अस्मिता की खोज और पहचान एक बेहद ज़रूरी मुद्दा है। भारत ने कभी भी नफ़रत फ़ैलाने का महासंग्राम नहीं लड़ा था। अवहेलना तो देखी थी, अब यह साक्षात हमारे सामने है। संभवत: इसीलिए स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों की सांसें फूल रही हैं। कभी प.जवाहर लाल नेहरू ने एक तथ्य की ओर हमारा ध्यान केंद्रित किया था कि मेरे भीतर पश्चिम और पूर्व का तनाव है, मेरे भीतर प्राचीन और आधुनिकता का तनाव है। इस मार्के की बात को हमें निरंतर अनुभव करते रहना होगा। इसमें स्वतंत्रता की वास्तविकता के बीज निहित हैं। इसी से हम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। स्वाधीनता की लौ मद्धिम पड़ती जा रही है। उसके कारकों को लगातार खोजना होगा।

> अभी तो हमें लोकबोलियों में स्वाधीनता आंदोलन, उसकी अवधारणा को और तमाम संघर्षों और जीवन मूल्यों और धाराओं को ढंग से खोजना है। उसमें लगातार परिवर्तन घटित होते रहे हैं। उसमें अभी भी बहुत कुछ छिपा है और यह सुखप्रद स्थिति है कि संकल्पनिष्ठ श्यामबाबू शर्मा शीघ्र ही इस वास्तविकता को आगे ले जाएंगे। यह जज़्बा अभी भी मौजूद है, स्वाधीनता आंदोलन केवल कुछ वर्षों की परिघटना नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए अनथक संघर्ष किए हैं। जब इस क़िताब की तैयारी चल रही थी ।उसी समय शर्मा जी को दो स्लिप डिस्क का आघात हुआ था। दिक्कतों के बाद भी वे बिना थमे, बिना रुके और अविचलित भाव से काम में लगे रहे।

अभी तो हमें लोकबोलियों में स्वाधीनता आंदोलन, उसकी अवधारणा को और तमाम संघर्षों और जीवन मूल्यों और धाराओं को ढंग से खोजना है। उसमें लगातार परिवर्तन घटित होते रहे हैं। उसमें अभी भी बहुत कुछ छिपा है और यह सुखप्रद स्थिति है कि संकल्पनिष्ठ श्यामबाबू शर्मा शीघ्र ही इस वास्तविकता को आगे ले जाएंगे। यह जज़्बा अभी भी मौजूद है, स्वाधीनता आंदोलन केवल कुछ वर्षों की परिघटना नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए अनथक संघर्ष किए हैं। जब इस क़िताब की तैयारी चल रही थी ।उसी समय शर्मा जी को दो स्लिप डिस्क का आघात हुआ था। दिक्कतों के बाद भी वे बिना थमे, बिना रुके और अविचलित भाव से काम में लगे रहे।

लोक बोलियों के साहित्य में वह वाचिक हो या गैरवाचिक यानी लिखित, वह हमारी वार्ताओं में रहा हो या यूं ही अन्य किसी माध्यमों में, कुछ लोगों के अवदान हमारे खोजने, खंगालने के बावजूद इतनी जल्दी में मिल नहीं पाए। एक कसक रह. रह कर टीस रही है कि उर्दू, अरबी, फारसी और अन्य भाषाओं को तत्काल हम रेखांकित नहीं कर पाए। उस दौर में कितना साहित्य जब्त किया गया था। उसे भी परिश्रम से खोजना और हर हाल में पाना यानी उपलब्ध करना है। यह आसान काम नहीं है बल्कि बेहद गंभीर और मुश्किल है। क्योंकि आज की तरह हमारे पूर्व समयों में स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाइयां नाम कमाने के लिए यश प्राप्ति के लिए और किसी तरह के लाभ. लोभ के लिए नहीं लड़ी जाती थीं, जो इस दौर में अभूतपूर्व प्रशंसा के रूप में विकसित हुआ है। साथ ही अपने आपको चमकाने के रूप में संपन्न हो रहा है। स्वतंत्रता हमारा जीवन मूल्य भी होती है। मौन आराधना भी है और उसको सुरक्षित रखना हमारे जिंदा रहने से ज्यादा ज़रूरी है। यह अमृत महोत्सव हमें आज़ादी के जश्न मनाने का जितना अवसर देता है। उससे कहीं ज्यादा उसको नए सिरे से पहचानने और पुनर्विचार करने का दायित्व भी सौंपता है। देखना यह है कि यदि हम अपनी सामासिकता, बहु आयामिता को नहीं बचा पाए और वह नफ़रत, क्रूरता, निर्लज्जता की भेंट चढ़ गई तो हमारे पुरखों का किया धरा अर्थहीन हो सकता हैघ। इधर बढ़ती कॉरीडोर संस्कृति ने दिखावे के जलसों ने आत्माओं तक को छलनी करना शुरू कर दिया है। अभी तो कहने को बहुत कुछ है और सहने को बहुत कुछ है। स्वतंत्रता के तमाम बिखरे सूत्रों को उसके विविध रंगों, सपनों और यथार्थ को विस्तार से समझने की ज़रूरत है। उसकी असलियत जड़ों, संस्कृति और लोकबोलियों के आयामों को विराट संदर्भों में टटोलने, सहेजने का भगीरथ प्रयास करना है और उसके लिए गंभीर जतन भी करना हैघ। ये बहुत उलझा हुआ सा मामला है। ठीक-ठीक कहा नहीं जा सकता कि कितना उसे कर पाएंगे। क्योंकि यह तो समय, परिस्थितियों और हमारी कार्यविधि में ही निर्णय हो पाएगा।

# पहली पंक्ति के नेता

■ भूपेन्द्र भारतीय

वे बचपन से पहली पंक्ति के नेता रहे है। अपने पिताजी के पिताजी के समय से पहली पंक्ति वाली राजनीति में रहे। बचपन में अपने दादाजी के साथ पहली पंक्ति में बैठते थे। पाँच दशक से उन्हें कोई पहली पंक्ति से उठा नहीं पाया। हर राजनीतिक आयोजन में उनके लिए पहली पंक्ति में सीट आरक्षित रही है। मजाल की वे अपने क्षेत्र व पंक्ति से टस से मस हुए हो ! ना उन्हें कोई पहली पंक्ति से दूसरे पंक्ति में धकेल सका। आखिर नेतागिरी उनके बापदादा की जागीर जो ठहरीं। वे जन्मजात नेता जो ठहरे।

लेकिन इस सोशल मीडिया रूपी घोर कलयुग ने उनसे उनकी यह विरासत छीन ली। क्या जमाना आ गया ! युवाओं को अवसर देने के नाम पर उनके साथ राजनीति का सबसे बड़ा छल किया गया। उन्हें राजनीति में अग्रणी से सीधे बैकबेंचर बना दिया। पहली पंक्ति से सीधे राजनीति के कोपभवन में। लोकतंत्र नाम के खंभे ने उनकी नींव हिला दी। प्रजातंत्र ने उनसे उनकी जागीरी छीन ली। कहाँ तो हाईकमान ने अच्छे दिनों का वादा किया था और ऊपर से ये दिन देखने पड़ेंगे । उनकी राजनीति चाँद से सीधे उनकी गली में आ गई। अब गली का बुजुर्ग मतदाता भी उन्हें नहीं पूछ रहा है। युवा मतदाता उनकी राजनीति से परिचित ही नहीं है। वह तो उन्हें नेता ही नहीं मानते। भला बड़ी कार व चेले-चपाटों के बगैर कोई नेता हो सकता है ? अब पहली पंक्ति के नेता की परिभाषा बदल चुकी है।

क्या दौर था जब वे पहली पंक्ति के नेता थे। उनके एक इशारे पर पूरा क्षेत्र एकतरफा मतदान करता था। उनका दल उनके लिए हर समय रेड कार्पेट बिछाकर रखता था और अब देखो तो उन्हें टाटपट्टी तक नसीब नहीं हो रही है। उम्र के अंतिम पड़ाव पर बैकबेंचर बना दिया। वे जब पहली पंक्ति के नेता थे तो क्षेत्र में उनकी तूती बोलती थी। मजाल की हाइकमान उनसे बगैर पूछे कोई निर्णय ले सके। बड़े बड़े नेताओं की टिकट उनकी जेब में पड़ी रहती थी। ओर अब ये स्थिति है कि उनका ही टिकट कट गया है। पहली पंक्ति में आने के लिए राजधानी के चक्कर लगा रहे है। कहाँ तो अपने समय में वे स्वयं टिकट बांटते थे और अब उनकी टिकट के लाले पड़े हैं।

क्या समय आ गया है, अब उन्हें कोई नहीं पूछ रहा है। वर्तमान में पहली पंक्ति के नेता तो छोड़ो, उन्हें तो उनके ही समय के वरिष्ठ नेता तक नहीं पूछ रहे हैं।

वह भी क्या दौर था, जब वे पहली पंक्ति के नेता थे। सुबह से उनके घर पर ही कार्यकर्ताओं का ताँता लग जाता था। उनके परिवार के सदस्य उनका बहुत सम्मान करते थे। पहली पंक्ति के नेता होने के कारण परिवार के लोगों का भी उनके क्षेत्र में बहुत सम्मान था। छोटेमोटे काम स्वत: ही हो जाते थे। लेकिन अब परिवार के सदस्यों को भी कोई नहीं पूछ रहा है। पड़ोसी तक उन्हें नहीं पूछते। राजनीतिक चर्चाएं अब उनके परिवार में नहीं होती हैं। परिवार में कोई राजनीति की बात भी करता है तो सब उसे पागल समझकर आगे बढ़ जाते हैं।

अपने समय में वे अपने दल के पहली पंक्ति के नेता के साथ ही अग्रणी वक्ता भी थे। वे अग्रणी वक्ता आज भी है, लेकिन अब उन्हें उनका ही दल याद नहीं करता। नये कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण तक में उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाता है। सोशल मीडिया की राजनीति के समय में उनके हाथ में ना मंच है ओर ना ही माईक। पहली पंक्ति के नेता इस स्थिति में अब अपनी राजनीति चमकाने के लिए विपक्ष की भूमिका में आ गए हैं। उन्हें लगता है कि शायद विपक्ष की भूमिका में आकर वे फिर से पहली पंक्ति के नेता का गौरव प्राप्त कर सकते हैं...!!

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## सात लाख गाजावासियों को दक्षिण क्षेत्र ले जाया गया

**गाजा।** गाजा पट्टी के कम से कम सात लाख नागरिकों को उत्तरी क्षेत्र से निकालकर दक्षिणी क्षेत्र में ले जाया गया है। इजरायली अखबार हारेत्ज ने शनिवार को एक वरिष्ठ इजरायली सुरक्षा अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि लगभग 350,000 लोग अभी भी गाजा पट्टी के उत्तरी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। अधिकारी ने यह भी कहा कि गाजा के दक्षिणी क्षेत्र में कोई मानवीय संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि वहां दो सप्ताह तक का पानी उपलब्ध है।



# राहत सामग्री से भरे 20 ट्रक गाजा पहुंचे

**गाजा,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और हमास के बीच 7 अक्टूबर को भड़के संघर्ष के बाद दो सप्ताह की नाकेबंदी में शनिवार को पहली बार ढील दी गई और मानवीय सहायता से भरे 20 ट्रक राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में दाखिल हुए, जो तटीय एंक्लेव और मिस्र के बीच एकमात्र सीमा क्रॉसिंग है।

■ 7 अक्टूबर को भड़के संघर्ष के बाद दो सप्ताह की नाकेबंदी में पहली बार ढील दी गई

लाइफ मेकर्स फाउंडेशन के जनसंपर्क अधिकारी अया अहमद ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि ट्रकों में मिस्र की संस्थाओं नेशनल अलायंस फॉर सिविल डेवलपमेंट वर्क और इजिप्शियन रेड क्रिसेंट द्वारा दान की गई चिकित्सा सहायता भरी हुई थी।

इससे पहले इज़राइल राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में सहायता ले जाने वाले 20 ट्रकों को अनुमति देने पर सहमत हुआ। हालांकि उसने ईंधन की मदद को जाने की अनुमति नहीं दी।



इससे पहले दिन में, इज़राइल में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे जानकारी मिली है कि रफ़ा क्रॉसिंग शनिवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) खुलेगी। इजराइल-हमास के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच गाजा में गहराते मानवीय संकट के कारण मिस्र में कई दिनों से मानवीय सहायता रुकी हुई है।

## हमास ने रिहा किए गए दो अमेरिकी बंधक



गाजा/जेरूसलम। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने कतर के प्रयासों के जवाब में मानवीय कारणों से दो अमेरिकी बंधकों को रिहा कर दिया है। ब्रिगेड ने कहा कि उसने यह साबित करने के लिए यह कदम उठाया है कि अमेरिकी आरोप झूठे और निराधार है। लगभग दो सप्ताह पहले संघर्ष शुरू होने के बाद यह पहला मौका है जब गाजा-सत्तारूढ़ समूह ने बंधकों को रिहा किया है।

## हमास का हमला इजरायल को बाधित करने की कोशिश : बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि सऊदी अरब और इजरायल के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के अमेरिका के प्रयासों को जानबूझकर बाधित करने के लिए हमास ने इस महीने की शुरुआत में इजरायल के खिलाफ हमले किए थे। व्हाइट हाउस प्रेस पूल ने शनिवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस प्रेस पूल की एक रिपोर्ट के मुताबिक श्री बाइडेन ने शुक्रवार को कहा, हमास के इजरायल की ओर बढ़ने के कारणों में से एक यह है कि वे जानते थे कि मैं सउदी के साथ बैठने वाला था।

## संघर्ष को समाप्त करने का समय आ गया : गुटेरेस



**यरूशलम।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को कहा कि फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बढ़ने के कारण गाजा पट्टी में उत्पन्न संकट को समाप्त करने के लिए कार्रवाई करने का समय आ गया है। श्री गुटेरेस ने काहिरा शांति शिखर सम्मेलन में कहा, संघर्षविराम की कार्रवाई का समय आ गया है। इस भयानक दुःस्वप्न को समाप्त करने के लिए कार्रवाई करें। फिलिस्तीन और इज़रायल क्षेत्र में हमारी दुनिया के बच्चों के सपनों के लायक भविष्य बनाने के लिए कार्रवाई करें।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शनिवार को चेतावनी दी कि गाजा में भोजन, पानी, ईंधन और चिकित्सा आपूर्ति तेजी से खत्म हो रही है, जबकि बिजली कटौती और ईंधन आयात पर प्रतिबंध के कारण स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली और स्वच्छ पानी तक पहुंच पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। इसमें कहा गया है कि गाजा में लगभग 14 लाख लोग विस्थापित हुए हैं - जो पूरी पट्टी की 20 लाख की आबादी का 70 प्रतिशत है।

## सुडोकू 6354

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 22 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 8**

### राशिफल

मेष -आज आप परिजनों के साथ मिलकर घरेलू मामलों में महत्वपूर्ण विचार विमर्श करेंगे। घर की काया पलट करने के लिए कुछ नई योजना बनाएंगें। कार्यस्थल पर उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा।

वृषभ -आज का दिन व्यापारी वर्ग के लिए अच्छा प्रतीत हो रहा है। वे नई योजनाएं बना सकेंगे। नए बिजनेस में भी उन्हें आर्थिक लाभ की संभावना है। विदेश में रहने वाले दोस्तों और रिश्तेदारों से समाचार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे।

मिथुन -आपको स्वभाव की उग्रता पर अंकुश में रखना चाहिए। गलत विचार रखने से बदनामी हो सकती है। अधिक खर्च होने से आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

कर्क -आज आप समाज और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा दोस्तों से मिलकर सुख का अनुभव करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी रहेगा।

सिंह -आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। हालांकि घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त होगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे।

कन्या -आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। अपच आदि पेट दर्द की बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी।

तुला -आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इससे आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से वाद-विवाद हो सकता है। यात्रा के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक -आज आपको काम में सफलता मिलेगी। कोई वित्तीय लाभ होगा और भाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। आप नए काम भी शुरू कर सकेंगे। आपको अपने दोस्तों के पास से भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा।

धनु -आज किसी बात का भय आपके मन में रहेगा। परिवार में भी किसी से विवाद हो सकता है। कहीं गलत जगह पैसा खर्च हो सकता है। आपके कार्यों में भी विघ्न होगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

मकर -आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पूजा-पाठ में समय व्यतीत करेंगे। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। मित्रों और सगे- सम्बंधियों से आपको उपहार मिल सकता है। आपका तन- मन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा।

कुंभ -आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की सलाह दी जाती है। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन -आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## हमास की निगरानी चौकियों पर इजरायल ने किए हमले

**यरूशलम,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि उसने बहुमंजिला इमारतों के अंदर हमास के स्नाइपरों और निगरानी चौकियों पर हमला किया है। आईडीएफ ने कहा, रात भर आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी में बड़ी संख्या में हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले जारी रखे। इन आतंकी लक्ष्यों में ऑपरेशनल कमांड सेंटर, एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्चर और आतंकी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रणनीतिक हमास के बुनियादी ढांचे शामिल थे। आईडीएफ के मुताबिक, इसके अलावा आईडीएफ ने बहुमंजिला इमारतों के अंदर स्थित हमास की एंटी-टैंक मिसाइल, स्नाइपर और निगरानी चौकियों पर भी हमला किया। गौरतलब है कि गत सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन करते हुए इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन तथा ईंधन की आपूर्ति काट दी। तनाव बढ़ने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की ओर से हजारों लोग मारे गये हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

## नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गैग आदेश का उल्लंघन करने के लिए ट्रंप पर जुर्माना

**न्यूयॉर्क,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मुकदमे में गैग आदेश का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को ट्रंप पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाने वाले न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने अदालत में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अदालत में एक क्लर्क का मजाक उड़ाने वाली ऑनलाइन पोस्ट को हटाने में विफल रहे थे। उन्होंने ट्रंप को जेल भेजने की भी धमकी दी और कहा कि वह झूठे और अपमानजनक पोस्ट को हटा लें। न्यायाधीश एंगोरोन ने कहा कि पोस्ट सोशल मीडिया पर हटा दी गई थी, लेकिन उनकी वेबसाइट पर बनी रही। ट्रम्प के वकील क्रिस्टोफर किसे ने अपने मुवक्किल की ओर से माफी मांगी और कहा कि यह एक अनजाने में हुई गलती थी क्योंकि पोस्ट को सोशल मीडिया से हटा दिया गया था, सहयोगी इसे अभियान वेबसाइट से हटाना भूल गए थे। बाद में दिन में, न्यायाधीश एंगोरोन ने फैसला सुनाया कि



■ ट्रंप पर गलत वित्तीय विवरण जारी करने और साजिश रचने का भी चल रहा मुकदमा

ट्रम्प को जुर्माना भरना होगा क्योंकि उल्लंघन अनजाने में हुआ था, और यह देखते हुए कि यह पहली बार उल्लंघन है।

उन्होंने कहा, कोई गलती न करें, भविष्य में उल्लंघन, चाहे जानबूझकर या अनजाने में, उल्लंघनकर्ता को कहीं अधिक गंभीर प्रतिबंधों के अधीन किया जाएगा। ट्रंप और उनके परिवार के कई सदस्यों पर धोखाधड़ी, व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी, गलत वित्तीय विवरण जारी करने और साजिश रचने का मुकदमा चल रहा है।

## चीन में महिलाओं की स्थिति लगातार बेहतर हुई



**बीजिंग,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। महिलाओं की मुक्ति और प्रगति के बिना, मानव जाति प्रगति हासिल नहीं कर सकती है। अपनी स्थापना के बाद से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने महिलाओं की मुक्ति हासिल करने और पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रयास किए। वर्ष 1949 में चीन लोक गणराज्य की स्थापना के साथ चीनी महिलाओं ने सैंकड़ों वर्षों के उत्पीड़न और गुलामी को समाप्त किया और अपने परिवारों की स्वामी बनीं। चीनी महिलाओं का कार्य हमेशा पार्टी और देश के विकास से निकटता से जुड़ा रहा है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में पीढ़ी दर पीढ़ी महिलाएं चीन के निर्माण, सुधार और विकास में योगदान दे रही हैं। चीनी राष्ट्र के निरंतर विकास के साथ चीनी महिलाओं के स्थान में व्यापक बदलाव आया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 18वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से आर्थिक और सामाजिक विकास में आधे आसमान के रूप में महिलाओं की भूमिका तेजी से स्पष्ट हो गई है। वर्ष 2021 में देश भर में कार्यरत सभी व्यक्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 43.1 फीसदी रही, और देश भर में वैज्ञानिक और तकनीकी श्रमिकों में महिलाओं की हिस्सेदारी 45 फीसदी से अधिक थी।

महिलाओं और बच्चों के लाभ, खुशी और सुरक्षा की भावना में काफी सुधार हुआ है और महिलाओं की औसत जीवन प्रत्याशा 80.88 वर्ष तक पहुंच गई है। शिक्षा में लैंगिक संतुलन मूलतः हासिल कर लिया गया है। बच्चों के विकास का माहौल तेजी से अनुकूलित हो रहा है।

## चीन की फैक्टरी में विस्फोट, छह की मौत

**बीजिंग,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण चीन के गुआंग्शी जुआंग स्वायत्त क्षेत्र के पिंगगुओ शहर में एक फैक्टरी में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे फैक्टरी में विस्फोट हुआ। घटना की सूचना मिलते ही दमकल एवं बचाव कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस हादसे में छह लोगों की जान चली गयी, अन्य चार घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोट का कारण उच्च तापमान वाले पिघले एल्यूमीनियम से हुआ, जो एल्यूमीनियम रॉड बनने के बाद प्रक्रिया के दौरान रॉड को कूलिंग पूल में बाहर निकालते समय गैस रिसाव के कारण हुआ था। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

## वर्ग पहेली 6354

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. उतार-चढ़ाव से नीचे आना, संगीत में स्वरों के ऊपर से नीचे आने का क्रम
३. सलाह
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. अनीश्वरवादी
७. गहरापन, गहरेपन की नाप
८. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
१३. बेमिसाल
१५. घुड़साल
१६. कभी-कभी
१७. गिरवी, बंधने, पकड़ने वाला
१८. गर्व, अभिमान
२०. गूंज, प्रतिध्वनि
२२. विष्णु
२३. मिठास, मीठापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपना बनाना, अंगीकार करना, ग्रहण करना
२. रुचिकर होने का भाव, दिलचस्पी
३. पुष्प की पराग का बिखरना, पुष्प पर पराग का फैल जाना
४. हवाई किला, मन के लड्डू
५. जोर की आवाज, भारी वस्तु के गिरने की आवाज़
९. रसीला, रसदार
१०. आग्रह, विचार, प्रार्थना, फरमाईश
११. मरा हुआ
१२. चट्टान का टुकड़ा,
१४. गिरफ्त में लेना, बंदी बनाना
१७. अनुपजाऊ और कृषि के अयोग्य भूमि
१९. देवालय
२०. एक उपसर्ग, नकल, बहुत सी पुस्तकों में से एक
२१. बल, जान, सांस (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6353

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्रे | मा | २ ला | प | ■ | ■ | 3 ब | हि | ४ हा | री |
| क्षा | ■ | भ | ■ | ५ व | जू | द | ■ | हा | ■ |
| ६ गा | य | क | ■ | ज | ■ | ७ त | र | का | री |
| र | ■ | ८ र | ९ ज | नी | क | र | ■ | र | ■ |
| ■ | १० प | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ ऋ |
| १३ प | रि | श्र | म | ■ | १४ आ | ■ | १५ द | र्प | ण |
| ■ | ण | ■ | १६ त | ह | म | त | ■ | ■ | मु |
| १७ प्र | ति | ज्ञा | ■ | ■ | द | ■ | १८ सं | १९ यु | क्त |
| शं | ■ | ■ | २० प्रा | र्थ | नी | २१ य | ■ | व | ■ |
| २२ सा | धा | र | ण | ■ | ■ | २३ दि | वा | क | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1867 - नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया की आधारशिला रखी गयी।
1875 - अर्जेंटीना में पहले टेलीग्राफिक कनेक्शन की शुरुआत हुई।
1879 - ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला राजद्रोह का मुकदमा बसुदेव बलवानी फड़के के खिलाफ।
1883 - न्यूयार्क में ओपेरा हाउस का उद्घाटन हुआ ।
1900 - भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ का जन्म ।
1937 - प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता कादर खान का जन्म हुआ।
1962 - भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना %भाखड़ा नांगल% राष्ट्र को समर्पित की गई ।
1964 - फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक ज्यां पाल सार्त्र ने नोबेल पुरस्कार ठुकराया।
1975 - %वीनस-9% अंतरिक्षयान का शुक्र ग्रह पर अवतरण।
2004 - अंकटाड रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में निवेश में भारत 14वें स्थान पर।
2006 -अफगानिस्तान में अधिक नशीली दवाएँ जब्त की गईं।
2007 - चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी की कमान सम्भाली।
2008 - इसरो ने भारत के पहले चंद्रयान मिशन चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण किया। इस मिशन से चंद्रमा पर पानी के होने का पता लगा।
2014 - माइकल जेहाफ बिडायु ने ओटावा में कनाडा के संसद पर हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हुये।
2016 - भारत ने कबड्डी विश्व कप जीता।

**राजनीति** *चिकित्सा कराने के नाम पर देश से बाहर गए थे पूर्व प्रधानमंत्री*

## चार साल के स्वनिर्वासन के बाद पाकिस्तान लौटे नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चार साल तक स्वनिर्वासन की जिंदगी काटने के बाद शनिवार दोपहर पाकिस्तान वापस लौटे। आपराधिक मामलों में पाकिस्तान के कानून के तहत भगोड़ा अपराधी घोषित श्री शरीफ चिकित्सा कराने के नाम पर देश से बाहर गए थे और इस दौरान उन्होंने स्वनिर्वासन का अधिकांश समय लंदन में बिताया। श्री शरीफ दुबई से इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचे।**

वहां उनके स्वागत के लिए पूर्व कानून मंत्री सीनेटर आजम तरार और उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के कई और अन्य वरिष्ठ नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री की कानूनी टीम के सदस्य हवाई अड्डे पर पहुंचे थे।

श्री शरीफ के आगमन से पहले श्री तरार ने मीडिया से कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के आगमन के बाद वह हवाई अड्डे के एक लाउँज में जाएंगे। उनके आने पर अब उनके साथ राजनीतिक और कानूनी मुद्दों पर सलाह मशवरा



किया जाएगा। श्री तरार ने यह भी कहा कि कि अदालत के कर्मचारी भी हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं जहां श्री शरीफ के संबंध में 'सुरक्षा की गारंटी की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।' कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए एक हलफनामा आयुक्त और पूर्व डिप्टी मेयर जीशान नकवी भी एयरपोर्ट पर मौजूद थे। बताया गया कि कानूनी टीम शरीफ के अंगूठा निशान और और हस्ताक्षर आदि लेने के लिए उनके विमान के अंदर जाएगी। श्री नवाज ने दुबई में पाकिस्तान की उड़ान पकड़ने से पहले कहा, वह वापसी करके खुश हैं। श्री शरीफ को अगले साल जनवरी में होने वाले चुनावों से पहले अपनी पार्टी को फिर से मजबूत करने का अभियान शुरू करने से पहले कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### समय पर चुनाव कराने की मांग वाली याचिकाओं पर कल सुनवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट 90 दिनों के अंदर चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर 23 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश क़ाज़ी फ़ैज़ ईसा ने अगस्त में कार्यवाहक सरकार के सत्ता में आने के बाद देश में समय पर चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने का संकेत दिया था। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई करेगी।

## दुनिया को जानें

### रोजाना 7,500 कदम चलने से ऑपरेशन के बाद जोखिम कम

**न्यूयॉर्क,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नए शोध के अनुसार, जिन लोगों ने सर्जरी से पहले चलने की गतिविधि अधिक दर्ज की, उनको ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं का कम सामना करना पड़ा। कहा गया है कि कम सक्रिय रोगियों की तुलना में ज्यादा चलने वाले लोगों में ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं की संभावना 51 प्रतिशत कम देखी गई। यदि मरीज़ सर्जरी से पहले प्रतिदिन 7,500 कदम से अधिक चलते हैं, तो सर्जरी के बाद 30 दिनों के भीतर जटिलता का अनुभव होने की संभावना कम होती है। ऑपरेशन के बाद की जटिलताएं आम तौर पर लगभग 30 प्रतिशत रोगियों में होती हैं, और सभी जटिलताओं में से लगभग आधी रोगी के अस्पताल छोड़ने के बाद होती हैं। विस्कॉन्सिन के मेडिकल कॉलेज के मुख्य स्टडी ऑथर कार्सन गेहल ने कहा, फिटबिट्स और अन्य पहनने योग्य उपकरणों को संभावित रूप से इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स (ईएचआर) से जोड़ा जा सकता है और डेटा कुछ ऐसा हो सकता है जिसे सर्जन अपने मरीजों के लिए ऑपरेशन से पहले विचार करते हैं। शोधकर्ताओं ने 475 लोगों के स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण किया।

# प्रादेशिकी

**क्रिप्टो करेंसी : 2.5 लाख आईडी के जरिए ट्रांजेक्शन, एक करोड़ की संपत्ति फ्रीज**

शिमला, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी की धोखाधड़ी में लगातार नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने ताजा घटनाक्रम में एक करोड़ की संपत्ति फ्रीज की है। जल्द ही मामले में पुलिस पांच करोड़ की एक और संपत्ति फ्रीज करने जा रही है। यह जानकारी राज्य के पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने दी है। उन्होंने बताया कि एसआईटी का गठन किया है। डीआईजी अभिषेक दुल्लर के नेतृत्व में एसआईटी लगातार योजनाबद्ध तरीके से तफ्तीश कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक मामले में दो प्रमुख अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। श्री संजय कुंडू ने बताया कि क्रिप्टो करेंसी मामले में करीब एक लाख लोगों ने ट्रांजेक्शन की है, जिसमें अढ़ाई लाख आईडी के जरिए ट्रांजेक्शन हुआ है।

## कुल्लू से आपदा प्रभावितों के 'पुनर्वास' की शुरुआत, राहत राशि वितरित

- मुख्यमंत्री ने 9.72 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की
- सीमित संसाधनों के बावजूद, पाई-पाई जोड़कर देंगे प्रभावितों को राहत राशि: सुक्खू
- केन्द्र सरकार से शीघ्र विशेष राहत पैकेज प्रदान करने का आग्रह



**शिमला, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस वर्ष बरसात के दौरान भारी बारिश, भू-स्खलन तथा बाढ़ से आई आपदा से प्रभावित परिवारों के 'पुनर्वास' की शुरुआत आज कुल्लू जिला से की और प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज का लाभ प्रदान किए। कुल्लू के रथ मैदान से मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर जिला कुल्लू में मकान बनाने के लिए पहली किस्त के रूप में 9.72 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी की। यह मुआवजा राशि जिला में आपदा के दौरान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों के मालिकों को उनके पुनर्वास के लिए प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत जुलाई माह में कुल्लू से उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की शुरूआत की थी और आज यहीं से राहत राशि बांटने की योजना का भी शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संसाधन सीमित हैं, लेकिन वर्तमान सरकार प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आम आदमी और गरीब की सरकार है तथा उनके दुःख-दर्द को बेहतर ढंग से जानती है। इसीलिए 75 हजार करोड़ का कर्ज और सरकारी कर्मचारियों की 10 हजार करोड़ की देनदारियां होने के बावजूद राज्य सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों के लिए 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज जारी किया है। जिसके तहत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घर के लिए दिए जाने वाले 1.30 लाख रुपये के मुआवजे को साढ़े पांच गुणा बढ़ाकर सात लाख रुपये किया गया है। इसके अलावा कच्चे मकान के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजे को 25 गुणा बढ़ाते हुए 4000 रुपये से एक लाख रुपये तथा पक्के घर को आंशिक क्षति होने पर मुआवजे को साढ़े 15 गुणा बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि दुकान तथा ढाबा के क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजे को 25 हजार रुपये से चार गुणा बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है। गौशाला को हुए नुकसान की भरपाई की राशि 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये की गई है। प्रदेश सरकार किराएदारों के सामान के नुकसान पर 2500 रुपये की मुआवजा राशि में 20 गुणा बढ़ोतरी कर 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करेगी। दुधारू तथा भार उठाने वाले पशुओं की मृत्यु पर 55 हजार रुपये जबकि बकरी, सुअर, भेड़ तथा मेमने की मुआवजा राशि 6000 रुपये प्रति पशु की दर से प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कृषि तथा बागवानी भूमि के नुकसान की भरपाई के लिए दी जाने वाली मुआवजा राशि को 3615 रुपये प्रति बीघा से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति बीघा कर दिया है। फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए दी जाने वाली राशि को 500 रुपये प्रति बीघा को आठ गुणा बढ़ाकर 4000 रुपये किया गया है। कृषि तथा बागवानी भूमि से सिल्ट हटाने के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता को 1384.61 प्रति बीघा से बढ़ाकर 5000 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि यह विशेष पैकेज 24 जून, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के बीच जब वे कुल्लू पहुंचे तो यहां न बिजली थी, न पानी था और सड़कें टूटी हुई थी। इस बड़े बचाव अभियान की उन्होंने स्वयं निगरानी की। अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों के सहयोग से 48 घंटे के भीतर सभी आवश्यक सुविधाओं को अस्थाई रूप से बहाल किया गया और 75 हजार से अधिक पर्यटकों व 15 हजार गाड़ियों को सुरक्षित बाहर निकाला। फंसे हुए लोगों के लिए खाने, पीने और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध करवाया गया, जिसकी प्रशंसा पूरे देश ने की है। उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों में ऐसी आपदा कभी नहीं आई और प्रदेश के लोगों ने पूरी मजबूती के साथ इसका सामना किया है। प्रदेश को 12 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। लगभग 16 हजार घरों को नुकसान पहुंचा जिनमें से 13 हजार घर पूरी तरह से टूट गए। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार हर आपदा प्रभावित के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव सहायता का प्रयास कर रही है।

## हाईकोर्ट ने जबरन वसूली मामले की जांच में शामिल नालागढ़ के जांच अधिकारी के एसएचओ का तबादला करने के आदेश जारी किए





**शिमला, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)।** प्रदेश हाईकोर्ट ने जबरन वसूली से जुड़े मामले की जांच में शामिल पुलिस स्टेशन नालागढ़ के जांच अधिकारी और एसएचओ का तबादला करने के आदेश जारी किए है। कोर्ट ने नालागढ़ पुलिस स्टेशन के पर्यवेक्षी अधिकारी सब डिविजनल पुलिस अधिकारी का तबादला करने को भी कहा है। कोर्ट ने गृह सचिव अथवा डीजीपी को यह आदेश देते हुए स्पष्ट किया कि आपराधिक न्यायिक प्रणाली में विश्वास बनाए रखने के लिए ऐसा किया जाना जरूरी है। न्यायाधीश सुशील कुकरेजा ने जबरन वसूली करने के आरोपियों द्वारा दायर आवेदन का निपटारा करते हुए यह आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने डीजीपी को एसआईटी गठित कर नालागढ़ पुलिस स्टेशन के संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ लगाए कदाचार के आरोपों की जांच करने के आदेश भी दिए। कोर्ट ने 8 सप्ताह के भीतर डीजीपी से जांच रिपोर्ट भी तलब की है। कोर्ट ने जबरन वसूली मामले के आरोपियों द्वारा पुलिस पर लगाए आरोपों के कारण उनके खिलाफ जांच की जिम्मेवारी भी एसआईटी को सौंपने के आदेश दिए। इसके लिए कोर्ट ने एसपी बद्दी को एसआईटी गठित करने के आदेश दिए, जो जबरन वसूली से जुड़े मामले की जांच करेगी। मामले के अनुसार नैनीताल उत्तराखंड निवासी तनुजा चंदोला और सूरज चंदोला ने एसएचओ नालागढ़ पर आरोप लगाया है कि उसने उन पर घुस देने का दबाव बनाया। आरोप है कि एसएचओ ने उनके खिलाफ जबरन वसूली और साजिश रचने से जुड़े मामले में जमानत सुनिश्चित करने की एवज में घुस की मांग की। इन आरोपियों ने आरोप लगाया कि जांच अधिकारी ने निष्पक्ष जांच की बजाए उन पर साइबर सेल के समक्ष जांच में हिस्सा लेने का दबाव बनाया और उनके मोबाइल नम्बर बिना किसी अथॉरिटी के निगरानी पर रखे हैं।

उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपियों के खिलाफ विवेक महाजन ने जबरन वसूली और साजिश करने के आरोप लगाते हुए पुलिस स्टेशन नालागढ़ में 13 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उपरोक्त दोनों आरोपियों ने छलपूर्वक उससे पैसे वसूले। उसकी और आरोपी महिला की जनपहचान टिंडर एप के जरिए हुई थी। महिला ने छलावा कर पहले अपने आप को अपूर्वा बताया और बाद में तनुजा। इस प्रकार सोशल मीडिया पर दोस्ती होने के बाद शिकायत कर्ता के अनुसार उससे भारी भरकम राशि की मांग होने लगी। जब उसने पैसे देने से मना किया तो उसे दुष्कर्म के झूठे केस में फसाने की धमकियां दी जाने लगी। इस पर शिकायतकर्ता ने एसएचओ मानपुरा पुलिस स्टेशन को सूचित किया। जब एसएचओ मानपुरा ने फोन पर बात कर आरोपी महिला को बुलाया तो उसने आने से मना कर दिया।

### सार संक्षेप

**पहले सत्र की सीईटी ग्रुप-डी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई सम्पन्न**

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिला में पहले सत्र की सीईटी ग्रुप डी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। पहले सत्र में परीक्षा 38 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जहां 9,844 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी अपने साथ कोई भी सामान अंदर नहीं ले जा सकते। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं तथा निगरानी के लिए अलग से अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार जरूरी इंतजाम किए गए। इसके अलावा बस स्टैंड में रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क बनाए गए है। साथ ही हरियाणा रोडवेज द्वारा परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क बस सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है, जिसका परीक्षार्थियों को फायदा मिल रहा है उन्होंने बताया कि कल 22 अक्टूबर को भी ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**54 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भेंट कर किया सम्मानितः कुमार**

**डलहौजी।** हिमाचल के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने शनिवार को डलहौजी पब्लिक स्कूल में हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जन कल्याण परिषद के 25 वें वार्षिक समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी भी विशेष रूप से मौजूद रही। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हिमोत्कर्ष परिषद प्रदेश में साहित्यक, सांस्कृतिक एवं निःस्वार्थ समाज सेवा के अनेक कार्य कर रही है, जो समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। संस्था द्वारा निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां व स्कूल कॉलेज की फीस में सहायता, बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रमों सहित अनेकों अन्य सेवा के प्रकल्पों के माध्यम से सहायता की जा रही है, जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा में प्रदेश सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए गए हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने भी कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत चंबा के छात्राएं जिले का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृतियां दी जाती है। इस दौरान कृषि मंत्री ने शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला के 10वीं व 12वीं कक्षा के शिक्षा खंडो के 54 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विश्वविद्यालय के चार मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कृषि मंत्री की मौजूदगी में हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जन कल्याण परिषद द्वारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत जिला की चार बेटियों को 5 वर्ष के लिए गोद लिया।

**सुडोकू 6354 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

## देश के विख्यात शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में लाने के लिए करें प्रयासः शुक्ल

**शिमला, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को देश के आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को और बेहतर तरीके से चलाने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहने की आवश्यकता है।

यह बात राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की 34वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक में शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों के रिक्त पदों की भर्ती व अन्य विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि यह बैठक वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित की जानी चाहिए ताकि विश्वविद्यालय की समस्याओं व आवश्यकताओं पर शीघ्र चर्चा कर शिक्षण संस्थान व छात्रों के समग्र विकास एवं सुधार वारे कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि कोर्ट के सक्षम व अनुभवी सदस्यों के सहयोग से विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में उल्लेखनीय सुधार तथा विकास सुनिश्चित होगा। श्री शुक्ल ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला को ए-ग्रेड प्रदान करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि सभी के योगदान व प्रयास से यह सफलता प्राप्त हुई है लेकिन अभी बहुत परिश्रम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को देश के विख्यात शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में लाने के लिए सभी के अथक प्रयास व सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में अकादमिक और अनुसंधान के स्तर को ऊंचा उठाया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में सेवारत अध्यापक वर्ग का कर्तव्य है कि नई पीढ़ी को मात्र उपाधि धारक बना देने से अपना दायित्व पूरा न समझें बल्कि युवाओं में सामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए साहस और क्षमता विकसित करना भी प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी अकादमिक और अनुसंधान गतिविधियों को इस प्रकार संचालित करना होगा ताकि आज का विद्यार्थी भविष्य में बेरोजगारी जैसी चुनौतियों से निपटने में समर्थ हो सके। श्री शुक्ल ने कहा कि देवभूमि हिमाचल अपने नैसर्गिक सौंदर्य, ऐतिहासिक व धार्मिक पर्यटक स्थलों के रूप में विख्यात है, लेकिन इस वर्ष अत्यधिक बारिश से आई आपदा से हुई जान-माल की क्षति ने प्रदेशवासियों को भविष्य में पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी, प्रदूषण व असुरक्षित पर्यावरण जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति सभी वर्गों को समय रहते कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।

## धामी ने 40 औद्योगिक इकाइयों को ट्रांसफर किए सब्सिडी के 90 करोड़ रुपये

अमर नाथ तिवारी



**देहरादून, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)।** भारत सरकार की साल 2017 में शुरू की गई औद्योगिक विकास योजना के तहत हिमालयी राज्यों, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी का प्रावधान किया है। लिहाजा, इस योजना के तहत स्थापित होने वाली विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की इकाइयों को संयंत्र और मशीनरी में किए गए निवेश पर 30 फीसदी (अधिकतम 5 करोड़ रुपए) तक की सब्सिडी दी जा रही है। जिसके तहत 40 इकाइयों के लिए, सब्सिडी के रूप में 90 करोड़ रुपए, भारत सरकार ने भेज दिये थे। सीएम धामी ने कहा कि राज्य में उद्योगों के विकास के लिए औद्योगिक विकास योजना के जरिए राज्य को सहयोग दिया जा रहा है। राज्य में उद्योगों के प्रोत्साहन, संवर्द्धन और विस्तारीकरण के लिए यह योजना काफी महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली, दुबई और अबू धाबी में तमाम निवेशक समूहों के साथ बैठक की गई। इन बैठकों में राज्य में निवेश के लिए करीब 55 हजार करोड़ रुपए के करार हुए हैं।

**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर बोले धामी**

सीएम ने कहा कि अभी तक जो एमओयू साइन हुए हैं, उनको लेकर सरकार का प्रयास है कि आगामी 8 और 9 दिसंबर को देहरादून में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले इसे धरातल पर उतारने का काम पूरा हो सके। तमाम बैठकों के दौरान, सरकार को जो सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सभी सुझावों पर अमल किया जा रहा है। निवेश के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार देने और प्राथमिक सेक्टर को मजबूत बनाने वाले इन तमाम प्रस्तावों और करारों को प्रमुखता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं, वो सभी नीतियां निवेशकों, उद्योगों और उत्तराखंड के स्थानीय लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई हैं।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उतारा पति को मौत के घाट



**देहरादून, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)।** जिले की विकासनगर पुलिस ने 19 अक्टूबर को यमुना नदी से मिले शव के मामले का खुलासा करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी की है। पुलिस ने बताया कि महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर शव को यमुना नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को हिमाचल भागने से पहले ही गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि 19 अक्टूबर को चौकी डाकपत्थर क्षेत्र के अंतर्गत जलालिया पीर के पास यमुना नदी से एक शव बरामद हुआ था, जिसके शरीर पर चोट और खरोंच के निशान थे। 20 अक्टूबर को नितिन कुमार ने अपने भाई अरुण कुमार निवासी विकासनगर के रूप में शव की शिनाख्त की। भाई के शरीर और गले पर चोटों के निशान होने के कारण नितिन ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के संबंध में विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

योजना के मुताबिक, परम सिंह 18 अक्टूबर को अपने कारीगरों के साथ ट्रेन द्वारा सहारनपुर से देहरादून आया। अपने कारीगरों को विकासनगर में एक समारोह स्थान पर छोड़कर अरुण को फोन कर मिलने के लिए बुलाया। दोनों ने जलालिया के पास यमुना नदी के किनारे शराब पी। इस दौरान मौका पाकर परम सिंह ने अरुण का अपने ही गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को यमुना नदी में फेंक दिया। इसके बाद आरोपी परम सिंह अपनी बाइक से विकासनगर आया और रसूलपुर में बाइक खड़ी कर दूसरे वाहन से चला गया।

## मेरी माटी-मेरा देश वीरों को श्रद्धांजलि देने का अनुपम कार्यक्रमः अनुराग

**शिमला, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा व खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मोतीपुर, मंडी व बिलासपुर में विशाल सभा को संबोधित किया व केंद्र सरकार के इस अनुपम कार्यक्रम की बारीकियों व इसकी उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर पंच प्रण की शपथ दिलाई और वीर नारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने युवाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान करते हुए बताया कि डिजिटल तकनीक को अपनाने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल साढ़े 13 करोड़ गरीब लोग गरीबी रेखा से बाहर आ पाए हैं। श्री ठाकुर ने कहा, आज़ादी का अमृत महोत्सव देश में पूरे धूम-धाम से मनाया गया था और उसके अंतिम कार्यक्रम के रूप में 'मेरी माटी मेरा देश' - वीरों को वंदन और मिट्टी को नमन इस भाव के साथ



इसकी शुरुआत की गई है। 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के माध्यम से, हर परिवार, हर व्यक्ति, हर नागरिक, हर बच्चा भारत को एक महान राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से भूले हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की एक नई दृष्टि दी है। स्वतंत्रता सेनानियों ने इसके लिए 'बलिदान' दिया है, हमारे देश को विकसित भारत बनाने के लिए आप सभी को योगदान देना होगा। इस धरती पर प्राण न्योछावर करने वालों को हम सब अपना समर्पण, अपनी मिट्टी प्रतीक के रूप में दे रहे हैं। हर घर से, हर गांव से, हर देहात से मिट्टी का कण अमृत वाटिका के निर्माण में पहुंचे और हर भारतीय इस देश की मिट्टी से जुड़कर देश के विकास के कार्यरत रहे। श्री ठाकुर ने कहा, "हम घूम-घूम कर स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों का सम्मान कर रहे हैं। मिट्टी के दिल्ली आने पर कर्तव्य पथ से होते हुए इंडिया गेट की ओर एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इंडिया गेट के पास आजादी का अमृत महोत्सव मेमोरियल बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य देश में एकता एकजुटता की भावना बनाए रखना, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाना और अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करना है ताकि देश का हर नागरिक अपने कर्तव्य को पूरा कर एक विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सके।"

## हिमाचल में 22 करोड़ रुपए से बनेगी ककीरा कस्बे में सीवरेज : पठानियां

**चंबा (ककीरा), 21 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हिमाचल के विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि शिक्षा प्रणाली में खेल गतिविधियों के आयोजन से विद्यार्थी में सामाजिक व्यवहार के साथ-साथ बेहतर अनुशासन का अनुसरण होता है। खेल गतिविधियों से जहां विद्यार्थियों का शारीरिक विकास होता है वहीं मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। श्री पठानियां ने शनिवार को यह बात राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ककीरा में जिला स्तरीय अंडर -19 छात्रा वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रा खिलाड़ियों द्वारा आयोजित मार्च पास्ट की सलामी ली व ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में जिला के पांच जोनों की 320 छात्रा खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर चयनित होने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों में रिक्त चल रहे पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र भटियात के सभी शिक्षण संस्थानों में लगभग शिक्षकों के रिक्त पदों को भर दिया गया है। श्री पठानियां ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र भटियात में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए परिवारों को अभी तक एक करोड़ 16 लाख रुपए की राहत एवं पुनर्वास धनराशि वितरित कर दी गई है जबकि 5 करोड़ 65 लाख रुपए की धनराशि जल्द वितरित की जाएगी। ककीरा क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ककीरा कस्बे और उसके साथ लगते क्षेत्र को सीवरेज सुविधा के लिए 22 करोड़ रुपए की कार्य योजना को तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त ककीरा कस्बे, गाहर, परछोड़ और साथ लगते गांवों के ग्रामीण पेयजल योजनाओं के लिए उठाऊ पेयजल योजना के निर्माण कार्य पर 25 करोड़ रुपए की राशि भी व्यय की जा रही है। जिसका लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया राहत पैकेज केवल मात्र आंकड़ों का मायाजाल : राजीव

**शिमला, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री राजीव सहजल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया राहत पैकेज केवल मात्र आंकड़ों का मायाजाल है और यह राहत पैकेज केंद्र सरकार की मदद के बगैर बनना असंभव था।



- केंद्रीय सहायता राशि से प्रदेश सरकार ने आंकड़ों का खेल रचकर इस राहत पैकेज का निर्माण किया
- लगातार एक के बाद एक झूठ और झूठ बोलकर अपने झूठ को सत्य बनाने का प्रयास कर रही है कांग्रेस

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने हिमाचल सरकार को इस आपदा की घड़ी में सहायता प्रदान की हैं। उसी की सहायता से प्रदेश सरकार ने आंकड़ों का खेल रचकर इस राहत पैकेज का निर्माण किया जो प्रदेश की जनता की आंखों में धूल झोंकने के बराबर है। उन्होंने कहा इस पैकेज में 2000 करोड़ से अधिक की सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा दी गई राशि है, जिसमें 1000 करोड़ मनरेगा का, 100 करोड़ आवास योजना का, 403 करोड़ 53 लाख राष्ट्रीय आपदा रिस्पॉन्स फंड का, राज्य आपदा रिस्पांस फंड के अंतर्गत 360 करोड़ 80 लाख, राज्य आपदा मिटिगेशन फंड के अंतर्गत 85 करोड़ 60 लाख की राशि केंद्र सरकार द्वारा सीधी हिमाचल प्रदेश को प्रदान की गई है। इसके अलावा 2700 करोड़ के लगभग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से हिमाचल प्रदेश की सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए केंद्र द्वारा भेजे गए। यहां तक की हिमाचल प्रदेश में विधायक निधि को रोक कर उसे भी इसी राहत पैकेज का एक हिस्सा बनाया गया। 225 करोड़ की राशि आम जनता ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दी इसको भी इस राहत पैकेज में सीधा-सीधा डाला गया।

उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे फोरलेन और पुलों का निर्माण भी अनेकों जगह केंद्र सरकार द्वारा कराया जा रहा है केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू दौरे के दौरान 400 करोड़ रुपए हिमाचल को आपदा की दृष्टि से दिए और उसके बाद जितने भी यह सड़के ठीक हो रही है उसका खर्चा भी केंद्र सरकार ही वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि राहत पैकेज को लेकर प्रदेश की सरकार केवल मात्र जनता को गुमराह कर रही है झूठ बोल रही है और लगातार एक के बाद एक झूठ और झूठ बोलकर अपने झूठ को सत्य बनाने का प्रयास कर रही है। डा राजीव सहजल ने कहा कि प्रदेश आपदा की मार से जूझता जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है जिसने चुने गए भाजपा के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के साथ मिलकर काम किया और लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम किया। लेकिन अफ़सोस इस बात का है कि जो सुखु सरकार एकजुट होने का पाठ पढ़ाते रहे लेकिन बदले में भाजपा को कोसते नजर आये। मुख्यमंत्री से लेकर निचले स्तर तक के नेता केंद्र सरकार को कोसते रहे। उन्होंने कहा कि अपनी बात रखने के लिए प्रदेश सरकार ने आत्मसंयम नहीं बरता और अनर्गल बयानबाजी करते रहे।

केंद्र सरकार से आपदा प्रभावितों के लिए राहत पैकेज मांगने का तरीका प्रदेश सरकार के जहन में नहीं आया। यदि हिमाचल के लिए आपदा राहत कोष के लिए प्रारूप भी तैयार होता तो केंद्र में पैरवी की जा सकती थी।

# प्रादेशिकी

## पुलिस स्मृति दिवस पर शाहिद पुलिस कर्मियों को किया याद

**फर्रुखाबाद,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में शहीद स्मारक पर शोक परेड का आयोजन किया गया। एसपी ने सभी शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एसपी नें पुलिस विभाग में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के बारे में जानकारी दी। पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें पुलिस स्मृति दिवस मनाए जाने के बारे में कर्मचारियों को बताया। शहीद हुए पुलिस कर्मियों के बारे में जानकारी दी। एसपी नें बताया कि कर्तव्य पालन में प्राण उत्सर्ग करने को लेकर ही पुलिस स्मृति दिवस प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। मौजूद सभी अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी शहीद हुए पुलिस कर्मियों को सलामी दी गई।

# शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है सरकार : योगी

**लखनऊ,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्ष 2022-23 में कर्तव्य की बेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों में प्रदेश पुलिस बल के तीन बहादुर पुलिस कर्मी शामिल हैं। हमारे जांबाज पुलिस कार्मिकों का यह सर्वोच्च बलिदान हमें निरंतर कर्तव्य पथ पर पूर्ण निष्ठा एवं दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। शहीद पुलिसजनों के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करता हूं कि हमारी सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी जरूरी कदम उठाने के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

**पुलिस स्मृति दिवस परेड में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

पुलिसजन ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मान कर प्रदेश में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कानून व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त रखा। पिछले 6 वर्षों के दौरान प्रयागराज का दिव्य और भव्य कुंभ, लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019, त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021, विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022, नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को



**विषम व अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी पुलिस ने प्रदेश में कानून का राज किया स्थापित : योगी आदित्यनाथ**

शांतिपूर्ण संपन्न कराने में प्रदेश पुलिस बल का उल्लेखनीय योगदान रहा है। यही नहीं प्रदेश पुलिस वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान भी जनता की सहायता के लिए सदैव तत्पर रही है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड में कहीं। इससे पहले उन्होंने परेड को सलामी दी। इस दौरान उन्हें शोक पुस्तिका सौंपी गई। इसके बाद डीजीपी ने शोक पुस्तिका में दर्ज अमर शहीदों के नाम पढ़े। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। योगी ने कहा कि प्रदेश के जनपद या विभिन्न इकाइयों में नियुक्त पुलिस कार्मिकों की सुख-सुविधा के लिए शासन ने 3 करोड़ 50 लाख, कल्याण के लिए चार करोड़, कार्यरत और रिटायर्ड पुलिस कार्मिकों और आश्रितों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के 301 दावों के निस्तारण के लिए 45 लाख 50 हजार, पांच लाख से अधिक की चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 63 मामलों 3 करोड़ 87 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं। इसी तरह 103 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप में 4 करोड़ 9 लाख, जीवन बीमा योजना के तहत बीमित 370 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों को 10 करोड़ 12 लाख, 112 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों द्वारा कराए गए कैशलेस उपचार में एक करोड़ 11 लाख, पुलिस कार्मिकों के 158 मेधावी बच्चों को शिक्षा निधि के माध्यम से 77,5000 की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया है। वहीं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित पुलिसकर्मी को सम्मानित करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 और स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 पर विशिष्ट सेवाओं के लिए पांच अधिकारी और कार्मिकों को राष्ट्रपति का पुलिस पदक, 125 अधिकारियों और कार्मिकों को पुलिस पदक प्रदान किया गया। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1154 कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 942 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया गया।

### शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि 1 नवंबर 2022 से 30 सितंबर 2023 के बीच कर्तव्य पालन के दौरान शहीद पुलिस कर्मियों के साथ केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों, अन्य प्रदेश के अर्ध सैन्य बलों, भारतीय सेना में कार्यरत एवं मूलरूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले 140 शहीद कार्मिकों के आश्रितों को 38 करोड़ 96 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है।

## वृद्धा आश्रम में फल वितरित किए



**मेरठ,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश सरकार में ऊर्जा मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के जन्मदिन के अवसर पर विनायक विद्यापीठ के कम्युनिटी आउटरिच क्लब के सदस्य मोदीपुरम के वृद्धा आश्रम पहुंचे और वहां जीविकोपार्जन कर रहे वृद्धो का कुशल मंगल पूछा और इसके बाद समस्त वृद्धजनों को फल वितरित किए और वृद्धजनों से चेयरमैन के लिए आशिर्वाद के लिए निवेदन किया। क्लब के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ काफी बाते की उनके साथ डांस भी किया इस दृश्य को देखकर वहां उपस्थित सभी वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी नजर आई। इस दौरान महाविद्यालय की डीन एकता सिंधू, कम्युनिटी आउटरीच क्लब के प्रेसिडेंट रीमा विकल वाइस प्रेसिडेंट प्रवीन शर्मा सदस्य रवीना, कविता, पूजा शर्मा, नीतू विहान, विपिन कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

## उप्र में विद्युत व्यवस्था को सुधारने को हो रहा सबसे बड़ा निवेश

■ आरडीएसएस स्कीम के तहत 65 हजार करोड़ से ज्यादा के कार्यों का प्रस्ताव

**लखनऊ,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के विद्युत ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत प्रदेश में आजादी के बाद से सबसे बड़ा निवेश किया जा रहा है। इसी क्रम में 65 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के कार्यों का प्रस्ताव अक्टूबर में अनुमोदन के लिए प्रेषित किया जाना है।

इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार से तो शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। योजना के पूर्ण होने के बाद प्रदेश की विद्युत व्यवस्था का स्वरूप पूरी तरह व्यवस्थित हो जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता युक्त निर्बाध विद्युत प्राप्त होगी। प्रदेश की विद्युत व्यवस्था बेहतर हो इसके लिए विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर होना आवश्यक है। इसी लक्ष्य को लेकर योगी सरकार ने आरडीएसएस को व्यापक स्तर पर प्रदेश में लागू किया है। इस योजना की कार्यान्वयन अवधि 2021-22 से 2025-26 तक है। इसके तहत वर्ष 2024-25 तक वितरण हानियों को 12-15 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। योजना के अंतर्गत प्रदेश में विद्युत तंत्र के आधुनिकीकरण के लिए 65,457.20 करोड़ के कार्यों का प्रस्ताव अक्टूबर 2023 में अनुमोदन के लिए प्रेषित किया जाना है। इसमें प्रस्तावित धनराशि का 60 प्रतिशत 39274.32 करोड़ भारत सरकार से अनुदान स्वरूप तथा शेष 40 प्रतिशत 26182.88 करोड़ का वित्त पोषण राज्य सरकार एवं वितरण निगम द्वारा किया जाएगा। आधुनिकीकरण के प्रस्तावित मुख्य कार्यों में 1175 नग नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का निर्माण, 2002 नग 33/11 केवी उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि, लगभग 22 हजार किमी नई 33 केवी लाइनों का निर्माण, 115704 वितरण परिवर्तकों की स्थापना, लगभग 44 हजार किमी ।

## सार संक्षेप

### तक्षशिला में मनाया गया विजयादशमी पर्व



**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में विजयादशमी तथा दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम का जीवन एवं उनके द्वारा किए गए कार्य सभी को सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं एवं परिस्थितियों के विपरीत होने पर भी सत्य के मार्ग को मजबूती से पकड़े रहने व समाज हित में फैसने लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीन कुमार पथरा ने मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मंगल भवन अमंगलहारी, श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन, रघुपति राघव राजा राम आदि कार्यक्रमों प्रस्तुत किये। तत्पश्वात माँ दुर्गा के नौ रुपों को नृत्य शैली में प्रस्तुत करके वातावरण को भक्ति भावना से भर दिया। विद्यालय के चेयरमैन डा.ओमपाल सिंह ने दशहरा और दुर्गापूजन के महत्व को अपने वक्तव्यों द्वारा विद्यार्थियों को समझाया तथा अच्छे और नेक कार्यो को करने के लिए प्रेरणा देते हुए रावण के अंहकार को उजागर करते हुए विजयादशमी पर बुराई पर अच्छाई की जीत बताते हुए रावण वध के विषय में बताया व स्त्री के अस्तितव को मां दुर्गा के स्वरुप पर आधारित बताते हुए उनके प्रति सम्मान और आदर की भावना रखने के संस्कारों को पोषित करने के लिए कहा तथा बच्चों को बधाई देते हुए कार्यक्रम की सरहाना की और आशीर्वाद प्रदान किया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा ने बच्चों द्वारा दिखाए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए सभी को महा नवमीं एवं विजयदशमी की शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

**मवाना/हस्तिनापुर।** मवाना मार्ग स्थित ट्रांसलम एकेडमी में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट्स एण्ड गाइड्स शिविर का शनिवार को समापन किया गया। एकेडमी के मैदान में आयोजित इस शिविर में कक्षा 4 से कक्षा 11 तक के बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिससे बच्चों को सेवा तथा अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

### दशहरे पर कानून व्यवस्था बनाने को तहसील अफसरों की तैनाती की

**मवाना।** उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव ने दशहरा पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों व अन्य कार्यक्रमों में कनून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसील क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अफसरों व कर्मियों की तैनाती की है। सभी तहसील अफसर व कर्मी क्षेत्र के पुलिस अफसर से तालमेल बनाकर प्रत्येक दशा में कानून व शांति बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। इस मामले में कोई कोताही क्षम्य नहीं होगी। जारी आदेशों में मवाना नगर में तहसील मैदान पर प्रभारी राजस्व निरीक्षक समर सिंह के साथ लेखपाल सचिन सैनी की तैनाती की है।

## एसआर इंटरनेशनल में धूमधाम से दशहरा पर्व




**मेरठ,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। किला रोड स्थित एस आर इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में दशहरे का पव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर स्वतंत्र चौहान, प्रधानाचार्या श्वेता चौहान एवं शिक्षा निदेशक एमएस मैथ्यु सहित सभी शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। विद्यालय के डायरेक्टर स्वतंत्र चौहान ने रावण दहन किया। इस अवसर पर छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। नन्हें मुन्ने बच्चों ने कविता द्वारा राम कथा प्रस्तुत की। विद्यालय के डायरेक्टर स्वतंत्र चौहान ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें इस त्योहार की जानकारी दी एवं सदैव सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता चौहान ने भी छात्रों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। बच्चों का यह त्योहार भारतीय संस्कृति की वीरता का पूजक एवं शौर्य का उपासक है।

## डीएम व एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**मवाना,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व एसएसपी फरियादियों की फरियाद सुनी। समाधान दिवस में 185 फरियादियों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जिनमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ समय से फरियादियों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। शनिवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित पर संपूर्ण समाधान दिवस मैं सबसे अधिक राजस्व से संबंधित फरियादियों ने शिकायत की। का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने संबंधित विभाग के



■ संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 185 फरियादी 19 का निस्तारण

■ कार्यों में कमी पर नगर पालिका ईओ को हड़काया

अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ समय से फरियादियों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के समक्ष तहसील दिवस में पहुंची 185 में से अधिकारियों ने 19 कामों के पर ही निस्तारण कर दिया।

### शिकायतों के निस्तारण न होने पर ईओ को जमकर हड़काया

शनिवार को तहसील सभागार में पूर्व के संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण न होने पर उप जिलाधिकारी दीपक मीणा ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव जैन को जमकर हड़काया। शनिवार को तहसील दिवस में नगर पालिका से संबंधित शिकायत लेकर पहुंचे शिकायतकर्ताओं की भीड़ को देख जिला अधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से का से नाराज नजर आए।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें आई। यहां पर एसपी देहात कमलेश बहादुर, एसडीएम अखिलेश यादव, सीओ आशीष शर्मा, तहसीलदार आकांक्षा जोशी, नगर पालिका ईओ राजीव कुमार, एबीएसए त्रिवेंद्र कुमार, एसडी उर्जा निगम राजू पटेल समेत संबंधित विभागों के अधीनस्थत अधिकारी मौजूद रहे। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने परीक्षितगढ़ खंड विकास से संबंधित एबीपीएस का डाटा पूरा न होने के चलते खंड विकास अधिकारी की जमकर क्लास लगाई।

## अवकाश में भी खुले रहेंगे बिजली विभाग के कैश काउन्टर

**मेरठ,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी 14 जनपद मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड, बुलन्दशहर, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मुरादाबाद, बिजनौर, सम्भल, रामपुर एवं अमरोहा के सभी बिजलीघरों के कैश काउन्टर 22.10.2023 (रविवार), 23.10.2023 (रामनवमी) एवं 24.10.2023 (दशहरा) को सामान्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे, जिससे की उपभोक्ता आसानी से अवकाश में भी अपना बिजली का बिल जमा करा सकें।

इस सम्बन्ध में बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि बिजलीघर पहुंचकर अपने बिजली के बिल का भुगतान करें, इसके अतिरिक्त उपभोक्ता विभाग की वेबसाईट पेज पर जाकर, कनज्यूमर कार्नर के अन्तर्गत, घर बैठे बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

## अमेठी की घेराबंदी में जुटी स्मृति ईरानी

**-स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी की घेराबंदी में पूरी तरीके से जुटी है। मिशन 2024 के लिए कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती है। साथ में अमेठी लोकसभा क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए शनिवार को आधा दर्जन देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना की। स्मृति के पूजा अर्चना के दौरान मंदिरों में अपार भीड़ जमा थी। जिससे पुलिस के पसीने छूट गए थे। केंद्रीय मंत्री अहोरवा भवानी सिंहपुर, हिंगलाज माता मंदिर दादरा, शमशेरियन भवानी शाहगढ़, दुर्गन धाम गौरीगंज, देवी पाटन अमेठी, कालिकन धाम संग्रामपुर, मेहुरिन धाम परशदेपुर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना की।कालिकन धाम में अमरेंद्र सिंह पिंटू ने दुर्गा मैया की एक



### मंदिरों में की पूजा-अर्चना

भव्य मूर्ति पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ स्मृति ईरानी को भेंट की। अमेठी आने के पहले आधा दर्जन रेलवे स्टेशनों और एक एयरपोर्ट के नाम बदलने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री, उड्डयन मंत्री और रेलमंत्री को खत भी लिख चुकी है। मंत्री एक सप्ताह पहले सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया था। इसके समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, तीन राज्य मंत्री और आधा दर्जन सांसद विधायक आए थे। खेलकूद प्रतियोगिता में सवा लाख खिलाड़ी भाग लिए थे। इसमें दस हजार खिलाड़ी विजेता टीम में शामिल थे। सबसे बड़ा उपहार दो लाख 21 हजार रुपए थे। अक्टूबर महीने के आखिरी दिन एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अमेठी आने की खबर है। इसके लिए जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में दिया धरना

**मेरठ,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति ने नाम एक ज्ञापन भी भेजा गया। अंकुश चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के आवास पर ईडी द्वारा 12 घंटे तक छापेमारी कि गई, 8 दिनों तक उन्हे रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कि गई लेकिन जांच एजेंसी को कुछ हासिल नहीं हुआ इन सबके बावजूद सांसद संजय सिंह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जबकि फर्जी शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को बयान दिए लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नही लिया सांसद संजय सिंह कोई अंजान व्यक्ति नहीं है, क्या अभियुक्त को इतनी बार बयान देते हुए सांसद संजय सिंह का नाम याद नहीं आया। अचानक से ईडी द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त से सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। महीने भर के अंदर अभियुक्त को जमानत मिल गई और ईडी ने उसकी जमानत का कोई विरोध नहीं किया जमानत के कुछ दिन बाद ही उसको सरकारी गवाह बना दिया गया।

## शोभित में डांडिया फेस्ट में छात्रों ने किया गरबा



**मेरठ,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित शोभित विश्वविद्यालय परिसर में नवरात्रि के शुभ अवसर पर 'डांडिया फेस्ट' कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ जयानंद द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कि गई। डांडिया फेस्ट में गुजराती गानों पर छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति को दर्शाते हुए गरबा से जुड़े परिधानों को पहनकर शानदार प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के महिला शिक्षक भी अपने आप को रोक नहीं पाए उन्होंने भी एक साथ मिलकर गरबा नृत्य किया। परिसर को खूबसूरत फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। इस अवसर पर बेस्ट छात्रा परिधान के लिए खुशी बीटेक एवं आर्य एमबीए तथा छात्रों में बादल बीकॉम फर्स्ट ईयर एवं स्लोक बीएससी एग्रीकल्चर को पुरुस्कृत किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं के लिए अपने संस्कृति से जुड़ने का यह सुनहरा अवसर होता है।

**आयोजन** — *वैंक्टेश्वरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन*

## प्रतियोगिता में बीवपीवएड की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**मेरठ, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सस्था की पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग, बीफार्मा, डी. फार्मा, पोलिटेक्निक, बीवपीवएड के छात्रों ने प्रतिभाग किया। वेंक्टेश्वरा संस्थान के मेजर ध्यानचंद खेलकूद मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह आदि**

ने रिबन काट कर एवं खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। टूनामेंट के उद्घाटन अवसर पर अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों को मजबूत, आत्मविश्वासी और कुशल बनाता है उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास एवं चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने अपने सबोधन में कहा कि आजकल हमारे देश के खिलाडियों ने अपने जुनून को हासिल करने के लिए खुद को खेल की ओर



■ 2-0 से जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

■ समूह चेयरमैन ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा

समर्पित कर दिया। आप सभी छात्रों को खेलने के लिए प्रतिदिन कुछ समय निकालना चाहिए। परिसर निदेशक डॉ.प्रताप सिंह ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिनके पास खेल के प्रति जुनून टीम भावन और टीम के सदस्यों के प्रति समर्थन देने की क्षमता होती है वही एक अच्छा खिलाड़ी होता है। टूर्नामेंट का पहला मैच बीटेक की टीम ने 4-1 से जीत लिया। दूसरा मैच बी फार्मा एवं बीवपीवएड विभाग के छात्रों के बीच खेला गया स जिसमें बीवपीवएड की टीम ने 2-1 विजयी हुई। टूर्नामेट का फाइल मैच बीवपीवएड एवं बीटेक के बीच हुआ। इस मैच को बीवपीवएड की टीम ने 2-0 जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजयी टीम के खिलाड़ियों को संस्था के अधिकारियों द्वारा मैडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया। डॉ. संजय तिवारी, ब्रह्म सिंह, डॉ. निधि, रितु वर्मा, दुष्यंत मिश्रा, पूजा शर्मा, कैनन आबिद, सरिता, विदिशा चौधरी, अभिषेक महेश्वरी, गौरव कुमार, धर्मेन्द्र तेवतिया, गौरव, अरूण शर्मा टूर्नामेंट के आयोजन में कोर्डिनेटर अभिनव राणा एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा का सहयोग रहा।

## महिलाओं को किया गया सम्मानित

**मवाना,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगरीय निकायों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए शारदीय नवरात्रे पर 'मिशन शक्ति' के विशेष अभियान के दौरान शनिवार को पालिका के तहसील रोड स्थित आरओ वाटर के ऊपर बने मीटिंग हाल में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में पालिका की महिला सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना में कैम्प लगवाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके पश्वात महिला सम्मान समारोह में महिला सफाई कर्मचारियों, महिला वार्ड सभासदों, नगर की समाजसेवी महिलाओं व महिला पुलिस उपनिरीक्षकों को सम्मानित किया गया।



## 'डर' में शाहरुख की जबरदस्त भूमिका की याद दिलाता है अमित साध का 'दुरंगा 2' का किरदार

**नई दिल्ली।** एक्टर अमित साध स्ट्रीमिंग सीरीज 'दुरंगा' के दूसरे सीजन की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने खुलासा किया कि शो में वह जो किरदार निभा रहे हैं, वह फिल्म 'डर' में सुपरस्टार शाहरुख खान की भूमिका को समर्पित है। दुरंगा लोकप्रिय के-ड्रामा फ्लावर ऑफ एविल का भारतीय रूपांतरण है और बहुप्रतीक्षित दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी के लिए तैयार है। अमित सीजन 2 में सेंटर स्टेज पर आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह समित पटेल का किरदार निभाते नजर आएंगे। आईएएनएस से बात करते हुए, अमित ने अपने किरदार के ग्राफ, भूमिका की चुनौतियों, अपने दृष्टिकोण और बहुत कुछ के बारे में बात की।

### शोधकर्ताओं का नए अध्ययन में खुलासा

# कुछ पुरुष पर्याप्त शुक्राणु क्यों पैदा नहीं करते हैं

**न्यूयॉर्क,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। नए शोध ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि शुक्राणु निर्माण की प्रक्रिया में क्या गलत हो रहा है, जिससे यह समझने में मदद मिली है कि क्यों कुछ पुरुषों में अंडे को निषेचित करने के लिए पर्याप्त शुक्राणु नहीं बनते हैं। दरअसल, दुनिया भर में लाखों जोड़े बांझपन का अनुभव करते हैं, जिनमें से आधे मामले पुरुषों में उत्पन्न होते हैं। 10 प्रतिशत बांझ पुरुषों में बहुत कम या कोई शुक्राणु उत्पन्न नहीं होता है।

यूके में एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में वेलकम सेंटर फॉर सेल बायोलॉजी के सहयोग से अमेरिका में स्टोवर्स इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल रिसर्च के नए अध्ययन से संभावित उपचारों पर संभावित सिद्धांत सामने आ सकते हैं।

स्टोवर्स इन्वेस्टिगेटर स्कॉट हॉले ने कहा कि पुरुषों में बांझपन का एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि उनमें शुक्राणु नहीं बन पाते हैं। यदि आप वास्तव में जानते हैं कि क्या गलत है, तो अभी ऐसी प्रौद्योगिकियां उभर रही हैं, जो आपको इसे ठीक करने का एक तरीका दे सकती है।

मनुष्यों सहित अधिकांश यौन प्रजनन करने वाली प्रजातियों में, शुक्राणु और अंडाणु




कोशिकाओं का उत्पादन करने के लिए जाली की तरह पुल जैसी एक महत्वपूर्ण प्रोटीन संरचना को ठीक से बनाने की आवश्यकता होती है।

जर्नल साइंस एडवांसेज में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि चूहों में, इस पुल में एक और बहुत विशिष्ट बिंदु को बदलने से यह ढह गया, जिससे बांझपन हो गया और इस प्रकार अर्ध-सूत्रीविभाजन के साथ समान समस्याओं के कारण पुरुषों में मानव बांझपन की जानकारी मिली। अर्ध-सूत्रीविभाजन, शुक्राणु और अंडों को जन्म देने वाली कोशिका विभाजन प्रक्रिया में कई चरण शामिल होते हैं, जिनमें से एक बड़ी प्रोटीन संरचना का निर्माण होता है, जिसे सिनैप्टोनेमल कॉम्प्लेक्स कहा जाता है।

हॉले लैब और वेलकम सेंटर के अन्वेषक ओवेन डेविस ने समझाया, बांझपन में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता अर्ध-सूत्रीविभाजन में दोष है। यह समझने के लिए कि गुणसूत्र प्रजनन कोशिकाओं में सही तरीके से कैसे अलग हैं, हम वास्तव में इस बात में रुचि रखते हैं कि जब उनके बीच सिनैप्टोनेमल कॉम्प्लेक्स बनता है तो उससे ठीक पहले क्या होता है।

लेखकों ने चूहों में एक प्रमुख सिनैप्टोनेमल कॉम्प्लेक्स प्रोटीन में उत्परिवर्तन करने के लिए एक सटीक जीन संपादन तकनीक का उपयोग किया, जिसने शोधकर्ताओं को पहली बार जीवित जानवरों में प्रोटीन के प्रमुख क्षेत्रों के कार्य का परीक्षण करने की अनुमति दी।

मॉडलिंग प्रयोगों से अनुमानित केवल एक उत्परिवर्तन को चूहों में बांझपन के दोषी के रूप में सत्यापित किया गया था। हॉले ने कहा कि हमने इस विशाल संरचना में एक प्रोटीन के एक छोटे से क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया, जिसके बारे में हमें पूरा यकीन था कि यह बांझपन का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकता है।

बिलमायर ने कहा कि मेरे लिए वास्तव में रोमांचक बात यह है कि हमारा शोध हमें इस बुनियादी प्रक्रिया को समझने में मदद कर सकता है जो जीवन के लिए आवश्यक है।

## पानीपुरी से प्रेरित कोलकाता पूजा पंडाल बना आयोजकों के लिए सिरदर्द!

### दुर्गा पूजा पंडाल को पानीपुरी के टुकड़ों से सजाने का एक अनूठा विचार



**कोलकाता,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके बेहाला में एक सामुदायिक दुर्गा पूजा पंडाल को पानीपुरी के टुकड़ों से सजाने का एक अनूठा विचार, जो स्थानीय रूप से पुचका के रूप में लोकप्रिय है, अब पूजा आयोजकों के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गया है।

चार दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव के पहले दिन, महा सप्तमी पर, बेहाला नून दल दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी अब सोच रहे हैं कि उत्सव मनाने वालों को पंडाल की दीवारों से पानीपुरी के टुकड़ों को निकालने और उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में घर वापस ले जाने से कैसे रोका जाए। इसके अलावा, इस संबंध में एक बड़ी आशंका आयोजकों को और भी अधिक तनाव में डाल रही है, क्योंकि पानीपुरी के टुकड़े हटाने वाले अधिकांश बच्चे और नाबालिग हैं।

पूजा आयोजन समिति के एक सदस्य ने कहा कि बंगालियों के बीच पुचका का आकर्षण अनूठा है। अगर कोई पुचका के अनूठे आकर्षण से अभिभूत होकर पंडाल की दीवार से एकत्र किया गया एक टुकड़ा भी खा लेता है, तो संबंधित व्यक्ति के लिए खाद्य विषाक्तता सहित स्वास्थ्य संबंधी खतरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पंडाल की सजावट के लिए इस्तेमाल किए गए ये सजावटी पानीपुरी के टुकड़े विभिन्न सड़क किनारे अस्थायी स्टॉल्स पर उपलब्ध नियमित पुचका से अलग क्यों हैं।

आयोजक सदस्य ने कहा कि समारोह के अंत तक सजावटी पानीपुरी के टुकड़ों की कुरकुरी प्रकृति को बनाए रखने के लिए इनमें विशेष रसायन मिलाए जाते हैं। इसलिए अगर कोई इसका एक टुकड़ा भी खाता है तो यह रसायन पेट से संबंधित कई बीमारियों का कारण बन सकता है। आयोजक लगातार लाउडस्पीकरों पर घोषणाएं कर रहे हैं, ताकि पंडाल में आने वाले लोगों को ऐसे सजावटी पानीपुरी टुकड़ों के सेवन से होने वाले संभावित स्वास्थ्य खतरों के प्रति आगाह किया जा सके।

## 24 से एनटीआर जूनियर स्टारर 'देवरा' का दूसरा शेड्यूल शुरू करेंगी जान्हवी कपूर

**मुंबई,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'गुंजन सक्सेना-द कारगिल गर्ल', 'रूही' और 'बवाल' जैसी फिल्मों से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री जान्हवी कपूर 24 अक्टूबर को अपनी अंडर-प्रोडक्शन फिल्म 'देवरा' के दूसरे शूट शेड्यूल की शुरुआत करेंगी। फिल्म में एनटीआर जूनियर भी हैं, जिन्होंने अपनी ऐतिहासिक फिक्शन फिल्म 'आरआरआर' से वैश्विक सफलता दर्ज की थी। यह फिल्म एनटीआर जूनियर को निर्देशक कोराताला शिवा के साथ उनके आखिरी सहयोग 'जनथा गैराज' के बाद फिर से जोड़ती है, जो 2016 में रिलीज हुई थी। एक सूत्र के मुताबिक, जान्हवी 24 अक्टूबर को एनटीआर जूनियर के साथ 'देवरा' के लिए दूसरा शूट शेड्यूल शुरू करेंगी।



अभिनेत्री ने पहले शेड्यूल की शूटिंग केवल 3 दिनों के लिए की थी। वह अक्टूबर से गोवा में प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त रहेंगी और शूटिंग शेड्यूल लगभग 3 से 4 महीने यानी जनवरी तक बढ़ाया जाएगा। इससे पहले, निर्देशक कोराताला शिवा ने खुलासा किया था कि इसकी कहानी के साथ न्याय करने के लिए फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। कोराटाला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा कि फिल्म तटीय भारत की भूमि पर आधारित है और कैनवास बहुत बड़ा है। जैसे ही हमने फिल्म की शूटिंग शुरू की, कैनवास अपने आप सामने आ गया और बड़ा होने लगा। फिल्म में हर किरदार का अपना महत्व है और उन्हें गहराई से विस्तार तलाशने की जरूरत है, जिसे हम एक हिस्से में उचित नहीं ठहरा सकते। अपने संदेश को समाप्त करते हुए उन्होंने कहा कि इसलिए हमने इस बड़ी कहानी और कैनवास को दो भागों में बताने का फैसला किया। अब तक के सबसे बड़े कैनवस में से एक देवरा को दो भागों में बनाया जाएगा।

## विदेशी प्रकाशकों ने भारतीय पुस्तकों के अनुवाद में दिखाई रुचि

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। साहित्य अकादमी सचिव के. श्रीनिवास राव ने कहा है कि न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, चीन और बंगलादेश के प्रकाशकों - साहित्यकारों ने भारतीय पुस्तकों के अनुवाद में रुचि दिखाई है। राव ने शनिवार को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इन देशों के अलावा कुछ पोलिश और इजरायली भाषा के प्रकाशकों ने भी संपर्क किया है। विश्व के इस सबसे बड़े पुस्तक मेले में 100 से अधिक देशों के हजारों प्रकाशक, एजेंट, लाइब्रेरियन और लेखक आदि इकट्ठा हुए हैं। यह पुस्तक मेला पूरी दुनिया के पुस्तक प्रकाशकों के लिए विभिन्न देशों और भाषाओं की पुस्तकों के अधिकार और लाइसेंसों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री के लिए सुविधाजनक मंच उपलब्ध कराता है। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह पुस्तक मेला इस वर्ष 18 से 22 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि प्रकाशन और अनुवाद में व्यापक तेज़ी आने के बाद भारत की वास्तविक छवि दुनिया के सामने आई है। भारत के बाहर के लोगों ने विभिन्न देशों के इतिहास की पुस्तकों, यात्रा वृतांतों, दार्शनिक साहित्य आदि के माध्यम से भारत के बारे में जानकारी प्राप्त की जो असलियत से दूर थी।

# पंचवटी में सूर्णपखा का रौद्र रुप देखकर लक्ष्मण ने काटा नाक

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी साइट 4 ग्रेटर नोएडा में लीला मंचन गणेश वंदना से प्रारम्भ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दादरी विधायक तेजपाल नागर ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ राजकुमार मिश्रा, योगेन्द्र चौधरी, केपी कसाना, दिवाकर भीधुड़ी, प्रायोजक मोनू गुप्ता, विवेक हूण शामिल हुए। रामलीला मंचन में भगवान श्री राम वनवास जाते समय सीता जी और अनुज भ्राता लक्ष्मण संग चित्रकूट से आगे चलते हैं और मार्ग में ऋषि अगस्त से उनकी मुलाकात होती है, ऋषि अगस्त उन्हें पंचवटी का मार्ग बताते हैं तीनों पंचवटी में पहुंचते हैं पंचवटी में नारद सूपर्णखा सम्वाद होता



है तब सूपर्णखा श्री राम से विवाह करने का प्रस्ताव उनके समक्ष रखती है। लक्ष्मण जी द्वारा सूपर्णखा की नाक काटी जाती है वह खरदूषण के पास जाती है खरदूषण सूपर्णखा के अपमान का बदला लेने आता है श्री राम व लक्ष्मण से युद्ध होता है और वह मारा जाता है फिर वह रावण के पास जाती है तब रावण मारीच को मनाकर उसे स्वर्ण मृग के रूप में ले जाता है और स्वयं साधु के वेश में जाकर सीता का हरण कर लेता है। माता सीता की रक्षा को जटायु आता है रावण के हाथों जटायु घायल हो जाता है।

श्री राम सीता के वियोग में रोते बिलखते हैं वन वन सीता की खोज करते हैं कभी खग मृग से पूछते हैं तो कभी पेड़ पौधों से सीता के बारे में पूछते हैं। सीता को खोजते खोजते घायल जटायु से उनकी मुलाकात होती हैं जटायु उन्हें बताता हैं कि रावण सीता का हरण करके ले गया हैं और जटायु अपने प्राण त्याग देते हैं जटायु उद्धार होता हैं और आरती के साथ रामलीला का समापन होता हैं। मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया 22 अक्टूबर की लीला में शबरी उद्धार, राम - सुंग्रीव मित्रता, बाली वध, सीता की खोज, हनुमान रावण सवांद, लंका दहन आदि लीलाओं का मंचन होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष मनजीत सिंह, बिजेन्द्र सिंह आर्य, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, ओमप्रकाश अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, मुकेश शर्मा, सुभाष चन्देल, अनिल कसाना, सुनील प्रधान, अरुण गुप्ता, सुरेंद्र तायल, विकास आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## श्री आदर्श रामलीला सूरजपुर में रामवन गमन लीला का हुआ मार्मिक मंचन

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री आदर्श राम लीला कमेटी सूरजपुर के तत्वाधान में रामलीला के मंचन पर केकई मंथरा संवाद कोप भवन में केकई दशरथ संवाद राम सीता संवाद राम वनवास राम केवट मिलन केवट के द्वारा सरयू गंगा के पार जाना और राजा दशरथ राम के वनवास जाने पर राजा दशरथ मरण का मार्मिक मंचन किया गया। रामलीला एवं ऐतिहासिक विजय महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष श्रीचंद भाटी व महासचिव सत्यपाल शर्मा ने कहा कि भगवान राम के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं को कलाकारों के द्वारा मंचन को देखने के लिए पहुंच रहे है और लोग मंचन के साथ मेला में झूला शॉपिंग और खाने आनंद ले



रहें है। मेले में मुख्य अतिथि भाजपा ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब अपने जीवन में भगवान राम के आदर्शों को अपनाये, रामलीला और विजय महोत्सव (दशहरा मेला) के कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश शर्मा नेता, भूदेव शर्मा जयदेव शर्मा, मूलचंद शर्मा प्रधान, ओमवीर बैसला, लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, विशाल गोयल, विनोद पंडित, सुनील सुनक, राजेश ठेकेदार, देवा पंडित, बिजेंद्र मुदगल, विनोद भाटी, जयपाल सिंह, अजय शर्मा, अमित सैन, मोहित शर्मा, अशोक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## साधू का वेश धारण कर रावण ने सीता का किया हरण

**ग्रेटर नोएडा,** 20 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वाधान में गोस्वामी सुशील महाराज के दिशा दिशा निर्देशन में राजस्थान के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन रामलीला मैदान ऐच्छर पाई सेक्टर में किया जा रहा है। शनिवार को पंचवटी में भगवान श्री राम ने अपना निवास स्थान बनाया और वहां पर सुपर्णखा के नाक काटे जाने के निर्णय से भगवान ने सभी भक्तों को यह संदेश दिया कि पराई स्त्री या पराये पुरुष के प्रति मन में गलत आकर्षण से समाज में सिर्फ और सिर्फ आपकी नाक कटेगी। माता सीता के हरण के दृश्य ने सभी भक्तों को यह संदेश दिया कि पराई स्त्री हरण का अपराध आपके संपूर्ण वंश के विनाश का कारण बनेगा। जटायु वध के दृश्य ने सभी भक्तों को आज संदेश दिया कि अगर किसी भी स्त्री की रक्षा करेंगे और आपके प्राण भी चले जाते हैं तो स्वयं ईश्वर आपको पिता का सम्मान देंगे और अपने हाथों से अंतिम संस्कार कर मोक्ष प्राप्त करा देंगे। भगवान श्री राम का माता सीता के विछोह के विलाप के दृश्य के माध्यम से ईश्वर ने यह संदेश दिया कि हर पुरुष को अपनी पत्नी के प्रति अटूट प्रेम समर्पण का भाव होना चाहिए। और



माता शबरी के जूठे बेर खाकर स्वयं परमपिता परमेश्वर ने ऊंच नीच के भेदभाव को समाज में से हटाने का और सभी को समान अधिकार का संदेश दिया। सभी भक्तों ने आज की सभी कथाओं का भरपूर आनंद लिया और सब ने भगवान श्री राम का पूरे परिसर में जयकारा लगाकर पूरे परिषद को श्री राम मय कर धन्य कर दिया। इस अवसर पर शेर सिंह भाटी, संरक्षक हरवीर मावी, प्रदीप शर्मा, बालकिशन सफ़ीपुर, सुशील नागर, अध्यक्ष आनन्द भाटी, महासचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, मिडिया प्रभारी धीरेंद्र भाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश गोतम, महेश शर्मा, पवन नागर, रोशनी सिंह, सत्यवीर मुखिया, मनोज गुप्ता, चैनपाल प्रधान, नवनीत गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## दुर्गा पंडाल में गिरते-गिरते बची काजोल, रानी, कियारा, हेमा मालिनी ने भी दुर्गा पूजा उत्सव में लिया हिस्सा



**मुंबई,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। नवरात्रि उत्सव के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनिन दुर्गा पूजा में भाग लिया, जहां अभिनेत्री गिरते-गिरते बचीं।

अभिनेत्री अपने बेटे युग और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पंडाल में मौजूद थीं। वहां उनकी बहन तनीषा मुखर्जी समेत वत्सल सेठ, इशिता दत्ता भी मौजूद थीं।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में काजोल गुलाबी साड़ी के साथ मैचिंग स्लीवलेस ब्लाउज में नजर आ रही हैं। साड़ी पर सिल्वर वर्क था। उन्होंने अपना लुक मेकअप, बिंदी और झुमके के साथ पूरा किया। उन्होंने अपने बालों का जूड़ा बना रखा था और उस पर फूल लगाए हुए थे।

वीडियो में दिखाया गया है कि काजोल स्टेज से गिरते-गिरते बचीं और उनका मोबाइल फोन भी गिर गया। युग सफेद कुर्ता पायजामा में है और अपनी मां के गिरने के बाद उन्हें पकड़ रहे हैं।

अभिनेत्री रानी मुखर्जी भी पंडाल में पहुंचीं। वह सुनहरी साड़ी और लाल नेकपीस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अभिनेत्री ने सिन्दूर और बिंदी लगाई हुई थी। वह मूर्ति की तस्वीरें क्लिक करती नजर आईं।

तनीषा ने पीले रंग का एथनिक लहंगा पहना और गुलाबी चोकर नेकपीस और झुमके के साथ ड्रेस को पूरा किया।

मां-बेटी हेमा मालिनी और ईशा देओल भी पंडाल में पहुंचीं। दिग्गज अभिनेत्री बैंगनी और सुनहरे बॉर्डर वाली साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को गोल्डन लॉन्ग नेकपीस से पूरा किया। उन्होंने सिन्दूर लगाया और अपने बालों को जूड़े में बाधा हुआ था। ईशा चांदी के काम वाली पेस्टल गुलाबी साड़ी में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को मोती की लंबी नेकपीस, मैचिंग ईयररिंग्स और जूड़े में बांधे हुए बालों के साथ गजरा लगाकर पूरा किया।

नवविवाहिता कियारा आडवाणी भी पंडाल में आईं और हल्के हरे रंग के सूट में खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने मिनिमल मेकअप के साथ अपने बाल खुले रखे थे और चूड़ियां पहनी थीं।

फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर और उनकी पत्नी भी पंडाल में मौजूद थे। निर्देशक इम्तियाज अली, दिव्या दत्ता और शारवरी वाघ भी उपस्थित थीं।

# संयुक्त उपचार व्यवस्था द्वारा चमत्कारिक परिणाम : डॉ. राजेश राणा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुचित दिनचर्या, गलत खानपान, बेवजह का तनाव आदि कारणों से दिनों दिन विभिन्न बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। आजकल किसी भी अस्पताल में विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों का दर्द, डिप्रेशन, नींद न आना, ज्यादा चिंता करना, विभिन्न प्रकार की एलर्जी, अस्थमा, कब्ज, पाचन क्रिया से संबंधित बीमारियां, मोटापा, हाइपरटेंशन, डायबिटीज आदि के मरीज बड़ी संख्या में आते हैं।

इस संबंध में देशबन्धु ब्यूरो चीफ देवेंद्र सिंह ने डॉक्टर राजेश राणा (चेयरमैन सात्विक देव आरोग्यधाम) से कुछ रोचक तथ्य जाने।

**आजकल विभिन्न प्रकार के दर्द व जीवन शैली से संबंधित बीमारियां क्यों बढ़ रही हैं?**

**संयुक्त उपचार में नेचुरोपैथी, एक्यूपंक्चर, फिजियोथैरेपी, योग, पंचकर्म शामिल**




हम लोग एक अनुचित जीवन शैली के शिकार हो चुके हैं। प्रकृति से दूरी सब बीमारियों का कारण है। देरी से सोना, देरी से उठना, खाने का उचित समय न होना, खाने में पोषक तत्व न होना, जंक फूड का ज्यादा इस्तेमाल करना, धूप में न बैठना, ज्यादा नमक व चीनी का सेवन, सब्र का अभाव, कामयाब होने की अत्यधिक जल्दी, मोबाइल व एसी का अत्यधिक इस्तेमाल करना, हमेशा भागम भाग में रहना सभी बीमारियों का कारण है।

**आप अपने उपचार व्यवस्था के बारे में थोड़ा बताएं?**

हम लोग विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को संयुक्त रूप से इस्तेमाल कर चमत्कारिक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारीयों में हम नेचुरोपैथी, एक्युपंचर, फिजियोथैरेपी, कपिगंथेरेपी, माक्सीबऐशन, पी.एन.एस.टी, एक्यूप्रेशर, पंचकर्म आदि पद्धतियों का इस्तेमाल करके जटिल से जटिल कमर दर्द, गर्दन के दर्द, घुटनों के दर्द, डिप्रेशन, पेट से संबंधित रोग आदि विभिन्न प्रकार की जटिल बीमारियों में चमत्कारिक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ-साथ हम जीवन शैली में परिवर्तन, खान-पान में परिवर्तन, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग भी करते हैं।

**सात्विक देव आरोग्यधाम क्या है और इसका मकसद क्या है?**

प्रकृति की गोद में प्रकृति के साथ विभिन्न आधुनिक व प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज ही सात्विक देव आरोग्य धाम का आधार है। डॉ. राजेश राणा के अनुसार उनका सपना था, प्राकृति की गोद में एक ऐसा सेंटर बनाना, जहां इंसान पहुंचते ही तनाव मुक्त हो जाए, वहां वह पूरी तरह प्रकृति से जुड़ जाए और सभी चिकित्सा पद्धतियां वहां उपलब्ध हो। सात्विक देव आरोग्यधाम ऐसी ही एक पहल है। डॉ. राजेश राणा के अनुसार यहां के परिणाम चमत्कारिक हैं।

**आप युवाओं से जीवन शैली के विषय में क्या कहना चाहेंगे?**

सबसे पहले तनाव मुक्त रहिए, अपने ऊपर विश्वास रखिए, हमेशा खुश रहने की आदत डालिए, जीवन में परिश्रम करें, शॉर्टकट को ना अपनाऐं, प्रकृति से नजदीकियां बना कर रखें। नमक, चीनी, मैदा, जंक फूड, पैकेट वाले खाने से हमेशा दूरी बनाए रखें। खाना उतना ही खाए जितनी जरूरत है व समय पर खाए। सुबह जल्दी उठिए व उचित व्यायाम करिए, मोबाइल व सोशल मीडिया से उचित दूरी बनाकर रखें।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.80 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.43 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.14 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.60 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 2.68 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.22 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.07 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.40 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.39 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रू ड 0.08 प्रतिशत उबलकर 88.30 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड उतरकर 92.16 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## 'भारत टेक्स 2024' प्रदर्शनी से देश बनेगा वैश्विक कपड़ा महाशक्ति : गोयल

- अगले साल 26-29 फरवरी को राजधानी दिल्ली में लगेगी भारत टेक्स 2024 प्रदर्शनी
- 'कस्तूरी कॉटन भारत' की वेबसाइट की भी शुरुआत की



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय कपड़ा और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अगले साल फरवरी में होने वाली व्यापार प्रदर्शनी 'भारत टेक्स 2024' भारत को कपड़ा क्षेत्र की वैश्विक महाशक्ति के रूप में पेश करेगी।

इस प्रदर्शनी का आयोजन अगले साल 26-29 फरवरी को राजधानी दिल्ली में स्थित भारत मंडपम और यशोभूमि परिसरों में होगा। इसकी परिकल्पना दुनिया के सबसे बड़े कपड़ा मेले के रूप में की गई है। इसमें एक ही छत के नीचे संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में फैले कपड़ा उत्पादों के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की क्षमताएं प्रदर्शित की जाएंगी।

गोयल ने इस व्यापार प्रदर्शनी (एक्सपो) से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत मंडपम या यशोभूमि से वास्तव में भारत को कपड़ा क्षेत्र में एक वैश्विक गंतव्य बनाने के हमारे प्रयास को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम भारत को वास्तव में एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने जा रहा है।

गोयल ने कहा कि प्रदर्शनी क्षेत्र दो लाख मीटर क्षेत्र में फैला है और यह दुनिया की सबसे बड़ी कपड़ा प्रदर्शनी होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया को यह दिखाने के लिए भारत टेक्स 2024 से बेहतर कोई मंच नहीं है कि भारत का वक्त आ चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे बुनकरों के लिए, हमारे शिल्पकारों के लिए, हमारे हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए, हमारे हथकरघा क्षेत्र के लिए, यह वास्तव में जो संभव है उसे प्रदर्शित करने का एक बहुत अच्छा तरीका बन सकता है।

### गोयल ने की 'कस्तूरी कॉटन भारत' वेबसाइट की शुरुआत

उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत टेक्स एक्सपो का आयोजन करीब आने तक 'हैंडमेड इन इंडिया' भी एक जीवंत वेबसाइट बन चुकी होगी और बड़ी संख्या में हितधारक इससे जुड़े होंगे। इस मौके पर गोयल ने 'कस्तूरी कॉटन भारत' की वेबसाइट की भी शुरुआत की। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह वेबसाइट इस पहल से संबंधित आवश्यक जानकारी और अपडेट के लिए एक डिजिटल मंच प्रदान करती है। वेबसाइट बुनकरों के लिए पंजीकरण एवं अन्य प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालती है जो ब्रांडेड भारतीय कपास को अनूठा बनाते हैं। 'कस्तूरी कॉटन भारत' कपड़ा मंत्रालय, भारतीय कपास निगम, व्यापार निकायों और उद्योग की एक संयुक्त पहल है। यह भारतीय कपास की ब्रांडिंग और प्रमाणन की पूरी जिम्मेदारी लेकर स्व-नियमन के सिद्धांत पर काम करता है।

## एफपीआई ने अक्टूबर में नकदी बाजार में की 16,176 करोड़ की बिकवाली



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एफपीआई ने अक्टूबर में अपनी बिक्री का सिलसिला जारी रखा और नकद बाजार में बिक्री 16176 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री की । यह बात जिओजित फाइनेंशियल सेवाओं के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कही। उन्होंने कहा कि एफपीआई वित्तीय, बिजली, एफएमसीजी और आईटी जैसे क्षेत्रों में बिकवाली कर रहे हैं। ऑटोमोबाइल और पूंजीगत वस्तुओं में बिकवाली कम रही।

निरंतर बिक्री का प्राथमिक कारण अमेरिकी बांड पैदावार में तेज वृद्धि थी, जो 17 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एफपीआई की बिक्री बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि जब स्थिति बदलेगी तो पूंजी का बहिर्प्रवाह उलट जाएगा।

एफपीआई निवेश की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता ऋण बाजार में बढ़ता प्रवाह है। इसके कई कारण हैं। एक, वैश्विक अनिश्चितता और वैश्विक अर्थव्यवस्था में कमजोरी के बीच एफपीआई अपने निवेश में विविधता ला रहा है। भारतीय बांड अच्छा रिजल्ट दे रहे हैं और भारत के स्थिर मैक्रोज़ को देखते हुए आईएनआर स्थिर होने की उम्मीद है।

एक अन्य कारक जेपी मॉर्गन ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में भारत का शामिल होना है। कुछ एफपीआई प्रमुख खरीदारों द्वारा भारतीय बांड खरीदने पर रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बढ़कर विदेशी निवेशक अब भारत को सबसे अच्छी विकास कहानी के साथ सबसे स्थिर उभरते बाजार के रूप में देखते हैं।

## साइंटिफिक रेमेडीज ने देश में एफिनिटी एडवांस किया पेश

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पशु स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनी साइंटिफिक रेमेडीज ने दुनिया में पालतू जानवरों के भोजन के छठे सबसे बड़े निर्माता एफिनिटी पेटकेयर के प्रमुख ब्रांड एफिनिटी एडवांस को भारत में लॉन्च किया है। कंपनी ने कहा कि एफिनिटी एडवांस पालतू जानवरों के लिए सुपर प्रीमियम चिकित्सा, स्वास्थ्य और विशेष पोषण की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो दुनिया भर में पालतू जानवरों के पेरेंट्स और पशु चिकित्सकों में लोकप्रिय है और डॉक्टर इसकी सलाह देते हैं। एफिनिटी पेटकेयर के साथ यह साझेदारी साइंटिफिक रेमेडीज को देश में पालतू जानवरों के पेरेंट्स को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला पालतू भोजन प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। यह पालतू जानवरों की अधिक लंबी उम्र और जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकीय रूप से सिद्ध और साक्ष्य आधारित है। एफिनिटी पेटकेयर वैश्विक स्तर पर उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ पालतू जानवरों के पेरेंट्स और पशु चिकित्सकों दोनों को सेवाएं प्रदान करता है।

## केन्द्र से मिले 90 करोड़ की अनुदान राशि उद्योगों को डिजिटल स्थांतरित

**देहरादून,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को औद्योगिक विकास योजना के अन्तर्गत, स्थापित उद्योगों को भारत सरकार से प्राप्त अनुदान धनराशि का डिजिटल स्थानान्तरण किया। उन्होंने चयनित 40 औद्योगिक ईकाइयों को स्वीकृत 90 करोड़ रुपये की धनराशि उनके खातों में स्थानान्तरित की। उन्होंने राज्य में उद्योगों के विकास के लिए औद्योगिक विकास योजना के माध्यम से राज्य को सहयोग प्रदान करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का आभार व्यक्त किया। धामी ने कहा कि राज्य में उद्योगों के प्रोत्साहन, संवर्द्धन और विस्तारीकरण के लिए यह महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली, दुबई और अबू धाबी में विभिन्न निवेशक समूहों के साथ



- नवेश के लिए लगभग 55 हजार करोड़ के करार

हुई बैठकों में राज्य में निवेश के लिए लगभग 55 हजार करोड़ के करार हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक जो करार हुए हैं, राज्य सरकार का प्रयास है कि आगामी आठ और नौ दिसम्बर 2023 को देहरादून में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट तक अधिकांश करारों को धरातल पर उतारने का कार्य पूर्ण हो जाय। उन्होंने कहा कि विभिन्न बैठकों में जो भी सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सुझावों पर भी अमल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी करार हुए हैं और प्रस्ताव आये हैं, उनका पूरा आंकलन कर आगे कार्य किये जायेंगे। निवेश के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले और प्राथमिक सेक्टर को मजबूत बनाने वाले प्रस्तावों एवं करारों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा। धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं, निवेशकों, उद्योगों एवं उत्तराखण्ड के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की औद्योगिक विकास योजना 2017 के तहत हिमालयी राज्यों उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश में औद्योगिकरण को प्रोत्साहित किये जाने के लिए स्थापित होने वाली विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों को संयंत्र और मशीनरी में किये गये निवेश पर 30 प्रतिशत की दर से अधिकतम पांच करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है।

## 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार में सबसे आगे सैमसंग

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। सैमसंग ने तीसरी तिमाही में 18 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी और 7.9 मिलियन यूनिट की शिपमेंट के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। शाओमी 7.6 मिलियन यूनिट की शिपिंग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, जो मुख्य रूप से इसके किफायती 5जी मॉडल की रिलीज से प्रेरित है। मार्केट रिसर्च फर्म कैनालिस के अनुसार, वीवो 7.2 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि रियलमी और ओप्पो (वनप्लस को छोड़कर) क्रमश: 5.8 मिलियन और 4.4 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी करके शीर्ष पांच में रहे।

भारत ने 2023 की तीसरी तिमाही में 43 मिलियन शिपमेंट दर्ज की, क्योंकि बाजार धीरे-धीरे रिकवरी की ओर बढ़ रहा है। हालांकि शिपमेंट में साल-दर-साल 3 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन तिमाही में उपभोक्ता माहौल में सुधार देखा गया, जिससे विक्रेताओं को नए पेश किए गए उपकरणों पर पूंजी लगाने की अनुमति मिली।

कैनालिस के वरिष्ठ विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा कि तीसरी तिमाही में, स्मार्टफोन ब्रांडों ने बजट-अनुकूल 5जी विकल्पों पर जोर देने के साथ




रणनीतिक रूप से अपने उत्सव उत्पाद लाइनअप को बढ़ावा दिया।

एंट्री-लेवल सेगमेंट में मांग में वृद्धि देखी गई क्योंकि विक्रेताओं ने बड़े पैमाने पर 5जी मॉडल पेश किए। चौरसिया ने कहा कि प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत वृद्धि का अनुभव जारी रहा। यह सैमसंग की एस23 सीरीज और पुरानी पीढ़ी के एप्पल आईफोन्स, जैसे आईफोन 14 और आईफोन 13 द्वारा संचालित था, जो फेस्टिव सेल्स के दौरान आकर्षक डील्स पर पेश किए जा रहे थे। बाजार में एचटेक के साथ रणनीतिक संयुक्त उद्यम मार्ग के माध्यम से ऑनर की रि-एंट्री भी देखी गयी और इसका ऑनर 90 मॉडल लॉन्च किया गया। वनप्लस, इनफिनिक्स और टेक्नो जैसे ब्रांडों मुख्य रूप से चैनल की उपस्थिति में वृद्धि, पेशकश में वृद्धि और 2021 की चिप की कमी की अवधि से कुछ सकारात्मक गति प्राप्त करने के कारण मजबूत वृद्धि देखी। चौरसिया ने कहा कि दूसरी छमाही में बाजार में उपभोक्ता विश्वास बढ़ने के बावजूद, सुधार की राह को वैश्विक आर्थिक चिंताओं से चुनौती मिलेगी। 2024 में वृद्धि अनिश्चित व्यापक आर्थिक कारकों पर निर्भर करती है, जो विशेष रूप से कमजोर एंट्री लेवल सेगमेंट को प्रभावित करती है। रिपोर्ट में कहा गया, बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए, विक्रेताओं को चैनल दबाव को कम करने और एक कम उत्पाद पोर्टफोलियो बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सभी चैनलों पर संतुलित सूची बनाए रखते हुए उनके पास प्रत्येक प्राइस सेगमेंट में हीरो मॉडल होने चाहिए।

## एलन मस्क के एक्स को पिछले महीने 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता का नुकसान



**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्स कॉर्प (पूर्व में ट्विटर) पर पिछले महीने 50 करोड़ से अधिक यूजर विजिट कम हो गए और एलन मस्क द्वारा संचालित प्लेटफॉर्म अब वैश्विक रैंकिंग में इंस्टाग्राम के बाद सातवें स्थान पर आ गया है। नए सिमिलरवेब डेटा के अनुसार, सितम्बर में एक्स का ट्रैफिक 6.4 बिलियन से घटकर 5.8 बिलियन हो गया, जो 10 प्रतिशत का नुकसान है। सितम्बर में ट्विटर पर विजिट करने वाले 176 देशों में से 83 प्रतिशत में महीने-दर-महीने विजिट में गिरावट देखी गई। वेंचर स्मार्टर द्वारा डेटा के विश्लेषण से पता चला कि एक्स अब मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम के बाद वैश्विक रैंकिंग में सातवें स्थान पर आ गया है। सितम्बर में ट्विटर का उपयोग करने वाले 176 देशों में से चार-पांचवें (83 प्रतिशत) से अधिक देशों में वेबसाइट पर महीने-दर-महीने ट्रैफ़िक में गिरावट देखी गई। गूगल डेटा से यह भी पता चला है कि पिछले साल मस्क द्वारा कंपनी का अधिग्रहण करने के बाद से ट्विटर पर वैश्विक खोज में गिरावट आई है, जो 14 मिलियन मासिक खोज से घटकर एक साल बाद 11 मिलियन हो गई है, जो नवंबर 2018 के बाद से सबसे कम है। वेंचर स्मार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि समान वेब ट्रैफिक से पता चलता है कि ट्विटर तेजी से ट्रैफिक खो रहा है और वैश्विक रैंकिंग में पहले ही नीचे गिर चुका है। जब से मस्क ने पदभार संभाला है, इसकी लोकप्रियता में गिरावट होती दिख रही है। सैकड़ों देशों से ट्रैफ़िक में गिरावट देखना चौंका देने वाला है, और यह बॉट्स से निपटने के लिए ट्विटर के पर्दे के पीछे के प्रयास भी हो सकते हैं।

## सार संक्षेप

### जालंधर में 24954 टन धान की लिफ्टिंग, किसानों को 428 करोड़ का भुगतान

**जालंधर।** पंजाब के जिला जालंधर की अनाज मंडियों में एक ही दिन में 24954 टन धान लिफ्टिंग कर जिले ने पंजाब में पहला स्थान हासिल किया है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने शनिवार को बताया कि जिले की मंडियों में अब तक 2088861 टन धान की आमद हो चुकी है, जिसमें से 206474 टन धान विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा जा चुका है, जो धान की आमद का 99 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जिले की मंडियों से एक दिन में 24954 टन धान एकत्र किया गया, जो प्रदेश के किसी भी जिले में सबसे ज्यादा है। जालंधर के बाद पटियाला में एक दिन में 19015 टन, कपूरथला में 17744 टन और होशियारपुर में 15459 टन धान की लिफ्टिंग हो चुकी है। सारंगल ने बताया कि किसानों को अब तक 428 करोड़ रुपये की अदायगी की जा चुकी है, जो कि तय समय में की जाने वाली 357 करोड़ रुपये की अदायगी से 71 करोड़ रुपये अधिक है।

### आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 35 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 10261 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 7557.8 करोड़ रुपये की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज शेयर बाजार को सूचित किया कि सितंबर में समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 24 प्रतिशत बढ़कर 18308 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी जबकि अन्य आय 14.3 प्रतिशत बढ़कर 5777 करोड़ रुपये पर रही। बैंक ने कहा कि इस तिमाही में विभिन्न मदों में किये गये प्रावधानों में 64.5 प्रतिशत की कमी आने के कारण लाभ में बढोतरी हुयी है। इस तिमाही में विभिन्न मदों में 583 करोड़ रुपये के प्रावधान किये गये हैं। इस तिमाही मे बैंक के सकल गैर निष्पादित परिसंपत्तियां 28 आधार अंक सुधरकर 2.48 प्रतिशत पर रहा और इस दौरान शुद्ध एनपीए पांच आधार अंक सुधरकर 0.43 प्रतिशत पर रहा।

### येस बैंक का मुनाफा 47.4 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के येस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 225 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष के समान अवधि के 152.8 करोड़ रुपये की तुलना में 47.4 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने बीएसई को दिये सूचना में बताया कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज 1925.1 करोड़ रुपये रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1991.4 करोड़ रुपये रही थी। इस तरह से शुद्ध ब्याज आय में 3.3 प्रतिशत कमी आयी है। बैंक का सकल एनपीए 1.72 प्रतिशत पर रहा है जबकि शुद्ध एनपीए 10 आधार अंक सुधरकर 0.9 प्रतिशत पर रहा है।

## खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में आज अरहर दाल में तेजी गिरावट के अलावा खाद्य तेल समेत अन्य सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में गिरावट को छोड़कर शेष दालों में टिकाव रहा। इस दौरान अरहर दाल 500 रुपये प्रति कुंतल उतर गयी जबकि चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे -

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9800-9900, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति कुंतल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000।

## कॉल के दौरान आईपी एड्रेस की सुरक्षा के मामले में हम सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने शनिवार को कहा कि जब कॉल के दौरान आईपी एड्रेस की सुरक्षा की बात आती है तो वह सबसे सुरक्षित मास मार्केट मैसेंजर है।

कंपनी ने डेनिस सिमोनोव नामक एक साइबर-सुरक्षा शोधकर्ता को जवाब दिया, जिन्होंने दिखाया कि एक सरल टूल के साथ एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर किसी भी खाते के आईपी एड्रेस तक पहुंचना आसान है।

टेलीग्राम ने एक बयान में कहा कि यह एकमात्र ऐसा प्लेटफॉर्म है जो डिफ़ॉल्ट रूप से सभी कॉल के लिए पीयर-टू-पीयर का उपयोग नहीं करता है।

कंपनी ने कहा कि केवल यूजर की संपर्क सूची (विश्वसनीय पक्ष) वाले लोग ही कॉल करते समय उनका आईपी पता देख पाते हैं। अजनबियों के साथ कॉल विशेष रूप से आईपी एड्रेस




छिपाने के उद्देश्य से टेलीग्राम के सर्वर के माध्यम से रूट की जाती है।

टेलीग्राम ने कहा कि यह यूजरों को संपर्कों के लिए पीयर-टू-पीयर कॉल को पूरी तरह से अक्षम करने, सभी कॉल को सर्वर के माध्यम से रूट करने का विकल्प भी देता है। कंपनी ने कहा कि यह 'लीक' नहीं है क्योंकि पीयर-टू-पीयर कॉल की सुविधा के लिए तकनीकी आवश्यकता के कारण आईपी एड्रेस साझा किए जाते हैं।

**साइबर-सुरक्षा शोधकर्ता को टेलीग्राम ने दिया जवाब**

टेलीग्राम के अनुसार, अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म में, सभी कॉल डिफ़ॉल्ट रूप से पीयर-टू-पीयर नेटवर्किंग का उपयोग करते हैं और अपने यूजरों को इसे बदलने के लिए कोई विकल्प दिए बिना आईपी एड्रेस साझा करते हैं।

सिमोनोव ने एक पोस्ट में लिखा कि हाल ही में उन्हें टेलीग्राम मैसेंजर में अपने वार्ताकार का आईपी एड्रेस पता करने का काम मिला था।

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मैंने नेटवर्क ट्रैफ़िक विश्लेषण टूल वायरशार्क का उपयोग किया, जहां मैंने एसटीयूएन प्रोटोकॉल ट्रैफ़िक का पता लगाया। एसटीयूएन (सेशन ट्रैवर्सल यूटिलिटीज फॉर नैट) एक मानकीकृत प्रोटोकॉल है जिसे नैट (नेटवर्क एड्रेस ट्रांसलेशन) के पीछे के उपकरणों को उनके बाहरी आईपी एड्रेस और उनके गेटवे पर उपयोग किए जाने वाले नैट के प्रकार को निर्धारित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शोधकर्ता ने कहा कि थोड़ा समय बिताने के बाद मैंने वायरशार्क - टीशार्क के कंसोल संस्करण का उपयोग करके टेलीग्राम में मुझसे बात करने वाले का आईपी प्राप्त करने की प्रक्रिया को स्वचालित करने का निर्णय लिया।

# खेल जगत

## पाकिस्तान पर शानदार जीत के बाद वार्नर ने बर्थडे ब्वाय मार्श को सराहा

**पुणे,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान पर शानदार जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप में 4 मैचों में 2 जीत के साथ जीत की राह पर लौट आया है। डेविड वार्नर और मिशेल मार्श की ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ने विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए 259 रनों की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी दर्ज की, क्योंकि दोनों बल्लेबाजों ने शुक्रवार को शतक बनाये। डेविड वार्नर को 124 गेंदों में 163 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया और उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार मिशेल मार्श की भी भरपूर प्रशंसा की, जिन्होंने शानदार शतक (121) के साथ अपना जन्मदिन मनाया और पाकिस्तान पर विनाशकारी हमला किया। उन्हें पारी की बेहतरीन शुरुआत मिली। वार्नर ने संवाददाताओं से कहा, मैं शायद इसके विपरीत था, डेविड और गोलियथ। लेकिन उसने गेंद को बहुत अच्छे से मारा और वह बहुत दुर्भाग्यशाली था कि इस तरह आउट हो गया।



# रंग में चल रहे रोहित व विराट के बूते भारत का मकसद न्यूजीलैंड को भी हरा हिसाब चुका शीर्ष पर पहुंचना

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (देशबन्धु)। रंग में चल रहे कप्तान रोहित शर्मा और चेज मास्टर विराट कोहली जैसे अब तक एक-एक शतक जड़ने वाले अपने धुरंधर बल्लेबाजों के बूते भारत का मकसद अब पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड को धर्मशाला में रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के अहम लीग मैच में हरा उससे 2019 के संस्करण में बेहद करीबी सेमीफाइनल में मिली 18 रन की हार का हिसाब खुद शीर्ष पर पहुंचने का है। न्यूजीलैंड और भारत के शुरू के अपने अपने चारों मैच जीतने से समान रूप से आठ आठ अंक हैं। न्यूजीलैंड अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण फिलहाल शीर्ष पर है। एक दिलचस्प बात यह है कि भारत ने मौजूदा विश्व कप में चारों मैच लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते हैं। भारत के लिए सबसे सुखद बात यह है कि रोहित, विराट और केएल राहुल के साथ उसके लिए इस साल के शुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में दोहरा शतक जड़ा उसे सीरीज 3-0 जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले शुभमन गिल डेंगू से उबर कर पूरे फिट होने के साथ बांग्लादेश के खिलाफ अर्द्धशतक जड़ अपनी रंगत पा चुके हैं। सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खुद अब तक सबसे ज्यादा दस विकेट चटकाने के साथ साथी गेंदबाजों का भी मार्गदर्शन कर रहे हैं। बुमराह अपनेरफ्तार और विविधता से रंग में चल रहे न्यूजीलैंड के शीर्ष का जरूर अच्छा इम्तिहान लेंगे। मुकाबला भारत की मजबूत बल्लेबाजी और न्यूजीलैंड के ऑलराउंडरों में है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर ऑलराउंडर- भारतीय मूल के रचिन रवींद्र ने पहले ही मैच में शतक उसे मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ आठ विकेट से और मिचेल सेंटनर ने खासतौर पर गेंद से अफगानिस्तान के खिलाफ कमाल कर पांच विकेट चटका यह दर्शाया है कि भारत उसे हल्के लेने की भूल कतई नहीं करेगा। धर्मशाला में नम मौसम में गेंद के स्विंग होगी और ऐसे में भारत को धर्मशाला की तेज गेंदबाजों की माकूल समझी जाने वाली पिच पर न्यूजीलैंड के रफ्तार के सौदागरों मैट हेनरी, लॉकी फर्गुसन और ट्रेंट बोल्ट जैसे अब तक मौजूदा संस्करण में बीस विकेट आपस में बांटने वाली रफ्तार के सौदागर की त्रिमूर्ति और अपनी सधी लाइन गति परिवर्तन से सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले स्पिनर मिचेल सेंटनर (11 विकेट) से भारतीय बल्लेबाजों को जोश के साथ रविवार को होश दिखा चौकस रहना होगा।

**■ न्यूजीलैंड के स्पिनर सेंटनर व रफ्तार के सौदागरों से भारत को चौकस रहना होगा**

वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में दोनों टीमें अब तक नौ बार आमने सामने हुई हैं। न्यूजीलैंड ने 2019 के पिछले संस्करण सहित भारत को अब तक पांच बार शिकस्त दी है। मात्र तीन बार ही जीत भारत के हिस्से आई है। एक दिलचस्प बात यह है कि भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कुल तीन में दो जीत 1987 में रिलायंस वन डे विश्व कप में अपने घर में खेले और इसके बाद मात्र एक बार 2003 में दक्षिण अफ्रीका में हुए संस्करण में हासिल की है। बेशक न्यूजीलैंड का पलड़ा वन डे विश्व कप में भारत के खिलाफ भारी रहा है। भारत इस साल के शुरू में न्यूजीलैंड से तीन वन डे मैचों सीरीज में 3-0 से सफाया कर जीती इसमें हैदराबाद में पहले मैच में शुभमन गिल ने दोहरा शतक जड़ा था जबकि तीसरे में उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़े थे। कप्तान रोहित शर्मा (कुल 265 रन) अब तक मौजूदा विश्व कप में रोहित शर्मा एक शतक और एक अर्द्धशतक सहित भारत के लिए रन बनानें में सबसे आगे चल रहे हैं। एक शतक और दो अर्द्धशतक सहित विराट (259) अब कप्तान रोहित से फिलहाल चार मेचों के बाद मात्र छह रन पीछे है। विराट कोहली ने जिस जीवट और जज्बे के साथ लेग स्पिनर नसुम अहम की गेंद पर छक्का जड़ उससे वह देश में बतौर क्रिकेटर हर किसी के %प्रिय' बन गए हैं। विराट कोहली बृहस्पतिवार को जिस तरह अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट में अपना 48 वां शतक पूरा किया। विराट अब दुनिया के सर्वकालीन महानतम बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर (कुल 49 शतक) से अंतराष्ट्रीय वन डे क्रिकेट में सबस ज्यादा शतक जड़ने के रिकॉर्ड से बस एक कदम के फासले पर हैं। भारतीय टीम हर कोई यही आस करेगा कि विराट धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी शतक जड़ महान सचिन तेंडुलकर की बराबरी कर ले। विराट आखिर तक हार न मानने के जज्बे के लिए ख्यात हैं। वहीं विराट का फोकस बस भारत को एक बार फिर बस जिताने पर रहेगा।



एक एक शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे (कुल 249 रन) और रचिन रवींद्र( कुल 215)न्यूजीलैंड के लिए रन बनाने में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। साथ ही सलामी बल्लेबाज विल यंग(124 रन) और कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम (121) दो-दो अर्द्धशतक जड़ के साथ निचले मध्यक्रम में ग्लेन फिलिप्स के साथ डैरल मिचेल जैसे ऑलराउंडर एक-एक अर्द्धशतक बना बताया कि वे किसी न्यूजीलैंड को किसी भी स्थिति से उबार सकते हैं ।वहीं भारत के नजरिए से सोने पर सुहागा यह है कि मौजूदा संस्करण में न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर (11 विकेट) के बाद विकेट चटकाने में दूसरे नंबर पर अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह(दस विकेट)की अगुआई में भारत गेंदबाजी इकाई में धैर्य से शानदार प्रदर्शन कर रहा है। बुमराह खुद विकेट चटकाने अपने साथी भारतीय गेंदबाजों मोहम्मद सिराज(5 विकेट) का मार्गदर्शन कर उन्हें भी विकेट दिलाने में मदद कर ही रहे हैं बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (छह विकेट) और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव(पांच विकेट) की जुगल जोड़ी खासतौर पर पारी के बीच के ओवरों रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटका कर भारत की अब तक की चारों जीत में अहम निभाने में कामयाब रहे हैं।

## भारत के सबसे बड़ा सवाल चोटिल हार्दिक की जगह कौन?

भारत को अब अपने इस संस्करण के पांचवें मैच के लिए टखने की चोट के कारण बाहर ऑलराउंडर हार्दिक पांडया की कमी जरूर धर्मशाला में खासतौर पर गेंदबाजी में अखरेगी। भारत के सामने बड़ा सवाल यह रहेगा कि हार्दिक की जगह अब एकादश में कौन? वहीं न्यूजीलैंड के लिए अपने नियमित कप्तान केन विलियमसन का फिर चोट के उभरने के कारण बाहर होना जरूर परेशान करने वाला है। हार्दिक इस मैच के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ उपलब्ध न होने पर सीधे ही अब इंग्लैंड के खिलाफ मैच के लिए लखनउ पहुंचेंगे। हार्दिक और रवींद्र जडेजा बतौर ऑलराउंडर टीम इंडिया की मौजूदा विश्व कप की धुरी तो हैं ही एकादश के संतुलन के लिहाज से दोनों बेहद अहम हैं। हार्दिक व जडेजा गेंद, बल्ले और चीते की फुर्ती से की गई फील्डिंग के लिए एक %कंपलीट पैकेज हैं। भारतीय क्रिकेट कट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम हार्दिक पााडया की फिटनेस पर करीबी निगाह रखेगी। भारत के सामने चोट के कारण बाहर हार्दिक की जगह ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अथवा सूर्य कुमार यादव में से किसी एक चुनने के लिए खासी मशक्कत करनी होगी। भारत यदि हार्दिक की जगह अश्विन को एकादश में जगह देता है तो फिर उसका निचला मध्यक्रम कमजार पड़ जाए क्योंकि तब रवींद्र जडेजा और उनके बाद अश्विन और शार्दूल ठाकुर आएंगे। भारत के लिए बेहतर विकल्प यही होगा कि वह हार्दिक की जगह सूर्य कुमार यादव और बाएं हाथ के इशन किशन जैसे खालिस बल्लेबाज को उतारे और शार्दूल ठाकुर की जगह खालिस स्विंग-सीम गेंदबाज मोहम्मद शमी को उतारे। आठवें नंबर तक बल्लेबाजी का तर्क देकर शार्दूल ठाकुर को एकादश में शामिल करने में दरअसल शार्दूल ठाकुर से पूरे दस ओवर कराने का एक बड़ा जुआ होगा।

## कुलदीप यादव ने विश्व कप में सफलता का श्रेय भारतीय तेज आक्रमण को दिया



**धर्मशाला,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव घरेलू सरजमीं पर क्रिकेट विश्व कप की शानदार शुरुआत के लिए भारतीय तेज आक्रमण को श्रेय देते हैं, जिसमें चार शानदार जीत के साथ वह अपराजित रहने वाली केवल दो टीमों में से एक बन गए। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों को 200 से कम रन पर आउट करने और अफगानिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ आठ विकेट लेने के बाद, भारत ने अब तक अपने चार मैचों में 36 विकेट लिए हैं। कुलदीप ने आईसीसी को बताया, पहले पावरप्ले से अच्छी शुरुआत करना बहुत महत्वपूर्ण है। जसप्रीत और सिराज ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। न केवल हमें विकेट दे रहे हैं, बल्कि जब मैं और जड्डू भाई (रवींद्र जड़ेजा) गेंदबाजी करने आते हैं तो शायद रन भी रोकते हैं। हमें हमेशा एक या दो विकेट मिले हैं, केवल आज (बांग्लादेश के खिलाफ) हमें लगा कि उन्हें बहुत अच्छी शुरुआत मिली है।

जबकि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित बल्लेबाजों ने बड़े स्कोर बनाए हैं क्योंकि भारत ने अपने चार लक्ष्यों का पीछा किया है, गेंदबाजी आक्रमण प्रत्येक जीत को स्थापित करने में उतना ही महत्वपूर्ण रहा है। चोट के बाद वापसी करने वाले बुमराह का एशिया कप के बाद विश्व कप में प्रदर्शन शानदार रहा है, उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 10 के साथ दूसरे सबसे अधिक विकेट लिए हैं, जबकि सिराज और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या दोनों ने पांच विकेट लिए हैं। . हार्दिक पांड्या की टीम में वापसी को लेकर चिंताएं हैं क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए उनके टखने में चोट लग गई थी, मोहम्मद शमी उनकी जगह ले सकते हैं, जिसमें भारतीय तेज आक्रमण के साथ-साथ बुमराह और सिराज भी शामिल होंगे। कुलदीप ने कहा, हम सिर्फ लंबाई पर काम कर रहे हैं और हम इसे बहुत सरल रख रहे हैं, मैं और जड्डू भाई। हमें अच्छे विकेट भी मिल रहे हैं, लेकिन इसे बहुत सरल रखना और हर मैच में इसे बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप बीच के ओवरों में शुरुआती विकेट लेते हैं, तो निश्चित रूप से यह आपको आत्मविश्वास देता है और यह रन रेट को भी नियंत्रित करता है। जडेजा ने सात विकेट लेने और 3.75 के साथ टूर्नामेंट में चौथे सर्वश्रेष्ठ इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी करते हुए दोनों भूमिकाएँ निभाई हैं। 4.1 रन प्रति ओवर की सातवीं सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी रेट के साथ छह विकेट के साथ कुलदीप सबसे अच्छे गेंदबाजों में से एक हैं। भारत रविवार को धर्मशाला में शीर्ष ब्लॉकबस्टर मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है।

# नीदरलैंड्स को हरा कर श्रीलंका ने विश्व कप में खोला जीत का खाता

**लखनऊ** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी विश्वकप में श्रीलंका की पहली जीत की तलाश शनिवार को नवाब नगरी लखनऊ में खत्म हुयी जहां सदीरा समराविक्रमा (91),पथुम निसंका (54),चरिथ असलंका (44) और धनंजय डिसिल्वा (30) की उपयोगी पारियों की मदद से नीदरलैंड्स को दस गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर नीदरलैंड्स ने शुरूआती झटकों से उबरते हुये 49.4 ओवर में 262 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका ने विजय लक्ष्य 48.2 ओवरों में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। प्लेयर आफ द मैच समराविक्रमा ने 91 रनो की नाबाद सूझबूझ भरी पारी खेली और नीदरलैंड्स के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। उनका साथ चरिथ असलंका और बाद में धनंजय डिसिल्वा ने निभाया। इससे पहले पथुम निसंका ने एक छोर पर विकेट गिरने के बावजूद तेज गति से खेलते हुये अपना अर्धशतक पूरा किया। वह पाल वैन मीकरेन का शिकार बने।

नीदरलैंड्स के करिश्मायी गेंदबाज आर्यन दत्त ने 44 रन देकर तीन श्रीलंकाई बल्लेबाजों को आउट किया जबकि पाल वैन मीकरेन और कॉलिन ऐकरमैन को एक एक विकेट मिला। इससे पहले साइब्रैंड एंगलब्रेट (70) और लोगन वैन बीक (59) के बीच 130 रन की शतकीय साझीदारी की बदौलत नीदरलैंड्स ने श्रीलंका के खिलाफ 262 रन बनाये। नीदरलैंड्स एक समय 91 रन पर शुरुआती छह विकेट गंवा कर संघर्ष की स्थिति में था मगर साइब्रैंड और वैन बीक ने जबरदस्त बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया। दोनो बल्लेबाजों ने क्रीज पर समय देते हुये बाउंड्री की बजाय सिंगल्स और डबल्स रन लेने में रुचि दिखायी और ढीली गेंदों पर प्रहार भी किये। नतीजन नीदरलैंड्स का स्कोरबोर्ड चल निकला और 45 ओवर की समाप्ति पर उस पर 221 रन अंकित हो चुके थे।

इस बीच कप्तान कुसल मेंडिस ने अपने स्ट्राइक गेंदबाज दिलशान मदुशंका को गेंद थमायी और उन्होने इसे सही फैसला करार देते हुये साइब्रैंड को क्लीन बोल्ड आउट कर पार्टनरशिप को तोड़ने में सफलता हासिल की। उन्होने अपने अगले ही ओवर में रूलाफ वैन डर मर्व को विकेट के पीछे कैच करा कर नीदरलैंड्स को 250 से कम टोटल पर रोकने की कोशिश की मगर एक छोर पर जम वैन बीक ने पुछल्ले बल्लेबाजों के सहारे टीम के स्कोर को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

मदुशंका और कसुन रजिता ने चार चार विकेट झटके वहीं महीश थीक्षणा को एक सफलता मिली। आखिरी विकेट के रूप में पाल वैन मीकरेन (4) नो बॉल पर रन आउट करार दिये गये।



### जीत से संतुष्ट, आज का दिन हमारा था : मेंडिस

श्रीलंका टीम के कप्तान कुसल मेंडिस ने कहा कि आज के मैच में हमने गेंद और बल्ले से सकरात्मक प्रदर्शन किया। मैच के बाद मेंडिस ने कहा आज मैं बहुत ख़ुश हूं। हमने हर क्षेत्र में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। गेंदबाज़ों ने पहले दस ओवरों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। मैच के अंत में पिच थोड़ा टर्न लेने लगी थी। सदीरा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाज़ी की। पथुम और सदीरा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाज़ी की। आज के मैच में हमारे लिए कई सकारात्मक चीज़ें रहीं। 91 रन की नाबाद पारी खेल कर टीम को विजय द्वार पर पहुंचाने वाले सदीरा समराविक्रमा ने कहा, मैं काफ़ी ख़ुश हूं कि मैंने आज का मैच फ़िनिश किया। हमें जीत की ज़रूरत थी। जब मैं बल्लेबाजी करने गया, तो विकेट आसान नहीं था। गेंद घूम रही थी और तेज़ गेंदबाज़ अच्छी लाइन पर गेंदबाज़ी कर रहे थे। मैंने अपने बेसिक्स को फॉलो किया। मुझे पता था कि बाद में यह पिच कठिन होने जा रही है। इसलिए मैं अंत तक बल्लेबाज़ी करना चाह रहा था। सदीरा को प्लेयर आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। हार से निराश नीदरलैंड्स के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कहा हमने अच्छी शुरुआत नहीं की। हमने ख़ुद को काफ़ी प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। हमने कई ऐसी गेंदें फेंकी जो काफ़ी कमज़ोर थी। साथ ही हमारी फ़ील्डिंग भी काफ़ी ख़राब थी। हमारे गेंदबाज़ पूरे टूर्नामेंट में हमारे लिए काफ़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आर्यन ने आज अच्छी गेंदबाज़ी की। हमारी बल्लेबाज़ी अभी तक अच्छी नहीं रही है।

## सार संक्षेप

### दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को दिया 400 रन का लक्ष्य

**मुबंई।** हेनरिक क्लासेन (109),रीजा हेंड्रिक्स (85),रासी वान दर दुर्से (60) और मार्को यानसान (75 नाबाद) की धुआंधार पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां विश्व कप मैच में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट पर 399 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। वानखेड़े स्टेडियम में क्विंटन डिकॉक (4) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का पहला विकेट जल्दी झटकने के बाद इंग्लैंड जास बटलर टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले पर गर्व कर रहे थे जिसको सिरे से गलत साबित करते हुये हेड्रिक्स और दुर्से ने 121 रन की पार्टनरशिप की जबकि बाद में कप्तान एडन मारक्रम (42) बना कर विरोधी टीम को बड़ी चुनौती पेश करने के संकेत दे दिये थे। रही सही कसर क्लासेन और यानसन ने पूरी कर दी। पारी के आखिरी ओवर में आउट होने से पहले क्लासेन 67 गेंदो में 12 चौके और चार छक्के लगा कर स्टेडियम का तापमान काफी हद तक बढ़ा चुके थे। उनका यह एक दिवसीय करियर का तीसरा शतक था। दूसरे छोर पर 42 गेंदो की नाबाद पारी खेलने वाले यानसन छक्कों का छक्का लगा कर अंग्रेज गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में व्यस्त रहे। रीस टाप्ली ने 88 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया जबकि गस ऐटकिंसन और आदिल रसीद को दो दो विकेट मिले।

### महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी भारत को मिली

बेंगलुरु। अंतरराष्ट्रीय हॉकी परिषद (एफआईएच) ने महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी भारत को प्रदान की है। पहले यह प्रतियोगिता चीन के हांगझोउ में खेली जानी थी। महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के मुकाबले अब झारखंड की राजधानी रांची में खेले जायेंगे। यह निर्णय चीन की महिला टीम के ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद लिया गया है। प्रतियोगिता रांची में अगले साल 13 से 19 जनवरी के बीच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जायेगी। भारत के अलावा, सात देशों की टीमें पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए रांची में खेलेंगी। इनमें शीर्ष की तीन टीमों को पेरिस ओलंपिक में खेलने का मौका मिलेगा। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने शनिवार को कहा कि इसके अलावा अन्य तीन एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर पुरुष टीम मैच 15 से 24 जनवरी तक ओमान के मस्कट और महिला और पुरुष टीम मैच 13 से 21 जनवरी तक स्पेन के वालेंसिया में खेले जाएंगे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, रांची में क्वालीफायर मैचों की मेजबानी मिलना हमारे लिए सम्मान की बात है।

## सेंटनर हमारे लिए शानदार रहे हैं, उम्मीद है कि कल भी कुछ अलग नहीं होगा : लैथम

**धर्मशाला,** 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप से पहले कई लोगों ने चर्चा की थी कि नई गेंद के तेज गेंदबाज विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर होंगे। लेकिन जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने आधे चरण के करीब पहुंच रहा है, न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर 11 विकेट के साथ चार्ट में शीर्ष पर हैं। 4.40 की इकोनॉमी रेट और पांच विकेट लेने के अलावा, हाल ही में डैनियल विटोरी के बाद 100 वनडे विकेट लेने वाले अपने देश के दूसरे बाएं हाथ के स्पिनर बनने के अलावा, सेंटनर न्यूजीलैंड की मध्य ओवरों में जीत के सूत्रधार रहे हैं। उसके लिए एक हमलावर और रन-फ्लो को रोकने वाले दोनों रूप में। सेंटनर गेंद को बहुत ज्यादा घुमाने वाले खिलाड़ी नहीं हैं, लेकिन उनकी ताकत गति में सूक्ष्म बदलाव और दबाव बनाने और बल्लेबाजों को गलत शॉट लगाने के लिए गेंदों पर अविश्वसनीय नियंत्रण रखने में निहित है। रविवार को धर्मशाला में भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले, ब्लैककैप्स मुकाबले में सेंटनर के शानदार प्रदर्शन की पुनरावृत्ति की कामना कर रहे हैं।

वह कई वर्षों से हमारी टीम का एक बड़ा हिस्सा रहा है। मुझे लगता है कि इन परिस्थितियों में उनका अनुभव, जाहिर तौर पर उन्होंने कई वर्षों तक आईपीएल में खेला है, वह लंबे समय से चेन्नई टीम के साथ हैं, इसलिए मुझे लगता है कि हमने देखा है कि वह इन परिस्थितियों में कितने अनुकूलनीय हैं। वह स्पष्ट रूप से गेंद को टर्न करा सकता है और उसे स्पष्ट रूप से काफी उछाल भी मिल रहा है, जो उसे वास्तव में खतरनाक बनाता है।



न्यूजीलैंड के कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह इस टूर्नामेंट में अब तक हमारे लिए शानदार रहा है और मुझे यकीन है कि कल भी कुछ अलग नहीं होगा। और जैसा कि मैंने कहा कि उसने कुछ मैचों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि वह इसे दोहराने की कोशिश करेगा। सेंटनर को टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में जिस चीज ने मदद की है, वह भारतीय परिस्थितियों में खेलने और आईपीएल के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए जो भी प्रदर्शन करने में कामयाब रहे हैं, उसमें विभिन्न परिस्थितियों में खुद को ढालने का अनुभव है।

जब न्यूजीलैंड ने हाल ही में चेपॉक में अफगानिस्तान को हराया था, तो सेंटनर को भीड़ के जोरदार समर्थन से खुशी हुई थी क्योंकि उन्होंने हशमतुल्लाह शाहिदी को आउट करने के लिए शॉर्ट मिडविकेट पर एक हाथ से सनसनीखेज कैच लेने के अलावा 39 रन देकर 3 विकेट लिए थे। लैथम ने उम्मीद जताई कि सैंटनर और अन्य सदस्यों के आईपीएल अनुभव धर्मशाला में भारत से निपटने में मदद करेंगे।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, फिर से उनका अनुभव किसी से पीछे नहीं है। जाहिर है, लंबे समय तक चेन्नई के साथ रहने के कारण, हमें जाहिर तौर पर अन्य लोग भी मिले हैं जिन्होंने कई वर्षों तक आईपीएल का अनुभव किया है। इसलिए, उस अनुभव पर निर्भर रहना वास्तव में महत्वपूर्ण है। हमने यहां धर्मशाला में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। दोस्तों ने बहुत अधिक नहीं खेला है, इसलिए हमारे लिए जितनी जल्दी हो सके परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करना वास्तव में महत्वपूर्ण होने वाला है।